You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-216 ❑ मंगलवार, 09 सितम्बर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12




प्राचीन काल में भारत ने अध्यात्म और व्यापार दोनों में विश्व का नेतृत्व किया था। भारत को एक बार फिर ज्ञान और व्यापार का अग्रणी केंद्र बनाना सभी नागरिकों का संकल्प होना चाहिए।

द्रौपदी मुर्मु


सशस्त्र सेनाओं के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे मोदी 11

कानून व्यवस्था और जनसुविधाओं पर फोकस करें अधिकारी, मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश 12


# सभी विश्वविद्यालयों व कॉलेजों में मान्यता और प्रवेश की होगी जांच

## प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सीएम योगी ने दिए आदेश

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों की मान्यता व प्रवेश प्रक्रिया की गहन जांच के आदेश दिए हैं।

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद अब प्रत्येक मण्डलायुक्त अपने-अपने मण्डल के तहत आने वाले सभी जनपदों में विशेष जांच टीम गठित करेंगे। इन टीमों में एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, एक पुलिस विभाग का अधिकारी और एक शिक्षा विभाग का अधिकारी अनिवार्य रूप से शामिल होगा। यह टीम जमीनी स्तर पर जांच कर संस्थानों की मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया की हकीकत सामने लाएगी। जांच के दौरान प्रत्येक शैक्षणिक संस्था से शपथ पत्र लिया जाएगा। इसमें यह स्पष्ट करना होगा कि संस्थान केवल उन्हीं कोर्सों का संचालन कर रहा है, जिन्हें नियामक निकाय, विश्वविद्यालय या बोर्ड से मान्यता प्राप्त है। इसके साथ ही, संचालित सभी कोर्स की सूची और उनके मान्यता-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि किसी भी छात्र का दाखिला बिना मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम में नहीं होना चाहिए। अगर जांच में किसी संस्थान में अवैध प्रवेश या बिना मान्यता के कोर्स



संचालित पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं, ऐसे संस्थानों को छात्रों से लिया गया सम्पूर्ण शुल्क ब्याज सहित वापस करना होगा। सरकार ने साफ कर दिया है कि छात्रों का भविष्य किसी भी हाल में दांव पर नहीं लगाया जाएगा। जांच प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। प्रत्येक जनपद स्तर पर जांच पूरी कर 15 दिनों के भीतर शासन को समेकित रिपोर्ट भेजना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यह कार्यवाही सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य और शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़ा संवेदनशील मुद्दा है। जांच की पूरी प्रक्रिया पर मंडलायुक्त प्रत्यक्ष निगरानी रखेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में संचालित विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में अव्यवस्थाओं और समस्याओं को लेकर बीती रात रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात की थी। प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला, पूर्वी क्षेत्र संगठन मंत्री घनश्याम शाही, पश्चिमी क्षेत्र संगठन मंत्री मनोज निखरा व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सृष्टि सिंह शामिल रहे। इस दौरान उच्चा शिक्षा प्रणाली में आ रही अभ्यार्थियों की समस्याओं को रखा और उनमें सुधार की मांग की। सीएम योगी ने प्रदेश की सभी संचालित विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में जांच के आदेश को इसी क्रम में देखा जा रहा है।

### शैक्षिक संस्थानों में अनियमितता और अवैध प्रवेश पर देना होगा छात्र को ब्याज सहित शुल्क : उच्च शिक्षा मंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सोमवार को एक बयान जारी करते हुए बताया कि बाराबंकी के रामस्वरूप विश्वविद्यालय प्रकरण के बाद कई अनियमितताएं सामने आईं, जिन्हें लेकर योगी सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। मंत्री ने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर एक विशेष समिति गठित की गई है, जिसमें वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी शामिल होंगे। यह समिति प्रत्येक निजी विश्वविद्यालय और महाविद्यालय से शपथ पत्र लेगी, जिसमें यह बताना होगा कि ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### ऑनलाइन गेमिंग के खिलाफ दायर याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट स्थानांतरित

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम 2025 के खिलाफ विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं को सोमवार को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित कर दिया। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार की गुहार स्वीकार करते हुए दिल्ली, कर्नाटक और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं को स्थानांतरित करने का आदेश पारित किया। पीठ ने संबंधित उच्च न्यायालयों को सभी अंतरिम आवेदनों सहित संपूर्ण रिकॉर्ड एक सप्ताह के भीतर स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता (केंद्र सरकार की ओर से) और याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सी ए सुंदरम और अरविंद दातार की दलीलें सुनने के बाद कहा, ''समय बचाने के लिए यह स्थानांतरण डिजिटल रूप से किया जाए।''

### कुलगाम मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गये, एक जेसीओ घायल

**श्रीनगर।** जम्मू -कश्मीर के कुलगाम जिले में सोमवार को एक मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गये और एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) घायल हो गया है। भारतीय सेना ने यह जानकारी दी है। सेना ने बताया कि जम्मू- कश्मीर पुलिस की ओर से दी गयी विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर कुलगाम के गुद्दर वन क्षेत्र में सेना, सीआरपीएफ और पुलिस ने एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा, सतर्क जवानों ने संदिग्ध गतिविधि देखकर आतंकवादियों को ललकारा, जिस पर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद दोनों ओर से भीषण गोलीबारी शुरू हो गयी, जिसमें दो आतंकवादी मारे गये और एक जूनियर कमीशन अधिकारी घायल हो गया। दोनों आतंकवादियों की पहचान की जा रही है। सेना ने कहा कि घायल जवान को जरूरी चिकित्सा सुविधा के लिये चिकित्सा केन्द्र भेज दिया गया है। यह अभियान अभी भी जारी है।

### राजनीतिक दलों के प्रचार-एसएमएस की स्वीकृति-अस्वीकृति में हमारी भूमिका नहीं :ट्राई

**नयी दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ( ट्राई ) ने सोमवार को कहा कि व्यक्तिगत एसएमएस संदेश टेम्पलेट को स्वीकृत या अस्वीकार करने का कार्य दूरसंचार सेवा प्रदाता (टीएसपी) कंपनियों द्वारा किया जाता है और इसमें ट्राई की कोई सीधी भूमिका नहीं है।

ट्राई ने महाराष्ट्र में एक राजनैतिक दल के कार्यकर्ताओं को प्रचार के संबंध में एसएमएस भेजने के आवेदन को अस्वीकार करने से जुड़ी मीडिया रिपोर्टों का स्वतः सज्ञान लेते हुए एक स्पष्टीकरण जारी किया है।

## नेपाल में सोशल मीडिया बैन के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन

# गोलीबारी में 20 प्रदर्शनकारियों की मौत, गृह मंत्री का इस्तीफा

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल में भ्रष्टाचार और सरकार के सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ सोमवार देश के कई इलाकों में प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारियों पर पुलिस गोलीबारी में कम से कम 20 युवाओं की मौत हो गयी और करीब साढ़े तीन सौ लोग घायल हो गये।

नेपाली मीडिया के अनुसार काठमांडू घाटी में 17 और इटाहारी में दो प्रदर्शनकारियों की मौत हो गयी। एक अन्य प्रदर्शनकारी की मौत होने की खबर है। घायलों की संख्या अभी भी अनिश्चित है, क्योंकि मामलों की संख्या बहुत ज़्यादा है, हालांकि माना जा रहा है कि यह आंकड़ा 350 से ज़्यादा का हो सकता है। घायलों में कम से कम 10 युवाओं की हालत नाजुक बनी हुई है।

इससे पहले सोमवार दोपहर में भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हालिया प्रतिबंध के खिलाफ काठमांडू, पोखरा, बुटवल, भैरहवा, भरतपुर, इटाहारी और दमक सहित विभिन्न शहरों में युवा सड़कों पर उतर आये। काठमांडू में प्रदर्शनकारी संघीय संसद परिसर में घुस गये। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेड तोड़कर और गेट फांदकर संघीय संसद परिसर में धावा बोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने पहले शांतिपूर्ण रहने की बात कही थी, पर मौके पर हालात बिगड़ गये। पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया, लेकिन बाद में उनको गोली चला कर प्रदर्शनकारियों को वहां से भगाना पड़ा। देश में बढ़े तनाव के बीच गृह मंत्री रमेश लेखक ने घटनाक्रम की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुये कंग्रेस की बैठक में ही अपना इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया और मीटिंग छोड़ कर चले गये। घायलों में जेनरेशन ज़ेड के प्रदर्शनकारी, सुरक्षाकर्मी और पत्रकार शामिल हैं। इस घटना में सैकड़ों प्रदर्शनकारी, पत्रकार और सुरक्षाकर्मी भी घायल हुये हैं और राजधानी के विभिन्न अस्पतालों में उनका इलाज चल रहा है। स्थिति बिगड़ने के बाद काठमांडू घाटी में कई जगहों, पोखरा, इटाहारी (सुनसारी), बुटवल-भाईरहावा (रूपनदेई) में कहीं-कहीं और सीमित अवधि का कर्फ्यू लगाया गया है। इन प्रदर्शनकारियों को जेनरेशन जेड या जेन-ज़ी के नाम से जाना जा रहा है। जेनरेशन ज़ेड पीढ़ी यानी वे लोग जिनका जन्म वर्ष 1997 से वर्ष 2012 के बीच हुआ है। ये लोग देश में ● शेष पेज 11 पर



### नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी

**बलरामपुर।** पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में ओली सरकार द्वारा फ़ेसबुक यूट्यूब समेत अन्य सोशल साइट्स पर लगाये गये प्रतिबंध के विरोध में जेन जेड युवाओं द्वारा किये जा रहे प्रदर्शन के बाद पैदा हुये ख़राब हालात के मद्देनजर देवीपाटन मंडल की इंडो नेपाल सीमा पर सीमा सुरक्षा एजेंसियों की चौकसी बढ़ा दी गयी हैं। देवीपाटन परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक ने सोमवार को बताया कि मंडल के बहराइच की 98.5 किलोमीटर, श्रावस्ती की 51 और बलरामपुर जिले की 94.5 किलोमीटर खुली सीमाओं को मिलाकर कुल 243 खुली सीमायें हैं इनमें मुख्य रूप से 452 वर्गकिलोमीटर फैले सोहेलवा वन्य क्षेत्र के दुर्गम रास्ते ,पगडंडियां और सड़क मार्ग संग गैर परम्परागत रास्ते भी हैं। इसके अलावा बलरामपुर-बढ़नी,बलरामपुर-कोयलाबासा सड़क मार्ग जिले के गैसडी, जरवा, ललिया, तुलसीपुर और हरैया समेत पांच थाना क्षेत्रों से होकर नेपाल बार्डर के समानांतर सड़कें गुजरती हैं जबकि रेलगाडियां भी आनंदनगर-बढ़नी,गोण्डा-बढ़नी रेल प्रखंडों पर नेपाल से सटे रेलवे स्टेशनों तक संचालित हैं। उन्होंने बताया कि नेपाल व भारत के मध्य रोटी-बेटी के मैत्री सम्बन्धों का लाभ उठाकर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई काफी आसान तरीके से सीमावर्ती परिवारों से घुलमिल कर उनके जरिये चोरी छिपे ● शेष पेज 11 पर

# उपराष्ट्रपति का चुनाव आज

## निर्णय संसद के 781 सदस्यों के हाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश के नये उपराष्ट्रपति का चुनाव निर्वाचक मंडल के वर्तमान 781 सदस्यों के हाथ में है जो इस पद के लिए मंगलवार को होने वाले मतदान में सत्तारूढ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन और इंडिया गठंबधन के उम्मीदवार न्यायमूर्ति बी सुदर्शन रेड्डी के भाग्य का निर्णय करेंगे।

संविधान के अनुच्छेद 66(1) के अनुसार, भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य, राज्यसभा के मनोनीत सदस्य और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं।राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति चुनाव अधिनियम, 1952 की धारा 4 की उप-धारा (4) और (1) के अंतर्गत, चुनाव आयोग ने सात अगस्त को अधिसूचना जारी की थी। लोकसभा की कुल सदस्य संख्या 543 हैं लेकिन इस समय एक सीट खाली होने की वजह से इस सदन के 542 सदस्यों नाम निर्वाचक मंडल में शामिल हैं। दूसरे सदन राज्यसभा में कुल सदस्य संख्या 245 हैं लेकिन वहां छह सीटें खाली हैं और वहां से 239 सदस्य ही वोट कर सकते हैं। इस तरह उप राष्ट्रपति पद के 17वें चुनाव में मतदान के पात्र सदस्यों की कुल मौजूदा संख्या 781 है और किसी भी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 391 वोटों की ● शेष पेज 11 पर



### मऊ से विधायक अब्बास अंसारी की विधायकी बहाल

लखनऊ। माफिया मुख्तार अंसारी के बड़े बेटे और मऊ से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक रहे अब्बास अंसारी की विधानसभा की सदस्यता बहाल कर दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे ने उनकी सदस्यता बहाली का आदेश जारी कर दिया। बता दें कि मऊ से विधायक अब्बास अंसारी को स्थानीय अदालत ने बीती 31 मई को फौजदारी के मुकदमे में दो वर्ष की सजा सुनाई थी, जिसके बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। वहीं अब्बास ने स्थानीय अदालत के फैसले पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दाखिल की थी, जिसके बाद न्यायालय द्वारा उनकी सजा को निलंबित करने का आदेश दिया गया था। हाईकोर्ट द्वारा बीती 20 अगस्त को दिए गए आदेश के अनुपालन में विधानसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता बहाली की ● शेष पेज 11 पर

# आधार पहचान का प्रमाण नागरिकता का नहीं

❑ सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा- इसे 12वां दस्तावेज माना जाए



एजेंसी

नई दिल्ली। बिहार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि आधार, मतदाता सूची के लिए वैध पहचान पत्र है, लेकिन इसे नागरिकता का सबूत नहीं माना जा सकता। सोमवार को बिहार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वे आधार कार्ड को 12वां दस्तावेज मानें ताकि मतदाता वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने के लिए आधार कार्ड को भी पेश कर सकें।

चुनाव आयोग पहले ही 11 दस्तावेजों की सूची जारी कर चुका है, जिन्हें दिखाकर मतदाता, वोटर लिस्ट में अपना नाम शामिल कर सकते हैं। पहले इन दस्तावेजों में आधार कार्ड शामिल नहीं था, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने आधार कार्ड को बतौर 12वां दस्तावेज मानने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से अपने सभी अधिकारियों को निर्देश जारी करने को भी कहा है ताकि आधार कार्ड को स्वीकार किया जा सके। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि आधार कार्ड को नागरिकता का सबूत नहीं माना जा सकता। ● शेष पेज 11 पर

# बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री मानवीय संवेदना की महत्वपूर्ण कड़ी : सीएम

❑ योगी ने बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए राहत सामग्री से भरे ट्रकों को दिखाई हरी झंडी

एजेंसी

सहारनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर से उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पंजाब के बाढ़ प्रभावित नागरिकों के लिए राहत सामग्री से लदे 48 ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सरोवर पोर्टिको, अंबाला रोड पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि राहत सामग्री मानवीय संवेदना की महत्वपूर्ण कड़ी है। संकट की इस घड़ी में उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता इन तीनों राज्यों के अपने बहन-भाइयों के साथ खड़ी है। इस दौरान सीएम योगी ने इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश को पांच-पांच करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि भी प्रदान की गई।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से राहत सामग्री के रूप में उत्तराखंड, हिमाचल और पंजाब के नागरिकों के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चल रहे 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के विजन का जिक्र करते हुए कहा कि विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित हो रहे हैं, साथ ही आपदा से निपटने के लिए सरकार के प्रयास अत्यंत प्रभावी साबित हो रहे हैं। एनडीआरएफ, आपदा मित्र और स्थानीय पुलिस जैसी संस्थाएं सक्रिय होकर राहत कार्य में अपनी भूमिका निभाती हैं। सीएम योगी ने कहा कि जब समाज और स्वयंसेवी संगठन पीड़ितों के साथ खड़े हो जाते हैं, तो सरकार के प्रयासों को और मजबूती मिलती है। उत्तर प्रदेश में बाढ़ को सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए योगी ने कहा कि इस वर्ष अभी तक राज्य इस आपदा से बचा हुआ है, हालांकि निचले स्तर पर जल-भराव हुआ है। व्यापक पैमाने पर बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने के लिए समय पर किए गए प्रावधानों का ● शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री योगी ने 1112 कनिष्ठ सहायक व 22 एक्सरे टेक्नीशियन को दिया नियुक्ति पत्र

# एक परिवार के लोग पैसा लेकर भर्ती करते थे और जनता को लूटते थे : सीएम

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 1112 कनिष्ठ सहायक व 22 एक्सरे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 2016 समेत पहले की भर्ती प्रक्रियाओं पर निशाना साधते हुए कहा कि हमें कई भर्तियों को सीबीआई को देना पड़ा था।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एक व्यक्ति आठ-आठ जगह नाम लिखाकर पैसा लिए जा रहा था, जब जांच हुई तब पता चला। यह एक परिवार के वही लोग हैं, जो पैसा लेकर भर्ती करते थे और यूपी की जनता को लूटते थे। अभी भी जांच चल रही है। समय पर जांच हो जाएगी तो महाभारत के बहुत रिश्ते बाकी का जीवन जेल में बिताने को मजबूर होंगे। उनके कारनामे यूपी को



विकास की बुलंदियों को छूने की बजाय गर्त की ओर धकेल रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इन लोगों ने यूपी को बीमारू बना दिया। इससे पहचान का संकट हो गया। नौजवान को नौकरी नहीं, बेटी असुरक्षित, व्यापारी असहाय, किसान आत्महत्या को मजबूर होता था। परंपरागत उद्यम बंदी के कगार पर जा रहे थे। अराजकता का वातावरण था। त्योहारों से पहले दंगे शुरू हो जाते थे, लेकिन 8 वर्ष से हर जनपद, समुदाय और व्यक्ति उत्साह व उमंग के साथ त्योहारों में सहभागी बनता है। आज सामाजिक सौहार्द भी है, जो राष्ट्रीय एकता को संबल देता है। लोगों का उत्साह व उमंग यूपी के विकास का जज्बा लेकर आगे बढ़ाने में भी बड़ी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब पारदर्शी प्रक्रिया समय पर शुरू और संपन्न होती है। 8 वर्ष में 2. 19 लाख पुलिसकार्मिकों की भर्ती हुई है। हाल में ही 60,244 पुलिस कार्मिकों की भी भर्ती भी हुई। पहली बार जब हमारी सरकार ने पुलिस भर्ती प्रारंभ की थी तो ट्रेनिंग की समस्या खड़ी हुई। भर्ती 50 हजार की निकाली, लेकिन हमारे पास ट्रेनिंग सेंटर नहीं थे। जब रिव्यू किया तो पता चला कि केवल तीन हजार कार्मिकों की ही ट्रेनिंग एक साथ हो सकती है। तब मिलिट्री, पैरा मिलिट्री, अन्य राज्यों के ट्रेनिंग सेटर लेकर किसी प्रकार प्रशिक्षण पूरा कर पाए। इस बार 60,244 पुलिस ● शेष पेज 11 पर

# आईजीआरएस रैंकिंग में सुधार हेतु जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

### लापरवाह अधिकारियों को मिली कार्य में सुधार लाने की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । आईजीआरएस (जन शिकायत निवारण प्रणाली) रैंकिंग में सुधार के उद्देश्य से रविवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की परफॉर्मेंस की विभागवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के प्रति सख्त रुख अपनाया।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही, असंतोषजनक फीडबैक और शिकायतकर्ताओं से संवाद न करना कतई स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने समीक्षा के दौरान कई अधिकारियों के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि, कारण बताओ नोटिस तथा शासन को अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु पत्र प्रेषण के निर्देश जारी किए।

बैठक में उप जिलाधिकारी फूलपुर दिग्विजय सिंह एवं सोरांव के एसडीएम हीरालाल सैनी को प्रतिकूल प्रविष्टि। एसडीएम मेजा, बारा, और तहसीलदार मेजा, फूलपुर, सोरांव को कारण बताओ नोटिस। अधिशासी अभियंता विद्युत अमर सिंह, सिंचाई विभाग के एस.पी. चौधरी, जल निगम के प्रवीण कुट्टी सहित 9 जिला स्तरीय अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु शासन को पत्र भेजा जाएगा। खंड विकास अधिकारी और सहायक खंड विकास अधिकारी सहित नगर पंचायतों व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मध्यावधि प्रतिकूल प्रविष्टि।

### जिलाधिकारी ने दी सख्त चेतावनी

बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, साथ ही शिकायतकर्ताओं से संवाद भी बनाए रखें।

## सोरांव में पिता ने कुल्हाड़ी से की बेटे की हत्या , इलाके में सनसनी

प्रयागराज । जिले के गंगापार स्थित सोरांव थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पिता ने अपने ही बेटे की निर्मम हत्या कर दी। आरोपी संतलाल ने अपने बेटे विनोद कुमार पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इसके घटना को लेकर गांव में हडकम्प मच गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। वही हत्या के मामले को लेकर गांव मे तरह तरह की चर्चाएं है। वहीं पुलिस का कहना है कि घटना के पीछे पारिवारिक विवाद या अन्य कारण हो सकते हैं, जिसकी जांच की जा रही है। मृतक विनोद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है और आरोपी पिता को हिरासत में लिया गया है। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई और इलाके में सनसनी फैल गई है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और हर पहलू से मामले की जांच की जाएगी।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट में दो नए न्यायाधीशों ने ली शपथ, अब कुल 86 जज कार्यरत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को दो नए न्यायाधीशों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। न्यायमूर्ति अमिताभ राय और न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ल ने मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली के न्याय कक्ष में आयोजित समारोह में अपने पद की शपथ ग्रहण की।शपथ ग्रहण समारोह के दौरान हाईकोर्ट के सभी न्यायमूर्तिगण, वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। नए न्यायाधीशों की नियुक्ति के साथ ही अब इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यरत न्यायाधीशों की कुल संख्या 86 हो गई है।गौरतलब है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायमूर्तियों के लिए कुल 160 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से अभी भी 74 पद रिक्त हैं। इन नियुक्तियों से न्यायिक कार्यों के निष्पादन में अपेक्षित तेजी आने की उम्मीद है।न्यायमूर्ति अमिताभ राय और न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ल दोनों ही न्यायिक सेवा में व्यापक अनुभव रखते हैं और विभिन्न स्तरों पर उल्लेखनीय योगदान दे चुके हैं।न्यायिक क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि न्यायाधीशों की संख्या में बढ़ोतरी से लंबित मामलों के त्वरित निपटान में मदद मिलेगी और आम जनता को न्याय मिलने की प्रक्रिया में सुधार आएगा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



मलिहाबाद/लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। आम जनमानस की समस्याओं के गुडवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे कुल 178 शिकायती पत्र में 35 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायती पत्रों के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गये है। सोमवार को मलिहाबाद तहसील में आयोजित हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में मलिहाबाद के ग्राम हसनापुर के मौजूदा ग्राम प्रधान पर किसान मज़दूर एकता संघठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद शकील ने शौचालय, हैंडपम्प रिबोर सहित अन्य विकास कार्यों मे रुपये की बंदरबाट करने सहित भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। मलिहाबाद कस्बा मिर्ज़ागंज निवासी अधिवक्ता शाहबाज़ खांन उर्फ़ ईशु नें मलिहाबाद तहसील परिसर स्थित वर्षो से बंद पड़ी सरकारी कैंटीन को पुनः खुलवाने की मांग की है। ककरहिया खेड़ा गांव महिला सुधा ने जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए 4 सौ रुपए लेने व कई दिनों से दौड़ाने का आरोप लगाते हुए डीएम को प्रार्थना पत्र दिया। सुधा ने बताया कि उनकी शादी संडीला से हुई है लेकिन परिवार में अकेले होने के कारण वह अपने मायके ककरहिया खेड़ा में ही रह रही है सभी दस्तावेज भी मायके के ही हैं । दस अगस्त आवेदन कराया था जो कि निरस्त कर दिया गया। लेखपाल से मिले तो उन्होंने चार सौ रुपए लिए और संडीला से जाती लिखवा कर लाने की बात कही। वहां से लिखा कर लाने के बाद ऑनलाइन कराया लेकिन नहीं बनाया गया। डीएम विशाख जी ने जाति प्रमाण बनाए जाने में आरोपों की जांच के लिए एसडीएम को निर्देशित किया। वही ग्राम हसनगंज पारा भदराही निवासी राम औतार ने हल्का लेखपाल पर हवाई तरीके से नोटिस भेज कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए बताया कि भूमि गाटा संख्या 463 बंजार श्रेणी की भूमि है इसी भूमि पर एकमात्र मकान बना कर परिवार रहे हैं। अवैध कब्जदार आवासीय पत्र है। 2012 के पूर्व से काबिज़ है । पत्रावली उप जिलाधिकारी के न्यायालय में कार्रवाई हेतु प्रेषित है जबकि हल्का लेखपाल मनमानी ढंग से उसको बेदखली करने के लिए घर में घुसकर मुझे परिवार को धमका रहे हैं।मकान खाली कर दो नहीं तो जेसीबी से मकान गिरा दिया जाएगा।

### सेवा पखवाड़ा को लेकर बीकेटी में बीजेपी की कार्यशाला



बीकेटी,लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी लखनऊ जिला की सेवा पखवाड़ा को लेकर बख्शी तालाब के श्रीपति लान में कार्यशाला का आयोजन सोमवार को किया गया,कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय मौर्य द्वारा की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लखनऊ जिले के प्रभारी त्रयंबक त्रिपाठी उपस्थित रहे।कार्यशाला को संबोधित करते हुए त्रयंबक त्रिपाठी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक बूथों पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को बूथों पर सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों की साफ सफाई की जाएगी वहीं जिला स्तर पर रक्तदान शिविर लगाकर रक्तदान किया जाएगा और 17 सितंबर को ही सामुदायिक स्वास्थ्य केदो पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा और स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सजीव प्रसारण भी सुना जाएगा,आगे उन्होंने कहा कि 18 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा और 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मंडल स्तर पर कार्यकर्ता रक्तदान शिविर लगाकर रक्तदान करेंगे वही 25 सितंबर को अंत्योदय के जनक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बूथों पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम होंगे जिसमें कार्यकर्ता बूथ पर एक पेड़ मां के नाम लगाने के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण और बूथ पर कार्यकर्ता के घर भोजन करेंगे वही पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी विषय पर एक जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा,2 अक्टूबर को बूथों पर स्वच्छता अभियान चलाकर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर खादी वस्तुओं की खरीद एवं खादी के प्रोत्साहन के लिए प्रचार प्रसार किया जाएगा।कार्यशाला में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए अपने विचार रखें।इस अवसर पर पूर्व प्रदेश मंत्री वीरेंद्र तिवारी,जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी,श्री कृष्णा लोधी,पूर्व विधायक चंद्रा रावत,क्षेत्रीय मंत्री विकास सिंह,सेवा पखवाड़ा के संयोजक अरविंद संयोजक एवं सहसंयोजक एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### बिजली विभाग का छापा, 8 पर एफआईआर दर्ज

लखनऊ। सोमवार को लखनऊ मध्य क्षेत्र के चौक मंडल में बिजली चोरी को रोकने के लिए बिजली विभाग ने व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। इस अभियान में चौक डिवीज़न के नादान महल रोड उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्रों बिल्लोच पूरा, व कटरा आज़म बेग में विद्युत विभाग की टीम ने जब सुबह तड़के शुरू किए गए इस अभियान में कटिया डालकर और मीटर बायपास कर अवैध रूप से बिजली उपयोग करने वालों पर शिकंजा कसा तो 16 कनेक्शनो की चेकिंग के दौरान 8 लोगों को लगभग 16.39 किलोवाट तक की बिजली चोरी करते हुए पाया गया। पकड़े गए उपभोक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और उनके बिजली कनेक्शन तत्काल प्रभाव से काट दिए गए हैं। ये छापेमारी लखनऊ सेंट्रल जोन के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के आदेश पर चौक मण्डल के अधीक्षण अभियंता रमेश चन्द्र पाण्डेय द्वारा गठित टीम द्वारा मिलकर की गयी थी। जिसमें अधिशासी अभियंता रमन वासुमित्रा व उपखंड अधिकारी तथा अवर अभियंता तथा अन्य विभागीय लोग शामिल थे। अधीक्षण अभियंता रमेश चन्द्र पाण्डेय ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल बिजली चोरी को रोकना है, बल्कि लोगों को वैध कनेक्शन लेने के लिए जागरूक करना भी है। उन्होंने कहा हम नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाते रहेंगे। बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उनसे जुर्माना भी वसूला जाएगा।

## चिनहट में फुटपाथ और सड़क तक कब्जा कर बन रहे पक्के निर्माण, जिम्मेदार मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । लखनऊ विकास प्राधिकरण और नगर निगम की लापरवाही के चलते जोन चार के चिनहट वार्ड में नालों को पाट कर लोग तीन मंजिला भवन का निर्माण धड़ल्ले के साथ कर रहे है। हालात यह है कि चिनहट वार्ड प्रथम के सतरिख रोड जो वार्ड का मुख्य सतरिख मार्ग है, पर पुराने भवन को तोड़ कर नये भवन का निर्माण कर रहे है नये निर्माण के दौरान भवन स्वामी कस्बे के मुख्य नाले को पाट कर कई मंजिले भवन बना लिये है। हालांकि इस मामले जिम्मेदारों को कई बार सूचित किया गया है लेकिन अतिक्रमण कारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने के बजाये जिम्मेदार मौन धारण किये है। बीते कुछ माह पूर्व चिनहट में आयुक्त रोशन जैकब और एलडीए व नगर निगम के अधिकरियों ने यहां का निरीक्षण किया था जिसमे तिराहे से लेकर कस्बे के सतरिख रोड पर हुए अवैध निर्माण को तोड़ने का निर्देश भी दिया था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई। जिसका परिणाम यह है कि यहां लोगों ने सड़क पटरियों और नालों को पाट कर भवन निर्माण करने का सिलसिला निरन्तर जारी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी तरह से अवैध निर्माण होता रहा है यहां की सड़क भी अवैध निर्माण की भेंट चढ़ जायेगी और लोग विभागीय जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा यहां के लोगों को भुगतना पड़ेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां अवैध कब्जे का सिलसिला इस कदर बढ़ रहा है कि दो चार पहिया वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया है यहीं नहीं यहां लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दिन कस्बे के मुख्य मार्ग पर आवाजाही पूरी तरह ठप हो जाता है। मजे की बात यह है कि साप्ताहिक बाजार में आने वाले लोगों का भी पैदल चलना दुस्वार हो जाता है। इसके अलावा सतरिख रोड की ओर जाने वाले भी वाहन सवार घंटों जाम में फंसे रहते है। उपर से कस्बे में पुराने भवनों को तोड़कर नये भवन सड़क तक बढ़ा कर बना रहे है जिससे कस्बे का मुख्य नाला पटता जा रहा है साथ ही बारिश के दिनों में यहां घुटनों तक पानी भर जाता है। अतिक्रमण की समस्या से जिलाधिकारी और मण्डलायुक्त से कई बार अवगत कराया गया है लेकिन कार्रवाई के नाम पर अभी तक कुछ नहीं हुआ। जिसका परिणाम कस्बे का मुख्य मार्ग साल दर साल सकरा होता जा रहा है।

## समर्थ उत्तर प्रदेश–विकसित उत्तर प्रदेश–2047

### अभियान के लिए कार्यशालाओं की तैयारियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में प्रस्तावित ल्लसमर्थ उत्तर प्रदेशऽविकसित उत्तर प्रदेश अ2047ङ्क जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाली कार्यशालाओं की तैयारियों को लेकर सोमवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

सीडीओ ने जनपद में नामित नोडल अधिकारी एवं उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री संजय आर. भूसरेड्डी के नेतृत्व में 9 व 10 सितंबर को आयोजित होने वाले संवाद एवं कार्यशाला कार्यक्रम की तैयारियों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।कार्यक्रम का विवरणः9 सितंबर 2025पूर्वान्ह 10:30 बजेः मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज, तेलियरगंजअपरान्ह 03:00 बजेः इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन हॉल10 सितंबर 2025पूर्वान्ह 10:30 बजेः संगम सभागार, कलेक्ट्रेटअपरान्ह 12:30 बजेः सरस सभागार, विकास भवनअपरान्ह 03:30 बजेः कृषि विज्ञान केंद्र, नैनीइन संवादों में छात्र, शिक्षक, व्यवसायी, उद्यमी, कृषक, स्वयंसेवी संगठन, श्रमिक संगठन, मीडिया और आमजन जैसे लक्षित समूहों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश की विगत 8 वर्षों की विकास यात्रा से लोगों को अवगत कराना, 2047 तक उत्तर प्रदेश के विकास के लिए रोडमैप पर सुझाव लेना और विजन डॉक्यूमेंट हेतु फीडबैक प्राप्त करना है।

मुख्य विकास अधिकारी के साथ बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजश्व ने पुलिस के सहयोग से साजी गांव में चकमार्ग पर हुआ अतिक्रमण हटवाया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरावं, प्रयागराज। कोरावं तहसील के साजी गांव में चकमार्ग संख्या 142 पर हो रहे कब्जे को राजस्व टीम और पुलिस की मौजूदगी में हटवा दिया गया है। इस मामले में साजी गांव के राधेश्याम यादव ने तहसील में शिकायत दर्ज कराई थी कि राकेश यादव द्वारा चकमार्ग पर इंटरलॉकिंग की सड़क पर सीढ़ी बनाकर कब्जा किया जा रहा था।तहसील अधिकारियों ने शिकायत का संज्ञान लेकर क्षेत्रीय लेखपाल राघवेंद्र सिंह यादव और थाना कोराव से उपनिरीक्षक सेवा लाल, शिव शंकर और पुलिस कांस्टेबल के सहयोग से कब्जा जेसीबी की मदद से चकमार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।अब चकमार्ग पर अतिक्रमण नहीं है और मार्ग को साफ कर दिया गया है। इस कार्यवाही न्याय मिलने से शिकायतकर्ता ने राजश्व व पुलिस के सहयोग की सराहना की

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

### लम्बित मामलों और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जिलाधिकारी का सख्त निर्देश

### समाधान दिवस में कुल 169 प्रकरण सुनवाई के लिए आए, जिनमें से 43 का मौके पर निस्तारण किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी शिकायतों की जमीनी स्तर पर जांच कर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस में कुल 169 प्रकरण सुनवाई के लिए आए, जिनमें से 43 का मौके पर निस्तारण किया गया। लंबित मामलों के लिए जिलाधिकारी ने निर्धारित समयसीमा के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए।महत्वपूर्ण प्रकरणों में, धारा 32/38 भू-राजस्व संहिता से जुड़ी शिकायत पर लेखपाल महेन्द्र प्रताप सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई, वहीं वरासत प्रकरणों में लापरवाही पर लेखपाल महेश मिश्रा के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।इसके अलावा, भू-माफिया कब्जा मामले में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर और एसीपी को संयुक्त जांच कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनिमेष वर्मा, उपजिलाधिकारी अभिषेक सिंह, तहसीलदार सदर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान यूनियन प्रयाग की पदयात्रा लखनऊ के लिए रवाना

### मुख्यमंत्री से मिलकर उठाएंगे किसानों की आवाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । किसानों की समस्याओं और मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन प्रयाग के नेतृत्व में एक पदयात्रा की शुरुआत आज प्रयागराज से हुई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष के.के. मिश्रा और जिला उपाध्यक्ष पांडे के नेतृत्व में यह यात्रा नए पुल से प्रस्थान कर लखनऊ की ओर अग्रसर है।

यात्रा का उद्देश्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर किसानों की जमीनी समस्याओं को सीधे तौर पर उनके संज्ञान में लाना है। यूनियन ने यह स्पष्ट किया है कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीकों से किया जा रहा है।मुख्य बिंदुःपदयात्रा में दर्जनों किसानों की भागीदारीप्रयागराज से लखनऊ तक चरणबद्ध यात्रासंगठन के बैनर तले चल रही यह पदयात्रा किसानों की हक की आवाज़ को शासन तक पहुंचाने का प्रयासप्रशासन द्वारा यात्रा पर नजर बनाए रखी जा रही है, सुरक्षा व्यवस्था सामान्यके.के. मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष, ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा,''हमारा उद्देश्य किसी टकराव का नहीं, बल्कि सरकार को किसानों की वास्तविक स्थिति से अवगत कराना है। हमें विश्वास है कि मुख्यमंत्री स्वयं संवाद के लिए आगे आएंगे।''इस पदयात्रा को लेकर प्रशासन सतर्क है, हालांकि अब तक किसी प्रकार की अव्यवस्था या व्यवधान की सूचना नहीं मिली है। पदयात्रा के अगले पड़ावों और प्रमुख मांगों को लेकर संगठन शीघ्र ही औपचारिक ज्ञापन भी जारी कर सकता है।

## नमामि गंगे मिशन के तहत प्रयागराज में एक्वीफर मैपिंग परियोजना से गंगा को मिलेगा नया जीवन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । नमामि गंगे मिशन के अंतर्गत गंगा नदी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन की दिशा में प्रयागराज में संचालित एक्वीफर मैपिंग एवं जल प्रबंधन परियोजना उल्लेखनीय प्रगति की ओर बढ़ रही है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य गंगा नदी के किनारे जल संचयन की प्रभावी प्रणाली विकसित करना और भूजल स्तर में स्थायीत्व लाना है।परियोजना में स्मार्ट जल प्रबंधन प्रणाली, रिमोट सेंसिंग, ड्रोन तकनीक और भू-स्थानिक आंकड़ों का प्रयोग करते हुए आधुनिक तकनीकी समाधानों के माध्यम से जल पुनर्भरण को सशक्त किया जा रहा है।प्रमुख उपलब्धियाँःवैज्ञानिक अध्ययन में लगभग 200 किमी लंबी, 4 किमी चौड़ी और 15ऽ25 मीटर गहरी दबी हुई प्राचीन नदी की पहचान की गई।यह प्राचीन नदी लगभग 3,500ऽ4,000 मिलियन घन मीटर जल भंडारण क्षमता रखती है।अब तक 150 से अधिक पुनर्भरण स्थल (ख्रइट) चिन्हित किए गए हैं।प्रथम चरण में 20ऽ25 ख्रइट संरचनाएं विकसित की जाएंगी, जिन पर स्वचालित जल-स्तर संकेतक स्थापित किए जाएंगे।परियोजना के तकनीकी पक्षःयह परियोजना उत्तर प्रदेश राज्य भूजल एवं सिंचाई विभाग के सहयोग से संचालित की जा रही है तथा इसमें सीएसआईआर-एनजीआरआई (राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान) की विशेषज्ञ टीम द्वारा वैज्ञानिक निगरानी की जा रही है।प्रस्तावित पुनर्भरण संरचनाओं का आकार 5 मीटरै 5 मीटरै 3 मीटर निर्धारित किया गया है, जिससे प्रभावी भूजल पुनर्भरण संभव हो सकेगा। यह पहल गंगा की अविरलता बनाए रखने और क्षेत्रीय जल संकट के समाधान की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

# निगोहां में कांवरियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ । नगराम मोड़ पर सोमवार को श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम बना , बोल बम बोल कांवरिया मंडल द्वारा बाबा बैजनाथ धाम से लौटे श्रद्धालुओं द्वारा चतुर्थ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से आए हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के आयोजक उत्तम सिंह व शुभम गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष निगोहां से लगभग 200 कांवरियों का मंडल पावन यात्रा पर सुल्तानगंज से रवाना हुआ था। कांवरिया कठिन मार्ग और तपती धूप को सहते हुए लगभग 120 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर बाबा बैजनाथ धाम पहुंचे और कजरी तीज के अवसर पर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। यात्रा केवल पैदल चलने का ही नाम नहीं है, बल्कि यह श्रद्धा और सहनशीलता की कठिन परीक्षा भी है। कांवरिए तपती धूप में नंगे पैर सैकड़ों किलोमीटर चलते हैं, रात भर खुले आसमान के नीचे विश्राम करते हैं थकान, दर्द और कठिनाइयों के बावजूद उनके चेहरों पर केवल भक्ति और उल्लास झलकता है। यात्रा पूर्ण कर लौटने के बाद नगराम मोड़ पर भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सब्जी-पूड़ी, छोला, चावल समेत बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया। हजारों की संख्या में उमड़े भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर स्वयं को धन्य किया।इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष उत्तम सिंह, पिंकू साहू, सौरभ मिश्रा, शुभम सिंह, शुभम गुप्ता, रानू सिंह, ज्ञान सिंह, लवकुश गुप्ता, रंजीत कश्यप, अरविंद तिवारी सहित समस्त भक्तों ने सेवा भाव से आयोजन में योगदान दिया। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने पहुचे स्थानीय श्रद्धालु राजेश मिश्रा ने भावुक होकर कहा कांवर यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि यह हमारे जीवन को सकारात्मक ऊर्जा देने वाली साधना है। वहीं श्रद्धालु सीमा गुप्ता ने कहा भक्तिभाव से किए गए इस भंडारे ने पूरे क्षेत्र का माहौल पावन कर दिया है। प्रसाद पाकर मन को अलौकिक शांति मिली। युवक हिमांचल ने कहा कांवर यात्रा हमें धैर्य, अनुशासन और सेवा का संदेश देती है। इस आयोजन से समाज में एकता और भाईचारे की भावना और प्रबल होती है। निगोहां में आयोजित इस भंडारे ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण को और अधिक पवित्र बना दिया। श्रद्धालु इसे केवल प्रसाद वितरण का आयोजन नहीं, बल्कि भक्ति, सेवा और एकता का उत्सव मानते हैं।

## नगराम: नशामुक्त भारत का संदेश लेकर गांव-गांव पहुंचा प्रचार वाहन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर बोले जब समाज नशामुक्त होगा तभी भारत विकसित बनेगा**

नगराम, लखनऊ । नगराम क्षेत्र में आगामी 19 अक्टूबर को होने वाली नशामुक्त फुल मैराथन पुरुष फार विकसित भारत की तैयारियों को लेकर चल रहा प्रचार वाहन सोमवार को तीसरे दिन समेसी के मजरा रामबक्श खेड़ा पहुंचा। यहां आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि नशा व्यक्ति और परिवार दोनों को बर्बाद कर देता है।उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि मेरा बेटा नशे के कारण असमय दुनिया छोड़ गया, मैं उसे बचा नहीं सका। तभी मैंने संकल्प लिया कि समाज के युवाओं को नशे से बचाने के लिए आंदोलन करूंगा। जब समाज नशामुक्त होगा, तभी भारत वास्तव में विकसित होगा। इसी लक्ष्य के लिए नशामुक्त प्रचार वाहन गांव-गांव जागरूकता फैलाने निकला है।पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि नशामुक्त मैराथन पुरस्कार समर्पण धनराशि पात्र में स्वेच्छा से योगदान करें। ग्रामीणों ने जगह-जगह उत्साहपूर्वक सहयोग भी किया। प्रचार वाहन सोमवार को समेसी, नगराम, अमवा, गढ़ा, असलम नगर, बलसिंग़ खेड़ा, मदारपुर, सल्लाही खेड़ा, करोरा समेत कई गांवों में पहुंचा और नशामुक्त भारत का संदेश दिया।इस अवसर पर समेसी प्रधान अशोक कुमार, गुड्डू पासवान, शुभम रावत, राजकुमार, रमेश, अरविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।19 अक्टूबर को नगराम क्षेत्र में आयोजित होगी नशामुक्त फुल मैराथन, जिसमें हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना।

## अस्थाई रास्ते से नगवा नाला पार कर रही युवती की पानी में गिरकर डूबी मौत

बंथरा। क्षेत्र के खुर्रमपुर गांव में रविवार शाम एक 21 वर्षीय युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से गांव में हड़कंप मच गया। गांव में सूचना आग की तरह फैल गई। परिजनों के साथ ग्रामीणों ने मिलकर युवती की खोजबीन शुरू की। इसी दौरान गांव के बाहर जीएसआरएम स्कूल के समीप नगवा नाले पर आवागमन के लिए खंभा डालकर बनाए गए अस्थाई रास्ते के समीप युवती का चप्पल दिखाई पड़ा जिससे परिजनों को युवती के नाले में डूबने की आशंका हुई जिस पर करीब 9:30 बजे पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने युवती का तलाशी अभियान शुरू किया किंतु अधिक रात होने के कारण अभियान को सुबह के लिए रोक दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने खुद ही युवती की तलाश शुरू कर दी। ग्रामीणों ने काफी खोजबीन के बाद देर रात करीब 1:00 बजे युवती का शव घटनास्थल से करीब 500 मीटर दूर मवई से लोनहा मार्ग पर बने डैम के समीप बरामद कर लिया जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# काकोरी में अवैध असलहा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडा फोड़,एक आरोपी गिरफ्तार



काकोरी लखनऊ । काकोरी में पुलिस ने अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री का भंडा फोड़ किया है। यह फैक्ट्री एक मकान में चल रही थी ।पुलिस ने छापा मार कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जबकि आरोपी का एक साथी फरार हो गया। पुलिस ने एक तमंचा ,दो अधबने तमंचा व तमंचा बनाने में उपयोग होने वाले उपकरण बरामद किया है। इंस्पेक्टर सतीश राठौर के बताया कि नई बस्ती बहरू गांव में दिलीप उर्फ संतू लाल गांव में अपने मकान पास बने खंडहर में अपने एक साथी के साथ अवैध असलहा बनाने का काम करते थे। पुलिस को मुखबिर से इस फैक्ट्री की सूचना मिली। पुलिस ने टीम बनाकर छापा मारा तो दिलीप व उसका साथी खंडहर में अवैध रूप से असलहा बनाते हुए मिले। पुलिस ने दिलीप को दबोच लिया जबकि उसका साथी पास बनी बागों में फरार हो गया। गिरफ्तार दिलीप ने साथी का नाम मिंटू बताया है। पुलिस को मौके से हैंड ड्रिल मशीन ,भट्टी मय पाइप ,ग्राइंडर मशीन व अन्य उपकरण बरामद हुए है। साथ ही एक बना हुआ तमंचा ,दो अधबने तमंचा, व कारतूस भी बरामद हुए। इंस्पेक्टर सतीश राठौर ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया जबकि फरार आरोपी की तलाश की जा रही है ।

# अंतर्जनपदीय शातिर वाहन चोरों का गिरोह गिरफ्तार, 21 चोरी की बाइक बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । पुराने लखनऊ के ठाकुरगंज पुलिस टीम ने सात अंतर्जनपदीय शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आपको बता दें कि ये शातिर चोर राज्य के कई जिलों में बाइक चोरी की घटना को अंजाम देते थे। वहीं ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में ठाकुरगंज की क्राइम टीम ने बरी रोड़ के जंगल के पास से जुनैद , असर , वंश गुप्ता , राहुल गुप्ता , सलमान , जावेद व विवेक को चोरी की 21 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। ये सभी गिरफ्तार आरोपी मूल रूप से सीतापुर के रहने वाले है। चोरी की मोटरसाइकिल की नम्बर प्लेट को बदलकर पुलिस को करते थे गुमराह।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि ये शातिर चोरों का गिरोह लखनऊ के समेत अन्य जिलों में बाइक चोरी की घटना को अंजाम देते थे। जो चोरी की गाड़ियों को एक स्थान से दूसरी जगह स्थानांतरित करने का प्लान बनाते थे। मुखबिर खास की सूचना के आधार पर ठाकुरगंज पुलिस की क्राइम टीम ने मामले को गंभीरता से संज्ञान लेते हुए व योजनाबद्ध तरीके से मौके पर दबिश दी तो बरी रोड के जंगल के पास से सात आरोपियों को 21 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। और सभी अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान मालूम पड़ा ये सभी बाइक चोरी करने के बाद चोरी की गई मोटरसाइकिल की नम्बर प्लेट को बदल कर चेकिंग के दौरान पुलिस को गुमराह करके वहां से फरार हो जाते थे।

अभियुक्त विवेक कुमार के पास से 20 चोरी की बाइक हुई बरामद।

चौकी प्रभारी सतखंडा मनुज कुमार और ठाकुरगंज की क्राइम टीम के दबिश के दौरान विवेक कुमार के पास से 20 चोरी की बाइक भी बरामद की। इस गिरफ्तारी में उ0नि मनुज कुमार , उ0नि0 अंकुर सिंह , उ0नि0 अमित कुमार सिंह , उ0नि0 अमर सिंह , उ0नि0 मुदित राय , का0 दीप नारायण , का0 ब्रजेश कुमार , का0 आदेश सिंह , का0 अमित कुमार , का0 धर्मेंद्र कुमार , का0 मुलायम यादव की संयुक्त टीम की रही अहम भूमिका।

## नवयुग कन्या महाविद्यालय में साइबर जागरूकता व्याख्यान का सफल आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवयुग कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति समिति द्वारा साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक विशेष व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर नाका थाना की साइबर टीम उप निरीक्षक कुलदीप सिंह, महिला उप निरीक्षक शालिनी, उप निरीक्षक प्रभात त्रिपाठी, महिला कांस्टेबल सपना गिरी एवं शालू सरोज ने छात्राओं को संबोधित किया और साइबर सुरक्षा के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## गणेश पूजा उत्सव में प्रतिभागी कलाकारों, बच्चों को किया सम्मानित



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बसीरतगंज, संकट मोचन हनुमान मंदिर में श्रीगणेश पूजा उत्सव कार्यक्रम का 12 दिवसीय क्षेत्रीय कलाकारों एवं बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महोत्सव के समापन में प्रतिभागी कलाकारों एवं बच्चों को मध्य विधानसभा उपविजेता रजनीश गुप्ता, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक अभिषेक खरे, इंटरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन युवा इकाई के पदाधिकारियों प्रदेश महामंत्री अनुराग साहू, महानगर अध्यक्ष प्रियंक गुप्ता, महामंत्री राजू साहू ने प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## 23वें दीक्षांत समारोह की पूर्वाभ्यास में परखी गयी तैयारी

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 23वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां सोमवार को पूर्वाभ्यास के जरिये परखी गयी। कुलपति प्रो0 जेपी पांडेय के निर्देशन में समारोह स्थल पं0 अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान शैक्षणिक शोभा यात्रा निकाली गयी तो मेधावियों के बैठने के स्थान और मेडल के क्रम को तय किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत से होगी। पूर्वाभ्यास के दौरान शैक्षणिक शोभायात्रा में राज्यपाल एवं कुलाधिपति की भूमिका में वित्त एवं लेखा अधिकारी यामिनी जैन शामिल हुईं। जबकि मुख्य अतिथि शामिल हो रहे अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की भूमिका में प्रति कुलपति प्रोफ़ेसर राजीव कुमार शामिल हुए। इस दौरान कार्यवाहक कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी केशव सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रोफ़ेसर दीपक नगरिया सहित अन्य अधिकारी शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## विवाद में महिला से मारपीट, दी जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

निगोहां, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के मीरानपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवती से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने सोमवार को पुलिस को तहरीर देकर मामला दर्ज कराया है, मामले में राजाखेड़ा मजरा मीरानपुर निवासी रानी ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि उनके बेटे व पति घर पर नहीं थे, तभी विपक्षीगण अर्जी , अजीत , अंकित , उनकी पत्नी संगीता तथा दो अज्ञात लोग जबरन घर में घुस आए और उन्हें लात-घूंसों व लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया । शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए और आरोपी गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। पीड़िता की लिखित तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है ।

## नगराम: खाद वितरण में गड़बड़ी, किसानों में आक्रोश

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम थाना क्षेत्र के छतौनी में स्थित कृषक सेवा केंद्र पर खाद वितरण में भारी गड़बड़ी का मामला उजागर हुआ है। किसानों की शिकायत पर हुई विभागीय जांच में खुलासा हुआ कि बीते 31 जुलाई से 2 अगस्त तक केंद्र पर 20 बोरी यूरिया खाद आवंटित हुई थी, लेकिन किसानों को सिर्फ 2 बोरी ही दी गई।शेष 18 बोरी का कोई हिसाब नहीं मिला। जांच रिपोर्ट में पाया गया कि कृषक सेवा केंद्र संचालक ने बिना पीओएस मशीन के ही खाद वितरण किया और किसानों को अनुमन्य लाभ से वंचित कर दिया। जब विभाग ने जवाब मांगा तो संचालक का पक्ष असंतोषजनक पाया गया।इस पर जिला कृषि अधिकारी ने मामले को गंभीर मानते हुए सेवा केंद्र पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 3/7 के तहत कार्रवाई की संस्तुति शासन को भेज दी है। वहीं इस मामले की जानकारी आस पास के किसानों को हुई तो उनका आक्रोश और बढ़ गया। किसान राजेश यादव ने बताया कि समय पर खाद न मिलने से धान की फसल पर बुरा असर पड़ रहा है। महंगी कीमत पर बाहर से खाद खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं किसान सुनील कुमार का कहना है कि सरकार किसानों के लिए योजनाएं चलाती है लेकिन भ्रष्टाचार के कारण हम तक लाभ नहीं पहुंच पाता। अगर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे। किसानों के बढ़ते आक्रोश के बीच विभागीय जांच और आगामी कार्रवाई से यह उम्मीद जगी है कि भविष्य में उर्वरक वितरण में पारदर्शिता आएगी और किसानों की परेशानियां कम होंगी।

## बीकेटी पुलिस ने दो अंतर्जनपदीय वाहन चोरों को किया गिरफ्तार,ग्यारह बाईक बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ । लखनऊ कमिश्नरेट के बीकेटी थाना क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं का राज आखिरकार सोमवार को खुल ही गया।लखनऊ कमिश्नरेट अंतर्गत बीकेटी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया।चोरों की निशानदेही पर ग्यारह मोटरसाइकिल,दो मोटरसाइकिल इंजन,तीन मोटरसाइकिल चेसिस,मोटरसाइकिल खोलने के टूल्स सहित एक मोबाईल बरामद किया उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा जा रहा है।वही घटना के खुलासा को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में एडीसीपी लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जीतेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि बीकेटी व इटौंजा थाना अन्तर्गत मोटरसाइकिल चोरी के कई मामले द़र्ज थे जिसके खुलासे को लेकर पुलिस लगी हुई थी,मुखबिर द्वारा मिली जानकारी पर बख्शी का तालाब स्थित बायोटेक नेटवर्क फैसलेटी केंद्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के बाउंड्री के किनारे से चोरी की मोटरसाइकिलों सहित दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया,जिनकी पहचान वीरु उर्फ जावेद निवासी पूर्वी सिधौली,मोहल्ला संतनगर,जनपद सीतापुर तथा जान मोहम्मद निवासी मोज्जमपुर,थाना महमूदाबाद,जनपद सीतापुर के रूप में हुई।एडीसीपी ने बताया कि ये दोनों वाहन चोर लखनऊ व अन्य निकटम जिलों से वाहनो को चोरी कर इकट्ठा करते थे और उसके बाद उनके महंगे पार्ट्स को खोलकर औने-पौने दामों मे बेच देते थे और उनसे प्राप्त रूपयों से अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करते थे। इससे संबंधित जनपद के विभिन्न थानों में चार अभियोग पंजीकृत है अन्य के संबंध में जानकारी की जा रही है।अभियुक्तो को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में बीकेटी थाना पर तैनात उप निरीक्षक अशोक कुमार यादव,उप निरीक्षक आनन्द कुमार,उप निरीक्षक शैलेंद्र मिश्रा,उप निरीक्षक शुभम सिंह,महिला उप निरीक्षक सृष्टि निगम,हेड कांस्टेबल आशीष सिंह,कांस्टेबल सचिन यादव,कांस्टेबल अंबरीश सिंह,कांस्टेबल पारस कुमार,कांस्टेबल नितिन कुमार तथा इटौंजा थाना पर तैनात उपनिरीक्षक धीरेंद्र रॉय व मोहम्मद जाहिद शामिल रहे।वही बीकेटी थाना पर आयोजित प्रेसवार्ता के मौक़े पर सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी अमोल मुरकुट,थाना प्रभारी बीकेटी संजय कुमार सिंह,अतरिक्त इंस्पेक्टर कैलाश चंद्र दुबे मौजूद रहे।

## एकेटीयू के दीक्षांत समारोह में टॉप 10 की मेधावी छात्रों की सूची में आरआरजीआई के 7 छात्रों ने बनाया स्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बीकेटी,लखनऊ । आर.आर.ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के छात्रों ने डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (ए.के.टी.यू.) में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।एकेटीयू के सत्र 2024-25 के अंतिम वर्ष के बी.टेक पाठ्यक्रम में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले टॉप 10 छात्रों में आर.आर. ग्रुप के 7 छात्रों ने अपनी जगह बनाई है।टॉप रैंकर्स स्वर्ण नयन सिविल इंजीनियरिंग में प्रथम स्थान(रैंक 1)-स्वर्ण पदक,अमन राज मौर्या बी.आर्च में प्रथम स्थान(रैंक 1) स्वर्ण पदक,कुमारी अक्षरा श्रीवास्तव इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में तृतीय स्थान (रैंक 3) - कास्य पदक,कुमारी हंसिका गुप्ता इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में पंचम स्थान (रैंक 5),अवंतिका बरानवाल बी-आर्च में छठा स्थान(रैंक 6),

अंकित कुमार गुप्ता मैकेनिकल इंजीनियरिंग में सप्तम स्थान (रैंक 7),कुमारी एकता मिश्रा बायोटेक्नोलॉजी में नवम स्थान (रैंक 9)इन छात्रों की इस उपलब्धि पर आर.आर. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन,सचिव और निदेशक ने बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। चेयरमैन ने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की गुणवत्ता और उत्कृष्टता को दर्शाती है,जो छात्रों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

## चंद्रिका देवी मंदिर परिसर पर संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बैठक हुई आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ । माँ चन्द्रिका देवी मन्दिर परिसर पर संयुक्त उद्योग व्यपार मण्डल की बैठक सोमवार को व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ए.के पाण्डेय जी की उपस्थित मे साथ ही मंदिर के समस्त दुकानदारो की मौजूदगी मे हुई जिसमे चर्चा का विषय दुकानदारों को उचित व्यवहार और ग्राहक का सम्मान एवं दुकानदार के सम्मान का विषय भी साझा किया गया साथ मे इस विषय पर भी चर्चा हुई कि यदि किसी भी दुकानदार को ना.ज़ायज़ रूप से किसी के भी द्वारा सताया व धमकाया गया तो'' संयुक्त उद्योग व्यापार मण्डल ''उसका पूरा सहयोग करने एवं हर संभव मदद करने का आस्वासन राष्ट्रीय अध्यक्ष ''अंजनी कुमार पाण्डेय ''एवं महामंत्री ''राजकुमार गुप्ता ''के द्वारा दिया गया। माँ चन्द्रिका देवी मंदिर इकाई संयुक्त उद्योग व्यापार मण्डल की बैठक में मन्दिर मण्डल अध्यक्ष ''अंशुमान बाजपेई,मिडिया प्रभारी सर्वेश कुमार साहू,अजय प्रताप सिंह ''राणा '',महेंद्र कश्यप,मुकेश कश्यप,श्री राम अशोक सिंह,राम सनेही रावत,बलबीर सैनी,मोहित सिंह व संयुक्त सचिव ललित निषाद एवं सभी दुकानदारों की उपस्थिति मे संपन्न हुई ।

## डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय आज मनाएगा अपना 23वां दीक्षांत समारोह

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का 23वां दीक्षांत समारोह 09 सितंबर को परिसर में आयोजित होगा। जिसको लेकर प्रेसवार्ता आयोजित हुई। इस प्रेसवार्ता में बताया गया की दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलाधिपति राज्यपाल, उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल करेंगी। जबकि बतौर मुख्य अतिथि अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला शामिल होंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री प्राविधिक शिक्षा विभाग आशीष पटेल उपस्थित रहेंगे। बताया कि इस बार विश्विद्यालय से सम्बद्ध संस्थान प्रणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कानपुर की बीटेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीरियनिंग की छात्रा नैंसी ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। दीक्षांत समारोह में छात्रा नैंसी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक दिया जाएगा। जबकि कमल रानी वरूण स्मृति स्वर्ण पदक बीटेक के सभी ब्रांच में अनुसूचित जाति की सभी उत्तीर्ण छात्राओं में सर्वोच्च स्थान पाने वाली आरडी इंजीरियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद की छात्रा उन्नति गौर को मिलेगा। वहीं समारोह में कुलाधिपति राज्यपाल, विश्वविद्यालय के गोद लिये गये गांवों के विद्यालयों में आयोजित हुए चित्रकला, कहानी कथन एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को सम्मानित भी करेंगी। प्रदेश में नवाचार एवं उद्यमिता की संस्कृति बनाने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। इसके तहत 100 करोड़ की विशेष इनोवेशन निधि बनायी गयी है। ताकि नवाचार और उद्यमिता की गति को और तेजी से बढ़ाया जा सके। वन डिस्ट्रिक्ट, वन इन्क्युबेशन सेंटर के तहत विश्वविद्यालय अपने संबद्ध संस्थानों में इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित करने की योजना को क्रियान्वित कर रहा है। इस योजना के तहत हाल ही में 30 और प्री इन्क्युबेशन सेंटर अस्तित्व में आये हैं। प्रेसवार्ता में कार्यवाहक कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी केशव सिंह, प्रतिकुलपति प्रो0 राजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो0 दीपक नगरिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को मिलेगी डीएससी की उपाधि समारोह में कुल 88 पदक दिये जाएंगे। जिसमें 37 स्वर्ण पदक, 26 रजत एवं 25 कान्स्य पदक मेधावियों को दिये जाएंगे। इसके अलावा 53943 छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में डिग्री प्रदान की जाएगी। जबकि 86 छात्रों को पीएचडी अवार्ड होगी। समारोह में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को डीएससी की उपाधि प्रदान की जाएगी।

06 श्रेणियों में दिया जाएगा स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड दीक्षांत समारोह के दौरान छह श्रेणियों में स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड दिया जाएगा। इसमें एक अवार्ड वोमेन लेड स्टार्टअप अवार्ड, दूसरा बेस्ट सोशल इम्पैक्ट स्टार्टअप अवार्ड, तीसरा बेस्ट टेक इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड, चौथा एसिसिबिलिटी अवार्ड, पांचवां सस्टेनेबिलिटी चैंपियन और छठां हेल्थ इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड है।

04 नये राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पाठ्यक्रमों के संचालन को मंजूरी

चार नये राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, जिसमें आरईसी बस्ती, आरईसी, गोण्डा, आरईसी प्रतापगढ़ एवं आरईसी मिर्ज़ापुर में नये इमर्जिंग पाठ्यक्रमों के संचालन को मंजूरी दी गयी है। जिससे कि छात्र नई तकनीकी की पढ़ाई कर सकें।

# अखिल भारतीय चित्रांश महासभा की बैठक आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। रविवार को अखिल भारतीय चित्रांश महासभा सीतापुर की आवश्यक बैठक कायस्थ भवन तरीनपुर सीतापुर में वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रभान सक्सेना के निर्देश अनुसार आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट व संचालन ललित कुमार श्रीवास्तव के द्वारा की गई जिसमें चित्रांश मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह व उनके माता-पिता का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किए जाने पर चर्चा की गई समारोह के आयोजन का प्रस्ताव सर्वश्री सच्चिदानंद श्रीवास्तव के द्वारा किया गया कि दिनांक 2 नवंबर 2025 दिन रविवार को आस्था मैरिज लॉन निकट ईदगाह तरीनपुर सीतापुर में सुबह 10:00 बजे से आयोजित किए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मत से पास किया गया।

तत्पश्चात कार्यकारिणी के विस्तार पर चर्चा की गई और यह प्रस्ताव वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री चंद्रभान सक्सेना द्वारा पारित किया गया कि कार्यकारिणी में लगातार बैठक पर अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारीगण व सदस्यगण को उनके पदों के दायित्व से मुक्ति कर दिया जाएगा और महिला कार्यकारिणी की संख्या के विस्तार के लिए यह भी निवेदन किया गया कि सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी अपने संपूर्ण परिवार के साथ कार्यक्रम में आना सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम में श्री सच्चिदानंद श्रीवास्तव जी के द्वारा यह प्रस्ताव भी रखा गया कि राष्ट्रीय त्योहार गणतंत्र दिवस स्वतंत्रता दिवस एवं गांधी जयंती व शास्त्री जयंती के कार्यक्रम कायस्था भवन तरीनपुर में आयोजित किए जाएं जिसका सभी ने समर्थन किया और यह भी निर्धारित किया गया कि अखिल भारतीय चित्रांश महासभा की प्रत्येक बैठक माह के तीसरे रविवार को कायस्थ भवन तरीनपुर में आयोजित की जाएगी बैठक में लखनऊ मुख्यालय से आई अखिल भारतीय चित्रांश महासभा की वार्षिक पत्रिका का वितरण भी किया गया जिसे राधा रानी श्रीवास्तव व शीलम श्रीवास्तव ने अत्यंत सराहनीय कार्य बताया बैठक में राकेश सक्सेना पूर्व सभासद तरीनपुर के द्वारा छात्र-छात्रा सम्मान समारोह के लिए अंक पत्र जमा करने के लिए 20 सितंबर तक का समय और बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया जिसे सभी सदस्य ने सर्वसम्मत से पास किया आज की बैठक में अपना महत्वपूर्ण योगदान हर्षित रतन सिंनहा अनूप सिंनहा धीरेंद्र बहादुर सक्सेना अनुराग श्रीवास्तव सुशील श्रीवास्तव राजू लाला मोहित श्रीवास्तव अजीत कुमार श्रीवास्तव संदीप सक्सेना अजय श्रीवास्तव प्रिंटर्स राजेश श्रीवास्तव अनुराग श्रीवास्तव अशोक सक्सेना राधा रानी श्रीवास्तव व शीलम श्रीवास्तव आलोक कुमार सक्सेना संदीप सक्सेना राजेश श्रीवास्तव पीयूष जौहरी चंद्रभान सक्सेना मनोज श्रीवास्तव ललित कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट के द्वारा किया गया। और अंत में श्री सच्चिदानंद श्रीवास्तव के द्वारा आए हुए सभी सम्मानित सदस्यगण के प्रति आभार प्रकट किया ।

# लहरपुर में चला अभियान: 53 बाइक सवारों का चालान, हजारों को मिला जागरूकता संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । उत्तर प्रदेश में 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' अभियान के तहत परिवहन विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में, सोमवार को सीतापुर की लहरपुर तहसील में भी यह अभियान चलाया गया, जिसका नेतृत्व एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी ने किया। यह अभियान उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के आदेश पर 30 सितंबर तक चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करना है।

ए आरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि लहरपुर में चलाए गए इस अभियान के दौरान 53 बाइक सवारों का चालान किया गया, जो बिना हेलमेट के वाहन चला रहे थे। उन्होंने कहा कि हेलमेट के बिना बाइक चलाना सीधे तौर पर दुर्घटनाओं को न्योता देना है और यह जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि अभियान के माध्यम से अब तक सीतापुर में 2280 से अधिक लोगों को हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में जागरूक किया जा चुका है। अभियान का लक्ष्य न केवल नियमों का पालन करवाना है, बल्कि लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना भी है। उन्होंने पेट्रोल पंप कर्मियों को भी यातायात नियम की जानकारी देते हुए इसे पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान पीटीओ एम.ए. अहमद भी टीम में शामिल रहे। यह अभियान विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों पर केंद्रित है।

'नो हेलमेट, नो फ्यूल' का सख्त नियम लागू होने से पेट्रोल पंपों पर भी बिना हेलमेट वाले चालकों को ईंधन नहीं दिया जा रहा है। परिवहन विभाग का मानना है कि इस तरह के सख्त कदम सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने में मददगार है ।

# जटपुरवा पंचायत में मनरेगा पर सवाल फर्जी हाजिरी से बढ़ रहा भ्रष्टाचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत जटपुरवा में मनरेगा योजना में गड़बड़झाले का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत स्तर पर चल रहे मनरेगा कार्यों में बड़े पैमाने पर फर्जी हाजिरी दर्ज कर धन का बंदरबांट किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई मजदूर काम पर उपस्थित ही नहीं होते, लेकिन उपस्थिति रजिस्टर में उनके नाम से हाजिरी लगाकर भुगतान निकाल लिया जाता है। इससे वास्तविक मजदूरों को काम और मजदूरी से वंचित होना पड़ रहा है। ग्रामवासियों ने आरोप लगाया कि पंचायत सचिव व संबंधित अधिकारी की मिलीभगत से यह खेल चल रहा है। ‟सरकार गरीबों को रोजगार देने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन यहां अधिकारी और कर्मचारी मिलकर योजना को अपनी कमाई का जरिया बना चुके हैं,‟ ग्रामीणों ने नाराज़गी जताई। ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य गाँवों के बेरोजगारों को काम देना है, मगर जटपुरवा पंचायत में भ्रष्टाचारियों की लूट ने योजना की साख पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## रामसेतु निर्माण में योगदान देने वाली गिलहरी को भी राम जन्मभूमि में मिला विशेष स्थान

अयोध्या। रामसेतु निर्माण में योगदान देने वाली गिलहरी को भी राम मंदिर में विशेष स्थान मिला है । गिलहरी की प्रतिमा अंगद टीले पर स्थापित,की गयी है जहां से वह मंदिर की ओर निहार रही है।

राम मंदिर निर्माण अंतिम चरण में चल रहा है, गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी । परिसर के चार किलोमीटर लंबी बाउंड्री वॉल के पास 25 वॉच टावर बनेंगे। पुलिस गुमटी को समन्वय के साथ नए स्थान पर स्थापित करने की तैयारी चल रही है। सुरक्षा ढांचे की रूपरेखा पर जिला प्रशासन के साथ विस्तृत बैठक मंगलवार को होगी।

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा, श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या को पर्यटन नगरी बनाना ज़रूरी है। संग्रहालय में रामायण से जुड़ी मूल प्रतियां रखने की योजना है। सभी प्रदेश सरकारों से रामायण की प्रति उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। गेट नंबर 11 का निर्माण 15 अक्टूबर तक पूरा कर उसका नामकरण होगा।

# लखीमपुर खीरी में समृद्धि के शताब्दी संकल्प पर मंथन, प्रबुद्धजनों ने रखे सुझाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। विकसित उत्तर प्रदेश और आत्मनिर्भर भारत का सपना अब केवल सरकार की योजनाओं तक सीमित नहीं, बल्कि हर घर की भागीदारी से जुड़ रहा है। कलेक्ट्रेट के अटल सभागार में आयोजित शताब्दी संकल्प अ2047 कार्यशाला में प्रबुद्धजनों से लेकर किसानों, उद्यमियों, शिक्षकों और श्रमिकों तक सबने अपने विचार साझा किए। किसानों ने आधुनिक, प्राकृतिक खेती की दिशा दिखाई, उद्योग जगत ने निवेश व कनेक्टिविटी की जरूरत बताई, वहीं शिक्षा व श्रमिक संगठनों ने जनहित से जुड़े सुझाव दिए। इस कार्यशाला की अध्यक्षता नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने की। समिति में शासन से नामित विशेषज्ञों में सेवानिवृत्त आईएएस कुमदलता श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त आईएफएस अजय कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक यूपीसी कॉरपोरेशन डॉ. रामशब्द जैसवारा, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी सलिल यादव तथा वाईडी कॉलेज से हेमंत पाल शामिल हुए। कार्यशाला में अर्थशक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। कार्यशाला की शुरुआत में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और सीडीओ अभिषेक कुमार ने नोडल अधिकारी एवं विशेषज्ञों को पुष्पगुच्छ देखकर स्वागत किया। कार्यशाला की शुरुआत में सीडीओ अभिषेक कुमार ने कार्यशाला की आवश्यकता और प्रासंगिकता बताई। सीडीओ ने कहा कि इस कार्यशाला में वितरित फोल्डर में अंकित क्यूआर कोड को स्कैन करके अपने विचार और संकल्प साझा किया जा सकते हैं। कार्यशाला में क्रमशः उद्योग, श्रमिक संगठन, माध्यमिक शिक्षा एवं बेसिक शिक्षा के विभिन्न संगठन के पदाधिकारियो ने मा. प्रधानमंत्री की संकल्पना को साकार किए जाने के उद्देश्य से अपने महत्वपूर्ण सारगर्भित सुझाव दिए।आईएमए अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने राजापुर व छाउछ के अलावा एक नए इंडस्ट्रियल एरिया की जरूरत बताई। उन्होंने ओडीओपी में प्लाईवुड उद्योग शामिल करने और मंडी टैक्स में राहत की मांग की। उद्यमी रमेश अग्रवाल ने तकनीकी ग्रेड यूरिया केंद्र की स्थापना पर जोर दिया। व्यापारियों ने दिल्ली से बेहतर ट्रेन कनेक्टिविटी की आवश्यकता जताई।खांडसारी उद्योग के प्रतिनिधियों ने नियमों में शिथिलता की मांग उठाई। श्रमिक संगठन के पदाधिकारी अरविंद मिश्रा और यूसुफ ने मूलभूत सुविधाओं से लैस लेबर अड्डों की स्थापना का मुद्दा रखा। माध्यमिक शिक्षा संगठन के पदाधिकारी राजेंद्र कुमार आर्य, विशाल वर्मा, मीनाक्षी तिवारी ने अपने विचार रखे। बेसिक शिक्षा संगठन से संजय मिश्रा, राकेश मिश्रा, आभा शुक्ला, डॉ. नमिता श्रीवास्तव ने भी सारगर्भित सुझाव दिए।

किसानों ने आधुनिक तकनीक और प्राकृतिक खेती पर दिया जोर प्रगतिशील किसान मुरलीधर, अशोक शुक्ला और रामनरेश सहित बड़ी संख्या में किसानों ने कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के सुझाव दिए। किसानों ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को हासिल करने के लिए खेती-किसानी को आधुनिक तकनीक से जोड़ना बेहद जरूरी है। वही प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा देने की बात कही। साथ ही युवाओं को कृषि से जोड़ने और उन्हें उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करने की आवश्यकता बताई। नोडल अधिकारी ने की हर परिवार से जुड़ने की अपील, ड्ट कोड और विशेष पोर्टल से सुझाव देना बेहद आसान

नोडल अधिकारी गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस ने जिले के प्रत्येक परिवार से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है। अब हर परिवार सीधे सरकार तक अपने सुझाव पहुँचा सकता है।नोडल ने बताया कि ड्ट कोड और विशेष पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन सुझाव देना बेहद सरल है। उन्होंने कहा कि वितरित किया गया फोल्डर केवल जानकारी नहीं, बल्कि एक आमंत्रण है।

# लहरपुर में पुराने महिला अस्पताल का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लहरपुर सीतापुर । लहरपुर नगर के मोहल्ला बागवानी टोला स्थित जर्जर पढ़े पुराने अस्पताल का सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेश कुमार ने औचक निरीक्षण किया जानकारी के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने विगत दिवस मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेश कुमार से भेंट कर नगर के मोहल्ला बागवानी टोला स्थित जर्जर पड़े पुराने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को पुनः बिल्डिंग निर्माण कर महिला अस्पताल बनाएं जानें की मांग किया गया । जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेश कुमार ने संज्ञान में लेते हुए सोमवार को मौके पर जा कर देखा और पुराने अस्पताल का निरीक्षण भी किया, उन्होंने कहा कि जल्द ही अवर अभियंता को मौके पर भेज कर जांच करा कर प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। और ज्ञातव्य है कि, नगर के बीचो-बीच अस्पताल की कीमती भूमि व भवन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है, इससे पहले भी कई बार अधिकारियों के द्वारा मौके की जांच की गई थी परंतु उसके बावजूद भी अवैध कब्जा दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। कब्जा खाली करवा कर जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करवाए जाएगा इस मौके पर प्रमुख रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ अरविंद बाजपेई, पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, समाजसेवी हसीन अंसारी, सभासद प्रतिनिधि प्रदीप वाल्मीकि, समीर राईन, सभासद मोहम्मद शोएब, उस्मान खां, रघुवंश अवस्थी, बीपीएम गौरव कुमार कबीर खां, शफीक, महताब आलम, सलमान, जब्बार सहित नगर के विभिन्न लोग उपस्थित रहे ।

## छोटी काशी गोला कॉरिडोर का एडीएम ने किया निरीक्षण, सुस्त रफ्तार पर जताई नाराज़गी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । गोला गोकर्णनाथ कॉरिडोर परियोजना की रफ्तार सुस्त देखकर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह सख्त हो गए। सोमवार को उन्होंने उप निदेशक पर्यटन कल्याण सिंह, एसडीएम गोला युगांतर त्रिपाठी और यूपी पीसीएल के अभियंताओं के साथ साइट का निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम ने कॉरिडोर निर्माण के प्रत्येक कंपोनेंट की बारीकी से जांच की और निर्माण एजेंसी को कई कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण में सामने आया कि कॉरिडोर निर्माण की गति अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। जिस पर एडीएम ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि यदि समय पर काम नहीं हुआ तो जिम्मेदारों पर कार्यवाही तय है। उन्होंने एजेंसी को साफ निर्देश दिए कि निर्माण में और मजदूर लगाए जाएं ताकि काम की रफ्तार तेज हो। उन्होंने कहा कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना सरकार और आमजन दोनों के लिए बेहद अहम है। इसे हर हाल में समयबद्ध पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि काम की गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं होगा। इसके लिए थर्ड पार्टी से समय-समय पर जांच कराई जाए। एडीएम ने कहा कि कॉरिडोर बनने से न सिर्फ श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी बल्कि पर्यटन को भी नया आयाम मिलेगा। इसलिए किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने मौके पर मौजूद अभियंताओं को निर्देशित किया कि सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए।

एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के सख्त तेवर से निर्माण एजेंसी के अफसर सकते में दिखे। उन्होंने तत्काल श्रमिकों की संख्या बढ़ाने का भरोसा दिलाया। वहीं उप निदेशक पर्यटन कल्याण सिंह ने कहा कि सरकार इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद गंभीर है और पूरा प्रयास किया जा रहा है कि इसे जल्द ही श्रद्धालुओं को समर्पित किया जा सके।

## गाड़ी खरीदने वाले से 5 लाख की ठगी, आरोपी गाड़ी लेकर हुआ फरार




लखीमपुर खीरी । थाना मोहम्मदी क्षेत्र के मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा निवासी जगन्नाथ ने एसपी कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि उसने 04 जनवरी 2025 को सर्वेश कुमार निवासी ग्राम दतेली थाना गोला से एक वेगनआर कार ?5 लाख नगद देकर खरीदी थी। सौदे के समय विक्रय रसीद पर हस्ताक्षर किए गए थे और सर्वेश ने भरोसा दिलाया था कि गाड़ी पर बकाया लोन जमा कराकर ट्रांसफर भी कर देगा। आरोप है कि 18 अगस्त 2025 को सर्वेश ने फोन कर गाड़ी शाहजहांपुर ले जाने की बात कही और कहा कि काम निपटाकर गाड़ी लौटा देगा। भरोसा करने पर जगन्नाथ ने गाड़ी दे दी, लेकिन उसके बाद सर्वेश ने गाड़ी वापस नहीं की। फोन करने पर भी कोई जवाब नहीं मिला। जब पीड़ित गोला गाड़ी लेने गया तो आरोप है कि सर्वेश अपने 2-3 साथियों के साथ जगन्नाथ से भिड़ने पर आमादा हो गया। पीड़ित को तब अंदेशा हुआ कि उसके साथ ?5 लाख की ठगी हो गई है। जगन्नाथ का कहना है कि इस संबंध में उसने कोतवाली मोहम्मदी में भी लिखित तहरीर दी थी, लेकिन वहां कोई सुनवाई नहीं हुई। न्याय न मिलने पर वह अब एसपी ऑफिस पहुंचकर कार्रवाई की मांग कर रहा है। मोहम्मदी पुलिस पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर पीड़ित की तहरीर पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

## अखिल भारतीय किसान महासभा ने प्रधानमंत्री को संबोधित सौंपा ज्ञापन



पलिया-बेलराया-तिकोनिया को ब्रॉडगेज से जोड़ने की उठाई मांग।

पलिया कलां (खीरी)। अखिल भारतीय किसान महासभा और अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन ने सोमवार को प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी पलिया को सौंपकर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं के निवारण की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा चलाए जा रहे ब्रॉडगेज अमान परिवर्तन प्रोजेक्ट से पलिया, बेलराया और तिकोनिया को बाहर करना क्षेत्र की पर्यटन, सुरक्षा और आर्थिक दृष्टि से बेहद हानिकारक होगा। किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रमुख मांगो को रखा है जिसमें प्रमुख रूप से पलिया, बेलराया और तिकोनिया को ब्रॉडगेज नेटवर्क से जोड़ा जाए जब तक ब्रॉडगेज का निर्माण नहीं होता,तब तक मैलानी में ट्रेनों को जोड़कर पलिया को रेल सुविधा उपलब्ध कराई जाए। शारदा, सुहेली और मोहाना नदियों पर बांध बनाकर बाढ़ और कटान की समस्या से छुटकारा दिलाया जाए। बजाज ग्रुप की सभी चीनी मिलों से किसानों का बकाया भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। पलिया को जिला बनाए जाने की कार्यवाही की जाए। आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। जंगली जानवरों के हमले पर रोक लगाई जाए और हमले में मृतकों के परिजनों को 20 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान किसान महासभा की ओर से कमलेश राय, नजर अहमद,रईस (जिला अध्यक्ष रोपवा) और कृष्णा अधिकारी ने हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा। किसान नेताओं का कहना है कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र के किसान आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे।

## कर सम्बंधी विसंगतियां हर हाल में दूर हों : महापौर

अयोध्या। नगर निगम के कर्मचारी जिम्मेदारी से कर सम्बंधी विसंगतियों को दूर करें। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने यह हिदायत जनसुनवाई के दौरान दी। उन्होंने लोगों से नगर निगम द्वारा आयोजित किए जा रहे शिविरों में जाकर कर सम्बंधी विसंगतियों को दूर कराकर समय से टैक्स जमा करने की अपेक्षा की। वह कौशलपुरी स्थित जोन कार्यालय में जन समस्याओं का निस्तारण कर रहे थे। नगर निगम के जनसम्पर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि इस मौके पर कुल 12 प्रार्थना पत्र आए जिसमें से आठ का मौके पर निस्तारण किया गया। जनसुनवाई में सहायक नगर आयोग आयुक्त सौरभ नाथ, मुख्य सफाई निरीक्षक कमल कुमार, अवर अभियंता जलकल शशिकला, पार्षद प्रतिनिधि सुफियान अंसारी, भाजपा नेता पूर्व पार्षद संग्राम सिन्हा आदि मौजूद रहे।

# नोडल अफसर एक्सपर्ट टीम संग पहुँची शैलगांव, ग्रामीणों से किया संवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। शताब्दी संकल्प अ2047 अभियान के तहत सोमवार को नोडल अधिकारी एवं गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस शासन से भेजी गई विशेषज्ञ टीम संग नकहा ब्लॉक की ग्राम पंचायत शैलगांव पहुँची। यहाँ उन्होंने विकास कार्यों का जायजा लिया और ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं। कार्यक्रम की शुरुआत नोडल मिनिस्ती एस, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता और ग्राम प्रधान सुनैना गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद लाभार्थियों को पीएम-आवास, सीएम-आवास, फैमिली आईडी, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड तथा सीसीएल का वितरण किया गया। ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनके विचार जाने और उनकी समस्याएं को भी नोट किया। उपस्थित ग्रामीणों ने मनरेगा मजदूरी बढ़ाने जाने की मांग की। सरकार की ओर से कराए गए कार्यों पर संतोष जताया। वही समूह की एक महिला ने आरएफ फंड बढ़ाने की मांग की। शासन से नामित विशेषज्ञों में सेवानिवृत्त आईएएस कुमदलता श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त आईएफएस अजय कुमार श्रीवास्तव, यूपीसी कॉरपोरेशन के संयुक्त निदेशक डॉ. रामशब्द जैसवारा और सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी सलिल यादव ने शताब्दी संकल्प अ2047 की प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि समृद्ध भारत के लिए आमजन की भागीदारी जरूरी है। ग्रामीणों से अपील की कि वे एक माह के भीतर पंपलेट में दिए गए क्यूआर कोड के माध्यम से अपने सुझाव अवश्य साझा करें।

इसके बाद अफसरों के दल ने परिषदीय स्कूल, लर्निंग लैब, साइंस लैब और मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया। चाक-चौबंद व्यवस्थाएँ देखकर अफसरों ने ग्राम प्रधान सुनैना गुप्ता की सराहना की और इसे अन्य गाँवों के लिए अनुकरणीय बताया।

# नोडल ने शासन से नामित एक्सपर्ट टीम संग किया आकांक्षा स्टोर और कैफ़े का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। सोमवार को जिले की नोडल अधिकारी गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस ने शासन से नामित विशेषज्ञ सेवानिवृत्त आईएएस कुमदलता श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त आईएफएस अजय कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक यूपीसी कॉरपोरेशन डॉ. रामशब्द जैसवारा, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार संग राजापुर में संचालित आकांक्षा स्टोर और आकांक्षा कैफ़े का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अफसरों ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का अवलोकन किया और जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना की। उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर भी विस्तार से चर्चा हुई। सीडीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि जिले के स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को अब ‟लखीरा‟ ब्रांड के नाम से पहचान मिल रही है।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस और विशेषज्ञ टीम ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया। इस दौरान शताब्दी संकल्प अ2047 अभियान की आवश्यकता और प्रासंगिकता पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि समृद्ध उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। अधिकारियों ने अपील करते हुए कहा कि अगले एक माह के भीतर क्यूआर कोड स्कैन कर अपने सुझाव अवश्य भेजें। यह प्रक्रिया बेहद सरल है और हर परिवार सीधे शासन तक अपने विचार पहुँचा सकता है।

सफलता की कहानियों ने बटोरी वाहवाही

सरस्वती स्वयं सहायता समूह की रविंद्र कौर, नवी प्रेरणा स्वयं सहायता समूह की सफीका और ठाकुर जी प्रेरणा स्वयं सहायता समूह की सावित्री देवी ने अफसरों के समक्ष अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं आत्मनिर्भर बनने के साथ अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बना रही हैं।

नोडल अधिकारी और विशेषज्ञ टीम ने आकांक्षा कैफ़े का भी अवलोकन किया। यहां के संचालन और सेवाओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई। अफसरों ने कहा कि यह पहल महिलाओं की आर्थिक मजबूती की दिशा में प्रेरणादायक कदम है।

# जिलाधिकारी ने पांच नव चयनित कनिष्ठ सहायकों को वितरित किया नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आज लखनऊ लोक भवन ऑडिटोरियम में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत नव चयनित 1112 कनिष्ठ सहायकों एवं 22 एक्सरे टेक्नीशियनों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।

मुख्यमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत नव चयनित कनिष्ठ सहायकों एवं एक्सरे टेक्नीशियनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री जी द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती गुलाब देवी जी एवं विशिष्ट अतिथि मा.जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव जी एवं पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव जी, भाजपा

**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव एवं पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव भी उपस्थित रहे**

जिलाध्यक्ष श्री हरेन्द्र सिंह रिंकू जी,जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज त्रिपाठी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं सुधीर मल्होत्रा, मा. मंत्री जी के प्रतिनिधि विकास वार्ष्णेय, विजय यादव एवं डीपीएम संजीव राठोर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा नव चयनित कनिष्ठ सहायकों द्वारा देखा एवं सुना गया। कलक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि गणों का एक पुष्प एवं पुस्तक देकर स्वागत किया गया। कलक्ट्रेट सभागार में मुख्य अतिथि मा. मंत्री जी एवं विशिष्ट अतिथि मा. जिला पंचायत अध्यक्ष जी तथा पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर ,भाजपा जिलाध्यक्ष , जिलाधिकारी ,मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद में नव चयनित 5 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि एक समर्थ विकसित उत्तर प्रदेश हमें मिलकर बनाना है। जिस पद पर आपका चयन हुआ है उनके दायित्वों का ईमानदारी से निर्वाहन करें। पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। पहले व्यक्ति सरकारी अस्पतालों में इलाज नहीं कराना चाहता था पर हमारी सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग पर विशेष ध्यान दिया तथा सभी आवश्यक सुविधाओं का स्थापित किया आज व्यक्ति सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज करा रहा है। हम सबको सेवा भाव से कार्य करना चाहिए।भाजपा के जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद में जिलाधिकारी के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा में सुधार हुआ है ,इसी प्रकार स्वास्थ्य सेवाओं में भी सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमें लोगों की यह धारणा बदलनी होगी कि सरकारी अस्पतालों में उचित इलाज नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में हमारी सरकार में बेहतर इलाज हो रहा है । उन्होंने नव चयनित कनिष्ठ सहायकों से कहा कि आप लोग सेवा भाव से कार्य करें तथा लोगों की सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए भी जागरूक करें।उन्होंने कहा कि कोरोना काल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेहतर कार्य किया गया था।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव ने सर्वप्रथम नव चयनितों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारा देश विश्व में सबसे युवाओं वाला देश है। युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देने का कार्य हमारे मा. मुख्यमंत्री जी कर रहे हैं। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है।

## गोलहा मजरे जिहवा गांव में जमीनी विवाद में हुआ खूनी संघर्ष एक जिला अस्पताल रेफर

महराजगंज,रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के गोलहा मजरे जिहवा गांव में जमीनी विवाद व पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों से लगभग आधा दर्जन लोग चोटिल हुए हैं। जिसमें चिकित्सकों ने एक की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के गोलहा मजरे जिहवा गांव में आज दिन सोमवार को सुबह 6 बजे दरवाजे के सहन की जमीन को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े जिसमें एक पक्ष से रवि शंकर पुत्र राम आधार, रामकुमार पुत्र राम आधार घायल हुए हैं। तो वहीं रवि शंकर की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से कमलेश, रामसनेही, राम फ़ेर, रामबरन, सरोज आदि लोग योजना बद्ध तरीके से आए और दोनों भाइयों को लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा जिसमें रवि शंकर को गंभीर चोटें आई हैं, तथा दूसरे पक्ष के भी चोटिल लोगों का प्राथमिक उपचार कराकर घर भेज दिया गया है। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## जलसे में पंडाल के बाहर तेज आवाज से बज रहे लाउडस्पीकर, पुलिस ने कराया बंद

चन्दौसी/ कुढफतेहगढ़। थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव दियौरा खास में रविवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिद के निकट जलसे का आयोजन किया। कार्यक्रम स्थल पर लगे पंडाल के बाहर छतों पर तेज आवाज में दर्जन लाउडस्पीकर लगा कर बजाने का दूसरे समुदाय के लोगों ने आपत्ति जताते हुए पुलिस को सूचना दे दी। मामला दो समुदायों के बीच होने से पुलिस सक्रिय हुई और मौके पर पहुंच कर छतों पर लग रहे लाउडस्पीकर पुलिस ने बंद करा दिये। पुलिस के जाने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने फिर से छतों पर लाउडस्पीकर लगा कर तेज आवाज में बजाने शुरू कर दिये । पंडाल के बाहर छतों पर दोबारा से लाउडस्पीकर बजाने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने दोबारा से पहुंच कर लाउडस्पीकर बंद कराया और कार्यक्रम स्थल पर बने पंडाल में ही साउंड बजा कर कार्यक्रम किया गया । रात्रि में कार्यक्रम के दौरान कुढफतेहगढ़ पुलिस तैनात रही।

## बाइक सवार परिवार पर ईंट पत्थर से हमले का आरोप

अनूपशहर। गंगा स्नान कर बाइक से लौट रहे बाइक सवार परिवार पर गांव मलकपुर में समुदाय विशेष के लोगों द्वारा पत्थर फेंकने का आरोप लगाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।गांव डेंटा सैदपुर थाना पिसावा जनपद अलीगढ़ निवासी कुलदीप सिंह पुत्र रवीकरन ने कोतवाली में तहरीर देकर अवगत कराया है, कि भद्रा पूर्णिमा पर अनूपशहर से गंगा स्नान कर बाइक से पत्नी भावना व पुत्री राधा के साथ वापस गांव जा रहा था। गांव मलकपुर में इरशाद के घर के सामने पहुंचा तो उसके घर से ईंट व पत्थर उसकी बाइक पर फेंके गए। घटना में तीनों घायल हो गए। विरोध करने पर उसके पक्ष के 15-20 लोग लाठी डंडे लेकर आ गए और गाली गलौज कर सांप्रदायिक विवाद भड़काने का प्रयास किया। पुलिस ने इरशाद व आसिफ सहित 15-20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा का कहना है, कि घटना की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हुए हैं, मामला संदिग्ध प्रतीत होता है।

## गंगा में बाढ़ से राहत, एक फुट जल घटा

अनूपशहर। गंगा में जलस्तर एक फुट घट जाने से जाह्नवी प्लेटफार्म से पूरी तरह उतर गया है। स्थिति तेजी से सामान्य की ओर बढ़ रही है। सोमवार को गंगा बाढ़ में एक फुट की घटोतरी दर्ज की गई। एक फुट जल घट जाने के बाद जाह्नवी प्लेटफार्म पूरी तरह बाढ़ के पानी से मुक्त हो गया है। अब जाह्नवी प्लेटफार्म पर बाढ़ के दौरान आया बालू जमा हुआ है। जिसे पालिका द्वारा जल्द साफ कर दिया जाएगा। श्रद्धालु गंगा घाट तक पहुंच कर सीढ़ियों पर स्नान करने लगे हैं। मुहल्ला गंगा द्वार में अभी भी मुख्य सड़क पर लगभग 10 फुट तक पानी घुसा हुआ है। एक-दो दिन में वहां से भी पानी वापस गंगा में जाने की संभावना है। गंगा किनारे बसे गांव के खेतों से भी पानी समाप्त होने लगा है। यदि पानी इसी तेजी से घटा तो एक सप्ताह में स्थिति सामान्य हो जाएगी। बाढ़ के चलते किसाने की फसले काफी प्रभावित हुई है। प्रशासन द्वारा गंगा किनारे बसे गांव में लेखपालों के माध्यम से फसलों की क्षति का सर्वेक्षण कराकर रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। जिससे किसानों की क्षति का मुआवजा दिलाया जा सके। इस संदर्भ में डीएम श्रुति ने पहले ही एसडीएम प्रियंका गोयल को निर्देश दे दिया है। गंगा किनारे गांव के लेखपालों को अभी भी लगातार निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया गया है।

## तहसील दिवस में मात्र एक समस्या का निस्तारण

अनूपशहर। संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम वित्त एवं राजस्व ने फरियाद सुनकर तत्काल निस्तारण का निर्देश दिया। 12 में एक शिकायत का निस्तारण किया। सोमवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम वित्त एवं राजस्व अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर राजस्व, विद्युत, पुलिस, सिंचाई, नगर पालिका, पीडब्ल्यूडी, ब्लॉक, आपूर्ति, समाज कल्याण आदि विभागों से संबंधित 12 शिकायती पत्र प्रस्तुत किए गए। जिसमें मौके पर मात्र 1 शिकायत का निस्तारण किया गया। गांव गरहरा निवासी कुंवरपाल सिंह चौहान ने हल्का लेखपाल द्वारा रखे गए प्राइवेट आदमी द्वारा किसानों से रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। एडीएम वित्त अभिषेक सिंह ने सभी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को देते हुए शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम प्रियंका गोयल, तहसीलदार संजय कुमार, नायब तहसीलदार खुशबू सिंह, बीडीओ मनीष मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी दीपक कुमार, एसडीओ विद्युत शैलेंद्र सारस्वत सहित तहसील स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।

## सहसवान कोतवाली में तैनात दरोगा, बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बदायूं। एंटी करप्शन की टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। टीम ने सहसवान कोतवाली में तैनात एक दरोगा को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। उसे पकड़कर बरेली ले गई है। बदायूं में एंटी करप्शन की टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए सहसवान कोतवाली में तैनात दरोगा कमलेश सिंह को रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ लिया। बता दे कि दरोगा ने एक व्यक्ति से 20 हजार रुपये घूस ली थी। उसकी शिकायत पर बरेली से आई एंटी करप्शन टीम ने दरोगा को घूस लेते रंगेहाथ पकड़ा है। वहीं दरोगा कमलेश सिंह किसी मामले के निस्तारण के नाम पर शिकायतकर्ता से रुपये की मांग कर रहा था। उसने एंटी करप्शन ब्यूरो से इसकी शिकायत की थी, जिस पर टीम ने जाल बिछाकर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान दरोगा को मौके से ही हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ के लिए एंटी करप्शन टीम उसे बरेली गई है। वहीं पुलिस विभाग में हड़प्पा मचा हुआ है। वही इस मामले को लेकर सहसवान पुलिस की जमकर फजीहत हो रही है।

## प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री के लिए कहे अपशब्द, आरोपी दो मजदूर गिरफ्तार

बदायूं। ईंट भट्ठा पर काम करने वाले दो मजदूरों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के लिए अपशब्द कहे। इसका वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। आरोपियों की पहचान कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। बदायूं के सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के गांव सिलहरी क्षेत्र में ईंट-भट्ठे पर काम करने वाले दो मजदूरों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के लिए अपशब्द कहे। इसका वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद इंस्पेक्टर सिविल लाइंस ने दोनों आरोपी मजदूरों को गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें रविवार को जेल भेज दिया गया। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव सिलहरी के पास अतुल का ईंट भट्ठा है। यहां काम करने वाले इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव नदेरी के रहने वाले मजदूर मोहब्बे अली पुत्र पुत्र दिलशाद व वकील पुत्र अहमद पुत्र नब्बी अहमद ने शनिवार को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के लिए अपशब्द कहे थे। इसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। स्पेक्टर सिविल लाइंस मनोज कुमार सिंह ने बताया कि छह सितंबर को एक वीडियो सामने आया, जिसमें प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को अपशब्द कहते हुए दो युवक ईंट भट्ठा पर दिख रहे हैं। मामले पर तत्काल संज्ञान लेते हुए भट्ठे को चिन्हित करते हुए आरोपियों की पहचान कराई गई। रविवार को दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तार किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल,बहजोई। कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में परिषदीय विद्यालयों में निपुण लक्ष्य हेतु नवाचार, विद्यालयों में भौतिक परिवेश को बाल मैत्रिक के अवस्थापना सुविधाओं से संतृप्त तथा ऑपरेशन कायाकल्प, नामांकन में वृद्धि, उपस्थिति में ठहराव के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम छात्राओं के द्वारा जिलाधिकारी का तिलक लगाकर सभागार में स्वागत किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई। जिलाधिकारी और मुख्य

**कार्यक्रम में सर्वप्रथम छात्राओं के द्वारा जिलाधिकारी का तिलक लगाकर सभागार में स्वागत किया गया**

विकास अधिकारी को अधिकारियों एवं अध्यापकों ने संक्षिप्त परिचय देते हुए अपने द्वारा किए जाने वाले कार्य के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने कहा कि कार्य को कैसे अच्छी प्रगति पर ले जाया जाए उसके विषय में विस्तार पूर्वक समस्त सदन को बताया।जिलाधिकारी ने समस्त विद्यालयों के कार्य एवं समस्या के विषय पर चर्चा की एवं संबंधित को आवश्यक निर्देशित किया उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की समस्या का संज्ञान लेते हुए यथाशीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों एवं शिक्षकों को एक पुस्तक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में समस्त अधिकारियों एवं शिक्षकों को राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की शुभकामनाएं दी। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों की जो समस्याएं हैं उनका ध्यान में रखते हुए निस्तारण किया जाएगा उन्होंने कहा कि अध्यापक बच्चे अपने संस्कार किसके नामक पुस्तक का अध्ययन करें जिससे बच्चों में अच्छे संस्कार उत्पन्न हो सके उन्होंने कहा कि जनपद में एक पुष्प एवं एक पुस्तक अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने लाइब्रेरी एवं ग्रंथों के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की उन्होंने कहा कि ग्रंथों का अधिक से अधिक अध्ययन करना चाहिए उन्होंने कहा कि एक पुष्प एक पुस्तक अभियान को संज्ञान में लेते हुए घर बने पुस्तकालय के विषय में भी चर्चा की जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षक को हमेशा पढ़ते रहना चाहिए संसार में सबसे बड़ी सेवा शिक्षक की है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, समस्त विकासखंड अधिकारी सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुरादबाद नगर पंचायत पाकबड़ा से सफर ए उमराह के लिए जत्था हुआ रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद। जरीफ अहमद टेंट हाउस वाले और उनकी अहलिया को सफर ए उमराह के लिए रवाना होने पर नगर पंचायत पाकबड़ा के चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने मुबारकबाद दी। यह पवित्र यात्रा उनके लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुभव होगी, जिसमें वे अपने आध्यात्मिक और धार्मिक भावनाओं को और भी गहरा कर पाएंगे। चेयरमैन मोहम्मद याकूब की मुबारकबाद उनके प्रति एक शुभकामना और समर्थन का प्रतीक है। यह पवित्र यात्रा मक्का और मदीना की ओर जाती है, जो मुसलमानों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हैं। उमराह की यात्रा करने वाले जायरीनों को विदा करने के लिए अक्सर उनके परिवार और मित्रगण मौजूद रहते हैं और उन्हें फूलमाला पहनाकर हौसला अफजाई करते हैं। इस अवसर पर चेयरमैन मोहम्मद याकूब की उपस्थिति और मुबारकबाद देना जरीफ अहमद के लिए एक महत्वपूर्ण समर्थन और शुभकामनाओं का प्रतीक है।

## दूसरे दिन भी गंगा में तलाश रही जारी, नहीं लगा युवक का सुराग

बदायूं। गणेश की मूर्ति का विसर्जन करने के बाद गंगा स्नान करते समय डूबे युवक का दूसरे दिन भी सुराग नहीं लगा है। गोताखोर दूसरे दिन भी उसकी तलाश करते रहे। एटा जिला व कोतवाली क्षेत्र के गांव सिमसिमपुर के रहने वाले सनी (16) पुत्र गंगा सिंह समेत करीब 12 लोग गणेश की मूर्ति का विसर्जन करने कछला गंगा घाट पर शनिवार को आए थे। शाम करीब चार बजे मूर्ति के विसर्जन के बाद सभी लोग गंगा स्नान करने लगे। सनी (16) पुत्र गंगा सिंह, अर्जुन सिंह ( 21) पुत्र गंगा सिंह व साहिल (19) पुत्र विनोद गहरे पानी में चले गए। इसी दौरान तीनों डूबने लगे। साथियों ने शोर मचाया तो गोताखोर गंगा में कूद गए।

# संयुक्त बैठक में उत्पीड़न के विरुद्ध भरी हुंकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी समन्वय समिति जनपद बदायूँ की एक बैठक पंचायत भवन नगला सरकी पर आयोजित की गई बैठक में ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी समन्वय समिति जनपद बदायूँ का निम्नानुसार गठन किया गया। रमेश चंद्र पाल, जिलाध्यक्ष, विशाल पटेल, वरिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष, अजय पाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष, अमोल पाराशर,जिला महासचिव, अंकुर पाराशरी,जिला सचिव नीरज मिश्रा, जिला संगठन मंत्री, नदीम हुसैन, जिला संगठन मंत्री, नवीन शर्मा, संरक्षक।

बैठक में ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी संवर्ग की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया सचिवों ने उच्च अधिकारियों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न एवं दोहन पर आक्रोश व्यक्त किया एवं निम्न समस्याओं से

**बैठक में ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी समन्वय समिति जनपद बदायूँ का निम्नानुसार गठन किया गया**

मुख्य विकास अधिकारी महोदय को अवगत कराने का निर्णय लिया गया। जनपद स्तरीय समीक्षा बैठकों में अधिकारियों द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है एवं सचिवों को सार्वजनिक रूप से अपमानित किया जाता है। इस पर तत्काल रोक लगाई जाए भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति होने पर संगठन इसका विरोध करेगा । बैठक में भारी संख्या में ग्राम पंचायत सचिव तथा ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# नसीरी परिवार की ओर से मुशायरे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। शहर के फरशोरी टोला स्थित नसीरी परिवार के अरशद नसीरी बीलम के आवास पर मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसमें शायरों ने बेहतरीन कलाम से सामाजिक विसंगतियों पर करारी चोट की, साथ ही समाधान के भाव भी व्यक्त किए। सबसे पहले अध्यक्षता कर रहे अहमद अमजदी बदायूंनी ने नात पढ़कर मुशायरे का आगाज किया। उन्होंने बेहतरीन अंदाज में ग़ज़ल पड़ी तो श्रोता झूम उठे- सिर्फ नफरत की निगाहों से न देखे दुनिया, मुझको मीज़ाने मुहब्बत से भी तोला जाए। एहसान रज़ा बदायूंनी ने नई नस्लों को अनमोल सीख दी-मिलके अब कारोबार मत करना, चाहे हिस्से में पाई पाई पड़े। शम्स मुजाहिदी बदायूंनी ने इशारों में बात कह कर गागर में सागर भर दिया- कल तक तो मेरे गांव में अमनो अमान था, किसने लड़ा दिया मियां पंडित पठान को। संचालन कर रहे युवा शायर अरशद रसूल ने समाज के दर्द को यूं बयान किया- अपनों ने आज फर्ज

**मुशायरे की शुरूआत कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अहमद अमजदी बदायूंनी ने नात पढ़कर मुशायरे का आगाज किया**

निभाया है इस तरह, घायल हुए हैं हम भी भरोसे के तीर से। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद समर बदायूंनी ने कहा- मुफ़लिसी जब आ गई ईमान तक, हम ने अपने सर का सौदा कर दिया। हसनैन कुर्बान के जज्बात कुछ यूं थे- मैं ज़मी था मुझको भूल गया है वो, उसकी दोस्ती हो गई है आसमान से। इससे पहले मेहमान शायरों को गर्मजोशी से स्वागत करसम्मानित किया गया। आयोजक अरशद नसीरी, शारिक नसीरी ने आभार व्यक्त किया। मुशायरा महफ़िल में एडवोकेट सफीर उद्दीन, फिरोज खान पम्मी सभासद, अमान, जुनैद कमाल, सलमान, शोएब फरशोरी, जहीर बेग, युनुस, अनवर खुर्शीद, अनफ, शकील, सोहराब, हसीब, नदीम, परवेज, अजहर, जैद सिद्दीकी, जैन सिद्दीकी, आकिल, नदीम आदि मौजूद रहे।

## इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 सितम्बर तक बढ़ाई गई

बदायूं। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में 6 माह अवधि के सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों को छोड़कर समस्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तथा पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी गई है। यह जानकारी आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ संजीव राठौर ने दी है। डॉ राठौर ने बताया है कि ऑनलाइन आवेदन करने के लिए इग्नू की वेबसाइट बबब.द्बद्ब्रधफथद.द्ब्र पर लॉगिन करें तथा इग्नू के क्षेत्रीय केंद अलीगढ़-कोड-47 के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय बदायूं स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र कोड 47043 पर आवेदन करें। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ अजय वर्धन आचार्य ने जानकारी दी है कि राजकीय महाविद्यालय आवास विकास में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों में बीए तथा बीकॉम पाठ्यक्रमों सहित 2 वर्षीय अवधि के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हिंदी, लोक प्रशासन, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, एम कॉम विषयों में एवं ग्राम विकास में स्नातकोत्तर डिप्लोमा जैसे पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं।

# जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य करें निर्धारित : एडीजे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुक्रम में एवं माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के निर्देशानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा 08 सितम्बर 2025 विधिक साक्षरता / जागरूकता शिविर का आयोजन मदर एन्थीना स्कूल, बदायूँ में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारम्भ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला शिव विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। प्रधानाचार्य पवित्रा यादव द्वारा ए0डी0 जे0/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, शिव कुमारी को पौधा देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में इस विद्यालय के प्रतिभागी 02 छात्रों जयन्त शखंधार व अभिनम पाठक को पारितोषिक, विजय स्मारक विजय चिन्ह एवं 02 छात्राओं प्राची सिंह व साक्षी भारती वर्ल्ड कप ए0डी0 जे0/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के द्वारा देकर सम्मानित किया गया।इसी क्रम में कार्यक्रम के प्रारम्भ में जिला प्रोबेशन कार्यालय की तरफ से छवि वैश्य द्वारा अपने वक्तव्य में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रहीं विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। शिविर में असिस्टेन्ट, एल0ए0डी0सी0/जि0वि0 से0 प्रा0, बदायूं, सुश्री कशिश सक्सेना, द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं के विधिक अधिकारों से सम्बन्धित एवं 3 नये कानूनों के बारे में एवं भास्तीय संविधान में वर्णित अनुच्छेद-14, अनुच्छेद-15 एवं अनुच्छेद-18, अनुच्छेद-21 व 21ए, एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न टोल फ्री नम्बर 112, 1090, 1076, 15100 इत्यादि के बारे में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया।इसी कम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं श्रीमती शिव कुमारी द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को इस शिविर के अन्त में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं, शिव कुमारी द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं से अपील की गयी कि इन्टरनेट का सही उपयोग करना चाहिए तथा सोशल मीडिया साइटों यथा फ़ेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि का उपयोग उचित दिशा में करना चाहिए एवं अश्लील सामिग्री से दूरी बनाये रखना चाहिए ताकि विद्या अध्ययन करने वाले युवक-युवतियों का विद्यार्थी जीवन नष्ट न हो इसके अतिरिक्त उन्हें अच्छी शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये साथ ही अच्छी सोच और पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना चाहिए एवं भारतीय संविधान में वर्णित महिलाओं के मौलिक अधिकारों व कार्य स्थल पर महिलाओं के प्रति यौन उत्पीड़न अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, निःशुल्क विधिक सहायता अधिनियम 1987 की धारा 12 के बारे में एवं गुड टच बैड टच के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी इसके अतिरिक्त उनके द्वारा स्त्री-पुरूष सामानता सम्बन्धित प्रावधानों एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं कल्याण सम्बन्धित विधिक प्रावधानों को विस्तृत रूप में बताया गया। इसी कम में जनपद न्यायालय परिसर, बदायूं में स्थित ए0डी0आर0 भवन संचालित न्यायालय स्थायी लोक अदालत की प्रकिया एवं कार्यकलापों के बारे में जानकारी दी गयी।इस शिविर के अन्त में सभी छात्र-छात्राओं को अपने वक्तव्य में बताया कि छात्र-छात्राओं को शिक्षित होना चाहिऐ व अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिए। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सेवायें प्रदान की जाती है, यदि किसी प्रकार पीडितों के अधिकारों का उल्लंघन होता है तो वह अपने शिकायती प्रार्थना-पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं व सम्बन्धित थाना में निःसंकोच केस दर्ज करा सकते हैं, एवं साथ ही कार्यकम में उपस्थित छात्राओं से आह्नावान किया गया कि अपने आस-पास के परिवेश में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें, तथा स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखें एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के टोल फ्री नम्बर 15100 पर भी कॉल कर विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# एग्रीस्टैक योजना में ऑफलाइन किसान पहचान पत्र जारी करना अवैध : उप कृषि निदेशक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में एग्रीस्टैक योजना के अनतर्गत जनपदों के कृषकों के गाटों/प्रक्षेत्रों का ई-खसरा पडताल एवं किसान रजिस्ट्री (फार्मर आई0डी0) बनाये जाने का कार्य कृषि विभाग/राजस्व विभाग एवं कॉमन सर्विस सेन्टर (सी0एस0सी0) की सक्रिय भागीदारी से किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि संज्ञान में आया है कि कतिपय सी0एस0सी0/जनसुविधा केन्द्र और सम्बद्ध एजेंसियां, भौतिक/ ऑफ लाइन मोड में ''किसान पहाचान पत्र'' जारी कर रही हैं। यह न केवल नियम विरूद्ध हे अपितु अवैधानिक हैं। कृषि विभाग बदायूँ यह स्पष्ट करना चाहता है कि एग्रीस्टैक योजना के अन्तर्गत किसी भी प्रकार के भौतिक /आर्फलाइन मोड में ''किसान पहचान'' को जारी नही किया जाता हैं। कतिपय अवांछनीय तत्वों द्वारा कृषकों को भ्रमित करने हेतु इस प्रकार के कृत्य किये जा रहे हैं।इस सन्दर्भ में उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि जनपद के समस्त सी0एस0सी0/ जनसुविधा केन्द्र एवं उनके सहयोगी एजेन्सियॉ ऑफलाइन मोड में किसी भी प्रकार के ''किसान पहचान पत्र'' (फार्मर आई0डी0) या उनकी फोटो कॉपी न छापे, न प्रसारित करें और न ही वितरण करें। कृषक भाईयों को सलाह दी जाती है कि यदि किसी प्रकार का प्रकरण कहीं भी संज्ञान में आता है तो उक्त विषयक जानकारी कृपया तत्काल अपने जनपद के कार्यालय-उप कृषि निदेशक, बदायूँ/राजस्व विभाग के अधिकारियों को उपलब्ध करायें तथा टोल-फ्री नम्बर-0522-2317003 पर भी सूचित कराएं। सभी का सहयोग अपेक्षित है।

## जमीनी विवादों में आने वाले शिकायती पत्रों पर राजस्व की टीम व पुलिस मौके पर जाकर मामले का निस्तारण

महराजगंज,रायबरेली। राजस्व संबंधी जमीनी विवादों में आने वाले शिकायती पत्रों पर राजस्व विभाग की टीम व पुलिस विभाग की टीम दोनों मौके पर जाकर मामले का निस्तारण सुनिश्चित करें जिससे महाराजगंज क्षेत्र में होने वाले जमीनी विवाद पर विराम लग सके यह उद्गार आज तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी गौतम सिंह व्यक्त कर रहे थे।सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी गौतम सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमे कुल 37 शिकायती पत्र आए जिसमे से सर्वाधिक शिकायतें राजस्व 20 पुलिस 4 विकास 3 अन्य 10 मौके पर मात्र 4 शिकायतो का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए एसडीएम ने अधिनस्थों को निर्देशित करते हुए कहा कि मौके पर पक्षों की उपस्थिति में शिकायतो का निस्तारण करे लापरवाही किसी भी दशा में बर्दास्त नही की जायेगी।

# सवाल :आखिर किसके संरक्षण में सड़क पर चल रहा अवैध टैक्सी स्टैंड

## सीएम के आदेश के बाद टैक्सी स्टैंडों का संचालन लगातार जारी है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा । जिले में गुरु नानक पुलिस चौकी के पास बीच सड़क पर अवैध टैक्सी स्टैंड और जगह-जगह खड़े वाहनों पर पाबंदी लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश भी बेकार साबित हो रहे है। क्योकि, सीएम के आदेश के बाद टैक्सी स्टैंडों का संचालन लगातार जारी है। आखिर सवाल आता है कि किसके संरक्षण में यह अवैध टैक्सी स्टैंड चल रहे है जिन पर कार्रवाई से पुलिस,नगर पालिका,संभागीय परि वहन विभाग भी बच रहा है जिले में अवैध टै क्सी स्टैंडो का गोरखधंधा जोरों पर फलफूल रहा है। ऐसा तब हो रहा है,जब प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से सख्त आदे श दिए गए थे। इसमें राजस्व को नुकसान पहुंचा ने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई व अनाधि कृत तौर पर संचालित हो रहे अवैध टैक्सी स्टैंड को हटाने व कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे,आदे श का असर जिले में सिर्फ कुछ दिन तक ही दि खाई दिया था कुछ स्थानों पर चल रहे अवैध टै क्सी स्टैंड पर कार्रवाई करते हुए औपचारिकता पूर्ण कर दी गई।इसके बाद फिर सब कुछ पह ले जैसा हो गया।वर्तमान में टैक्सी स्टैंड रोड पर सुबह से ही गुरु नानक पुलिस चौकी से लेकर एलबीएस चौराहे तक रोडवेज बसों के आगे खड़े अर्टिगा कारों के खड़े होने का सिलसिला शुरु हो जाता है।यहां कुछ ही देर में भीड़ सी ल ग जाती है।जबकि,इस स्टैंड के पास एक स्कूलपांच सौ मीटर पर नगर कोतवाली सौ मीटर परदो पुलिस चौकी भी मौजूद है लेकिन अवैध टै क्सी स्टैंड को रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं।वही यातायात प्रभारी जगदंबा ने बताया कि यातायात पुलिस की ओर से अवैध टैक्सी स्टैंड के पास या सड़क पर खड़े वाहनों के चालान किए जाते है।वर्तमान में भी गोंडा लखनऊ रोडया अन्य जगह से आकर चलने वाले टैक्सी यार्ट्रेंपों पर कार्रवाई की जा रही है। वही पीटीओ परिवर्तन दल की कार्यप्रणाली को लेकर कुछ प्रश्न उठाए जा रहे हैं।बताया जा रहा है कि अवै ध टैक्सियों के खिलाफ कार्रवाई सिर्फ करने से बच रहे हैं।

### पीटीओ की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

सड़क हादसों में लगातार लोगों की जान जा रही है।इसमें कमी लाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों संगवर्चुअल बैठक में शहरों में अवैध टैक्सी स्टैंड हटाने के आदेश दिए थे,जिसके बाद नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में परिवहन,नगर पालिका व पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर अवैध टैक्सी स्टैंड के संचालन पर रोक लगा दी थी।वाहन चालकों को शहर से बाहर कर दिया गया था,लेकिन कु छ दिन बाद ही अवैध टैक्सी स्टैंडों का संचालन दोबारा शुरू हो गया,जो आरटीओ व पीटीओ की शिथिलता के कारण फल-फूल रहा है।शहर के सभी मार्गों पर जहां से अवैध टैक्सी स्टैंड हटाए गये थे,वहां फिर से टैक्सियों का जमा वड़ा हो गया है।इससे सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है।लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं। पीटीओ मोहम्मद आरिफ खान का कहना है कि तीन-चार महीने रिटायरमेंट का बचा है।किसी तरह समय पूरा हो जाए।अवैध टैक्सियों पर लगाम लगाकर कौन नेताओं की नाराजगी मोल ले...?

# टूटी सड़क और जलभराव देख भड़के आयुक्त, पीडब्ल्यूडी को दिए कड़े निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा। शहर के बीचों बीच स्थित पुलिस लाइन में पोस्टमार्टम हाउस की ओर जाने वाली सड़क का आयुक्त देवीपाटन शशि भूषण लाल सुशील ने औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सड़क काफी खराब मिली एवं सड़क पर पानी भरा मिला।इस सड़क से होकर आए दिन आने जाने वाले सैकड़ों पुलिस कर्मियों और अन्य लो गों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पीडब्ल्यूडी विभा ग को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द इस रोड की मरम्मत कराकर रोड को सही किया जाये जिससे कि पोस्टमार्टम कराने आने वाले वाहन सुरक्षित तरीके से पोस्टमार्टम हाउस पहुंच सके इस दौरान संयुक्त विकास आयुक्त संबंधित अधिकारी का उपस्थित रहे।

# गोंडा पुलिस के कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

## पीड़ित परिवार न्याय मांग रहा पुलिस प्रशासन से

कैनविज टाइम्स संवाददाता



1गोंड़ा। जिले नवाबगंज थाना क्षेत्र की पुलिस अप राध पर नकेल कसने में पूरी तरह कामयाब हो ती दिखाई नहीं दे रही है।सवाल तब उठ रहे हैं जब हत्या की दो घटनाओं का खुलासा करने में खाकी नाकाम साबित हो रही है बता दें कि 27 अगस्त को नवाबगंज थाना क्षेत्र के उमरिया गांव निवासी 45 वर्षीय ई-रिक्शा चालक संगम उर्फ भोला शुक्ला की हत्या का 13 दिन बीत जाने के बावजूद नवाबगंज थाने की पुलिस अ भी तक खुलासा नहीं कर पाई है।मामला अभी तक अनसुलझा है 27 अगस्त को उमरिया पाव र हाउस के पीछे उनका शव झाड़ियों में मिला था।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कई टीमें लगाई थी नवाबगंज से अयोध्या और वजी रगंज तक के हजारों सीसीटीवी कैमरों की फुटे ज खंगाली जा चुकी है।लेकिन नवाबगंज थाने की पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पु ष्टि हुई थी।लेकिन अब जांच में सामने आया है कि आरोपी एक योजना के तहत नवाबगंज बा जार से मृतक के ही ई-रिक्शा पर बैठकर उमरि या पावर हाउस तक गए। वहां से उन्होंने संगम की हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंक दिया था और वहां से आरोपी मौके से फरार हो गए थे।नवाबगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खि लाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। इले क्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर जांच की जारी है और सर्विलांस टीम भी लगाई गई है।पुलिसजल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज ने का दावा कर रही है।वहीं मृतक के परिजनों में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोश है 13 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस बदमा शों का सुराग नहीं लगा सकी है।ई- रिक्सा चाल क की हत्या के मामले में पुलिस के हाथ खाली है।इससे पुलिस की कार्य शैली पर सवाल उठ रहे हैं।पुलिस की शिथिलता से अपराधी खुले आम घूम रहे हैं,वहीं, पीड़ित परिवार न्याय की उम्मीद लगाए बैठे हैं।इस संबंध में क्षेत्राधिकारी तरबगंज का कहना है कि पुलिस मामले की सं जीदगी से जांच कर रही है।जल्द ही अपराधि यों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## गोरखपुर सांसद रवि किशन की पहल पर सड़क परियोजनाओं को मिली हरी झंडी



गोरखपुर : पूर्वांचल में सड़क और यातायात सुविधाओं के विस्तार को लेकर गोरखपुर सांसद रवि किशन शुक्ला की पहल एक बार फिर रंग लाई है। सांसद द्वारा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को भेजे गए प्रस्तावों पर मंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य आगे बढ़ाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।सांसद रवि किशन शुक्ला ने एनएच-27 (गोरखपुर-लखनऊ राजमार्ग) और एनएच-24 (वाराणसी-गोरखपुर राजमार्ग) पर बाईपास रोड, सिक्स लेन और वैकल्पिक लिंक-रोड निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया था। उन्होंने तर्क दिया था कि इन मार्गों पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे जाम और दुर्घटनाएं आम हो चुकी हैं। गोरखपुर महानगर और उससे सटे कस्बों-गाँवों को राहत देने के लिए सड़क विस्तार समय की जरूरत है।सांसद की मांग पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने तुरंत सज्ञान लिया और पत्र भेजकर आश्वस्त किया।

# समाधान दिवस:137 शिकायतों में सिर्फ 6 का निस्तारण हो सका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और इसमें किसी भी स्त र पर लापरवाही न बरती जाए।उन्होंने फरिया दियों की शिकायतें एक-एक कर सुनीं और उन के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

गोंडा सदर तहसील में 137 शिका यतें आई पर निस्तारण सिर्फ 6 का हो सका।सोमवार को सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन,पुलिस अधीक्षकविनीत जायसवाल की अध्यक्षता में तहसील में संपूर्णसमाधान दिवस का आयोजन किया गयाइस दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राज स्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें।साथ ही उन्हों ने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश,अवैध कब्जा,चकरोड,नाली,अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हट वाने का कार्य करें।शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं,उसके आने पर लिखित रूप से उल्ले ख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्रा फी,वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें उन्हों ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शि कायतों का निस्तारण क़र मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिला धिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित वि भाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

# वंदनीया माता जी के महाप्रयाण दिवस एवं पूर्णिमा तिथि पर हुआ पौधरोपण

## जन्म शताब्दी 2026 पर 521 युवा दाम्पत्य को गायत्री परिवार मिशन से जोड़ने का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के महाप्रयाण दिवस एवं पूर्णिमा तिथि पर वरिष्ठ परिव्राजक राजेन्द्र बहादुर सिंह एवं रामहंस सिंह के द्वारा माता की भाव विभोर करने

गोरखपुर । अखिल विश्व गायत्री परिवार, शान्तिकुंज, हरिद्वार के सतत मार्गदर्शन में गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट, गोरखपुर ने गायत्री चेतना केंद्र, गणेशपुरम, राप्तीनगर, गोरखपुर पर 196वां गायत्री महायज्ञ वाले गीतों के साथ सम्पन्न हुआ। वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के महाप्रयाण दिवस पर गायत्री महायज्ञ में मुख्य दम्पति के स्वरूप में चंद्रशेखर उपाध्याय - वंदना उपाध्याय एवं सुनील कुमार गुप्ता - ज्योति गुप्ता ने महायज्ञ में आहुति प्रदान कर विश्व शांति की प्रार्थना की एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी के महाप्रयाण दिवस पर पौधरोपण किये। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ परिव्राजक राजेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि आज ही के दिन वंदनीया माता जी स्थूल शरीर से सूक्ष्म शरीर मे प्रवेश की थी, आज सम्पूर्ण विश्व मे युग परिवर्तन एवं सतयुग की वापसी की तैयारी पूर्णता तक पहुंचा रही है। हम सभी महाकाल के सत्संकल्प के साथ मानव प्रेम और आत्मित्यता की भावना से जन जन तक ईश्वर के सन्देश को पहुंचाने की अतिआवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन कर्मठ युवा मंडल प्रमुख राज कुमार सिंह ने किया। अंत मे मुख्य प्रबंध ट्रस्टी डॉ दीना नाथ सिंह ने यज्ञ में उपस्थित देवतुल्य भाई - बहिनों के प्रति आभार - धन्यवाद व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चन्द्र शेखर उपाध्याय, वंदना उपाध्याय, सुनील कुमार गुप्ता, ज्योति गुप्ता, राजेंद्र बहादुर सिंह, रामहंस सिंह मौर्या, राज कुमार सिंह, पट्टू दादा, रंजीत बहादुर सिंह, सरोज मिश्र, रीता सिंह, कमलेश सिंह, मीरा वर्मा, मनीष कुमार यादव, आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश, हेमन्त त्रिगुणायत, देवेंद्र बहादुर, हरेश्याम, आशीष सिंह सहित भारी संख्या के श्रद्धालु भाई बहिन उपस्थित थे।

# पैदल जा रहे युवक को वाइक सवार ने मारी टक्कर, घायल, हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। थाना क्षेत्र के कटसहरा - सिसवा मार्ग पर ग्राम पंचायत सिंघवलिया निवासी छोटे लाल पुत्र सरयू शाम छः बजे के करीब पैदल घर जा रहे थे, अभी वह पैटियाट स्कूल सिंघवलिया के पास रोड पर पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार से कटसहरा की तरफ से आ रहे वाइक सवार युवक किसन निवासी कटसहरा पी बी10 एफ जेड 9430 पीछे से जोरदार टक्कर मार कर उपर गाड़ी को चढ़ा दिया जिससे छोटे लाल का पैर फैक्चर हो गया और सिर में भी गंभीर चोट लग गई और वह बेहोश हो गए। सूचना पर पहुंचे स्वजनों ने गोरखपुर एक नीजी अस्पताल में भर्ती हैं जहां वह आई सीओ में हैं। घायल युवक छोटेलाल ज़िन्दगी और मौत से जूझ रहे हैं।

# जनभागीदारी से विजन डॉक्यूमेंट 2047 के निर्माण करने के लिये आयोजित हुआ प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प अ2047 के लिए कार्ययोजना तैयार किये जाने के उद्देश्य से प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद तथा उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप, उ.प्र. शासन रणवीर प्रसाद, से.नि. आईएएस शिवाकान्त द्विवेदी, से.नि. मुख्य अभियन्ता सिंचाई मन्साराम शुक्ला तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में विकसित उत्तर प्रदेश अ2047 अभियान के अन्तर्गत प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश केवल भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आत्मा का केंद्र ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की राजनीतिक चेतना और आर्थिक आकांक्षाओं का सशक्त वाहक भी है। भारत के अमृतकाल में मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विकसित भारत अ2047 की परिकल्पना प्रस्तुत की है। यह परिकल्पना केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र की सामूहिक यात्रा है। देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश इस महान संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाने को तत्पर है।ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि भारत अगर आज दुनिया के लिए ब्राइट स्पॉट है, तो उत्तर प्रदेश भारत की ग्रोथ को ड्राइव करने वाला एक अहम नेतृत्व दे रहा है। वास्तव में, प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में वर्ष 2017 से 2025 के बीच उत्तर प्रदेश ने सुरक्षा, सुशासन और विकास की ठोस नींव रखी है। अब इसी आधार पर मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश को भारत का सबसे अग्रणी और विकसित राज्य बनाया जाए। जिसके लिए विशेषज्ञों के परामर्श और व्यापक जन सहभागिता के साथ विकसित उत्तर प्रदेश /2047 की कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

## कला और संस्कृति के ध्वजवाहक जादूगर मिस्टर इंडिया को माँ भारती सेवा सम्मान



गोण्डा। शिक्षा, साहित्य, कला एवं संस्कृति के संगम संगम अकादमी पब्लिकेशन के द्वारा जनपद गोण्डा के विकास खण्ड परसपुर अंतर्ग त ग्राम सीरपुरवा हरदिहा सपौर निवासी इंटरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया को माँ भारती से वा सम्मान 2025 से नवाजा गया।यह सम्मान उन्हें राष्ट्र और समाजहित में किए गए उल्लेख नीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया।संस्था के निदेशक ओमप्रकाश लववंशी ने कहा कि जादू गर मिस्टर इंडिया के कार्य समाज के लिए प्रेर णास्रोत हैं और ऐसे व्यक्तित्व को सम्मानित कर हमारी संस्था स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक उक्त सम्मा न समारोह 24 अगस्त 2025 को आयोजित हु आ।कार्यक्रम में संस्था के निदेशक ओमप्रकाश लववंशी ने प्रमाणपत्र प्रदान कर जादूगर मिस्टर इंडिया के योगदान की सराहना की।ख्याति प्रा प्त जादूगर मिस्टर इंडिया ने बताया कि यह स म्मान एमएसएमई पंजीकृत संगम अकादमी प ब्लिकेशन, संगम वाटिका,कोटा (राजस्थान) की ओर से प्रदान किया गया।

# शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

## देश निर्माण में शिक्षक की भूमिका अहम : सर्वदा नन्द

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बहराइच के प्रांगण में माध्यमिक शिक्षा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के तत्वाधान में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया । कार्यक्रम का संचालन राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच प्रधानाचार्य नागेन्द्र कुमार ने किया।उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला विद्यालय निरीक्षक बहराइच सर्वदा नन्द ने बोलते हुए कहा कि शिक्षक समाज के सच्चे निर्माता हैं, जो देश को राष्ट्रभक्त नागरिक देते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी जिंदगी में अगर किसी का योगदान माता-पिता के बाद सबसे ज़्यादा होता है तो वो हैं हमारे शिक्षक। वे हमें न केवल पढ़ाई में अच्छा बनाते हैं बल्कि एक अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा भी देते हैं। हर साल 5 सितम्बर को भारत में शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिन खासतौर पर हमारे गुरुओं और शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। इस मौके पर छात्र और समाज, दोनों ही अपने-अपने तरीके से शिक्षकों को धन्यवाद कहते हैं और उनके योगदान को याद करते हैं।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच प्रधानाचार्य नागेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज भग्गड़वा यशवंत सिंह, राजकीय इंटर कॉलेज रमपुरवा प्रधानाचार्य अमित पांडे, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बहराइच, प्रधानाचार्य मधु यादव आदि ने संबोधित किया।कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षकों में रमेश चंद्र त्रिपाठी , शिक्षिका कृष्णा मुरारी, मीना सिंह, सुधांशु द्विवेदी, मनोज शुक्ला, प्रधानाचार्य शिवेंद्र सिंह, रामसंवारे, घनश्याम बाजपेई, हरि कृष्णा मंडल, राम अभिलाष यादव, बिजेंद्र कुमार मिश्रा, माजिद अली, कलीमुल्लाह आदि को सम्मानित किया गया। विद्यालय में सर्वोच्च नामांकन के लिए राजकीय इंटर कॉलेज रामपुरवा बहराइच के प्रधानाचार्य अमित पांडे को वह शंकर इंटर कॉलेज नानपारा के प्रधानाचार्य अनुराग श्रीवास्तव आदि शिक्षक शिक्षकों को मुख्य अतिथि द्वारा अंगवस्त्र, रामायण व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में गांधी इंटर कालेज बहराइच प्रधानाचार्य जसवंत सिंह, शंकर इंटर कॉलेज नानपारा प्रधानाचार्य अनुराग मिश्रा, चौधरी सियाराम इंटर कालेज फखरपुर प्रधानाचार्य बृजेंद्र शर्मा, ठाकुर भगवती सिंह किसान इंटर कॉलेज जरवल रोड प्रधानाचार्य विनोद मिश्रा, वी पी सिंह प्रवक्ता हुकुम सिंह इंटर कॉलेज कैसरगंज , प्रवक्ता राजेश सिंह, आदि सहित सैकड़ो की संख्या में प्रधानाचार्य, शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नानपारा में एसडीएम की बड़ी कार्रवाई

## 10 डग्गामार वाहन सीज, 2.50 लाख जुर्माना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। रुपईडीहा क्षेत्र में लगातार चल रही अवैध डग्गामार वाहनों की शिकायतों पर एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने सोमवार तड़के कड़ी कार्रवाई की। सुबह लगभग 5 बजे एसडीएम ने एआरटीओ, एआरएम डिपो और रुपईडीहा थानाध्यक्ष की संयुक्त टीम के साथ अभियान चलाया, जिसमें यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे 10 डग्गामार वाहन पकड़े गए।इन वाहनों को मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सीज कर दिया गया और कुल ?2.50 लाख का जुर्माना भी लगाया गया। अचानक हुई इस कार्यवाही से क्षेत्र के परिवहन व्यवसायियों में हड़कंप मच गया। जनहित की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए जानी जाने वाली एसडीएम मोनालिसा जौहरी की इस पहल को स्थानीय लोगों ने सराहा। क्षेत्रवासियों का कहना है कि अवैध और लापरवाह परिवहन से कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी थीं, जिस पर अब अंकुश लगने की उम्मीद है। इस कार्रवाई के दौरान थानाध्यक्ष रुपईडीहा रमेश सिंह रावत, एआरटीओ बहराइच ओम प्रकाश, एआरएम रामप्रसाद और उपनिरीक्षक जितेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# एनडीए सांसद कार्यशाला में पीएम मोदी अंतिम पंक्ति में बैठे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। दिल्ली में आज आयोजित एनडीए सांसदों की कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी की अनोखी संगठन संस्कृति और कार्यकर्ता भावना का जीवंत उदाहरण बनी। इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अंतिम पंक्ति में आकर बैठे। यह दृश्य देखकर सभी सांसदों ने भाजपा की उस विशेषता को महसूस किया जिसमें हर कोई, चाहे वह प्रधानमंत्री हो या साधारण कार्यकर्ता, संगठन का समान हिस्सा होता है। सांसद रवि किशन शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का अंतिम पंक्ति में बैठना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भाजपा में पद से ऊपर संगठन और कार्यकर्ता संस्कृति को महत्व दिया जाता है। यही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज विकास और सुशासन का नया मॉडल बन चुका है। प्रदेश की कानून-व्यवस्था, निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को देखकर पूरा देश उत्तर प्रदेश की सराहना कर रहा है। रवि किशन ने कहा कि आज की कार्यशाला में प्रधानमंत्री जी के व्यवहार से यह सीख मिली कि हम सब पहले कार्यकर्ता हैं और फिर जनप्रतिनिधि। भाजपा की यही संगठनात्मक मजबूती पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाती है।

# नोडल अधिकारी एवं प्रबुद्धजनों ने अधिकारियों समूह की महिलाओं, श्रमिक संगठनों के साथ किया संवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के तहत सोमवार को शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी महानिदेशक युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की महानिदेशक चैत्रा बी तथा प्रबुद्धजन सेवानिवृत्त आईएएस संतोष कुमार राय, सेवानिवृत्त आईएफएस आशुबोध कुमार पंत, सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर डॉ अंगद सिंह शिक्षा संकाय आरआर पीजी कॉलेज अमेठी, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ नवनीत कुमार मिश्रा, सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता रजनीश प्रकाश चौधरी सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य अधिकारियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, श्रमिक संगठनों, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों, जनपद के प्रगतिशील किसानों, एफपीओ के सदस्यों के साथ संवाद कर 2047 तक उत्तर प्रदेश को किस प्रकार से विकसित राज्य बनाया जाये इसको लेकर चर्चा की गई तथा सभी से सुझाव भी मांगे गये। बैठक में तीन थीम अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति, जीवन शक्ति तथा बारह सेक्टर कृषि एवं संबंध सेक्टर, पशुधन संरक्षण सेक्टर, औद्योगिक विकास सेक्टर, आईटी एवं इमेजिंग टेक्नोलॉजी सेक्टर, पर्यटन सेक्टर, नगर एवं ग्राम्य विकास सेक्टर, अवस्थापना सेक्टर, संतुलित विकास सेक्टर, समाज कल्याण सेक्टर, स्वास्थ्य सेक्टर, शिक्षा सेक्टर, सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वप्रथम जनपदीय अधिकारियों के साथ शासन द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई तथा 2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित करने की दिशा में क्या-क्या कार्य किये जा सकते हैं उस पर भी अधिकारियों को कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये। नोडल अधिकारी ने कहा कि अभी हाल ही में जनगणना शुरू होने वाली है तो उसी को ध्यान में रखते हुए अपने अपने विभाग की प्लानिंग करें कि किस प्रकार से 2047 तक प्रदेश को विकसित राज्य बनाया जा सकता है सरकार के 2047 के विजन के अनुसार जिलों की भी कार्य योजना तैयार करें। बैठक में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से वार्ता के दौरान समूह की महिलाओं ने कहा कि हम लोग जो भी प्रोडक्ट बना रहे हैं उसे बेचने के लिए मार्केटिंग की आवश्यकता है सही मार्केट ना मिल पाने से उत्पादों की बिक्री में कठिनाई होती है इसके साथ ही समूह की जो महिलाएं अनपढ़ हैं उन्हें शिक्षित करने की दिशा में भी कार्य किया जाए जब महिलाएं सशक्त होंगी तभी देश विकसित होगा। इस पर सेवानिवृत आईएएस संतोष कुमार राय ने महिलाओं को लेमनग्रास की खेती करने का सुझाव दिया। उन्होंने डीसी एनआरएलएम को समूह की महिलाओं से बात कर उन्हें लेमनग्रास की खेती करने के लिए तैयार करने को कहा साथ ही कार्यशालाएं

**2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने को लेकर किया चर्चा एवं मांगे सुझाव**

आयोजित कर उन्हें विभिन्न उत्पादों के निर्माण को लेकर प्रशिक्षित करने को कहा तथा महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री हेतु बेहतर मार्केटिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही बैठक में विभिन्न श्रमिक संगठनों से भी वार्ता की गई तथा उनके क्षेत्र में सरकार द्वारा क्या-क्या कदम उठाए जा सकते हैं एवं श्रमिक संगठनों को सरकार से क्या-क्या अपेक्षाएं हैं तथा श्रमिक संगठनों को किस प्रकार कार्य करना चाहिए इस पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों, जनपद के प्रगतिशील कृषकों, एफपीओ के सदस्यों के साथ बैठक कर कृषि, पशुपालन के क्षेत्र में कार्य कर किसानों की आय कैसे बढ़ा सकते हैं इस बारे में चर्चा की गई साथ ही जनपद में औद्यानिक खेती, बागवानी को बढ़ावा देने के बारे में चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को किसानों से वार्ता कर औद्यानिक खेती, पशुपालन, बागवानी आदि का क्षेत्र विस्तार करने के निर्देश दिए गए।

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग ने आयोजित की कार्यशाला

**राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका वर्षा सक्सैना को कार्यशाला में जिलाधिकारी ने किया सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के मौके पर चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बेसिक शिक्षा विभाग ने कार्यशाला आयोजित की है। कार्यशाला में मुख्य अतिथि की हैसियत से संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि सभी स्कूली बच्चे फर्नीचर पर ही बैठेंगे। कोई भी विद्यालय फर्नीचर विहीन नहीं होना चाहिए। साक्षर समाज होगा तभी विकास होगा। शिक्षित समाज ही मजबूत विकास की बुनियाद होती है। डीएम ने शिक्षको से अपनी कार्यशाली बेहतर बनाने की भी अपील की। साक्षरता केवल पढ़ने लिखने तक ही सीमित नहीं है।बल्कि यह बुनियादी कौशल भी है।जो सामाजिक विकास के लिए व्यक्तियों को सशक्त भी बनाता है। कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास रहे।उन्होंने कहा शिक्षा में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। कायाकल्प के माध्यम से स्कूलों की सूरत बदली है। स्कूली बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक से लेकर तमाम सुविधाएं दी जा रही है। कार्यशाला के दौरान जिले के मास्टर ट्रेनर शिक्षक सोनिल कुशवाहा,प्रवीण कुमार,अनुज कुमार, अमनदीप सिंह,मोहम्मद लतीफ,उषा रानी, गोपाल कृष्ण सहित 16 शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर डीएम,सीडीओ,डीआईओएस,बीएसए अमित कुमार सिंह ने सम्मानित किया। इस मौके पर चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य,जिला समन्वयक राकेश पटेल सहित शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी मौजूद रहे है।कार्यशाला का संचालन शिक्षक दुर्गेश कुमार आर्य ने किया है।

# इन्हौना में दिनदहाड़े सातवीं के छात्र को अगवा करने का प्रयास

**इन्हौना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बजाय पीड़ित छात्र और उसके परिजनों को दिखाया बाहर का रास्ता**

**सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के सहारे कार सवार लोगों की तलाश करने में जुटी पुलिस**

अमेठी । थाना इन्हौना क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक छात्र को दिनदहाड़े कार सवार बदमाशों द्वारा अपहरण करने का प्रयास किया।छात्र किसी तरह अपहरणकर्ताओं के चंगुल से जान बचाकर भाग निकला। पीड़ित छात्र ने स्थानीय थाने पहुंचकर पूरे घटनाक्रम से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने अभियोग दर्ज करने के बजाय मामले की जांच करने की बात कहकर बाहर का रास्ता दिखा दिया है।थाना क्षेत्र के गांव बड़नापुर निवासी छात्र मोहम्मद हसन पुत्र मजीद अहमद ने बताया कि वह सुबह आठ बजे शिवगढ़ स्थित बीटीएस पब्लिक स्कूल पढ़ने जा रहा था। वह कक्षा सात का छात्र है।अहोरवा भवानी रोड पर पेशाब करने के लिये रुका था तभी ब्रेजा कार पर सवार पांच से छह भगवाधारी बदमाशों ने जगदीशपुर जाने का रास्ता पूंछा और बोले कि मुझे रास्ता बता दो तो मैंने कहा कि मुझे स्कूल जाने की देरी हो रही है तभी एक आदमी ने उस छात्र का मुंह व हाथ पकड़ कर अंदर खींचने लगा और एक आदमी बेहोश करने के लिये कपडे पर दवा लगाने लगा। छात्र ने जब शोर मचाने की कोशिश की तो अपहरणकर्ताओं द्वारा उसका मुंह दबाया गया तभी छात्र ने गाड़ी के गेट पर पैर मारकर किसी तरह वहां से भाग निकला। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से छात्र काफी डरा सहमा हुआ है और इलाके में भय का माहौल व्याप्त है। पीड़ित छात्र ने स्थानीय थाने पर पहुंचकर पूरे घटनाक्रम से पुलिस को अवगत कराया लेकिन अपराध को छिपाने में माहिर इन्हौना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बजाय पीड़ित छात्र एवं उसके परिजनों को जांच पड़ताल करने की बात कहकर बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

## मछली मारने गये युवक का शव नदी में मिलने से फैली सनसनी

अमेठी । थाना मुसाफिरखाना क्षेत्र के गांव हाजीगंज के एक अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में नदी से बरामद हुआ है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव हाजीगंज निवासी जगन्नाथ रैदास उम्र पचास वर्ष रविवार को दोपहर में घर से नदी में मछली मारने के लिये निकले थे।देर शाम तक जब वह वापस नही लौटे तो परिजन चिंतित हो उठे और खोजबीन में जुट गये लेकिन कोई सुराग नही लग सका। खोजबीन के दौरान सोमवार को सुबह उनका शव नदी किनारे संदिग्ध हालात में पाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। मृतक के परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मौत के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# सपा नेता राजकुमार राजू ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। शिक्षक दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया है।इस अवसर पर बड़ी संख्या मे सेवानिवृत्त शिक्षक जुटे कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह ''जग्गा'' ने कहा कि ''शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। और उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता उन्होंने समाजवादी पार्टी की सरकार मे शिक्षको के लिये चलाई गई कल्याण कारी योजनाओं को भी उन्होंने गिनाया।कार्यक्रम आयोजक समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' ने आए हुए सभी शिक्षकों का आभार जताते हुए कहा की ''शिक्षक दिवस के अवसर पर हम सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान करते हैं। जिन्होंने अपने जीवन को शिक्षा के लिए समर्पित किया है उन्होंने बताया वह खुद शिक्षक थे। उसी दौरान जनता की सेवा करने का मन आया और इस्तीफ़ा देकर राजनीति मे आए शिक्षको के प्रयासों से ही हमारे समाज में शिक्षा का स्तर सुधरा है। युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिला है। हम उनके योगदान को सलाम करते हैं और उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना करते है।इस दौरान विशिष्ठ अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कार्यक्रम की सराहना करतें हुए कहा की आज इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिये आए हुए सभी शिक्षकों को बारम्बार नमन एवं नेता जी स्व.मुलायम सिंह यादव जी के शिक्षक रहने के दौरान संस्मरण सुनाए।इस अवसर पूरी विधानसभा के सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया और उनके समाजवादी पार्टी के नेताओं ने छात्र जीवन के अपने किस्सों को सुनाया एव अनुभवों को साझा करने का अवसर प्रदान किया गया।कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के अन्य नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे जिन्होंने अपने विचार रखे जिनमे प्रमुख रूप से मास्टर गुरदयाल सिंह,कौशल वाजपेयी,सपा जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव,समाजवादी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी, कल्याण सिंह सरोज,संजय खान,मीता सिंह,दिनेश वर्मा,भगवान दीन वर्मा आदि रहें है।

## प्राथमिक विद्यालय में लगा स्वास्थ्य कैम्प

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड पूरनपुर की ग्राम पंचायत राहुल नगर चंदिया हजारा में स्थित प्राथमिक विद्यालय में स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। इस कैंप में ग्राम प्रधान,चिकित्सक, एएनएम और कई ग्रामीण उपस्थित रहे। चिकित्सकों ने स्कूली बच्चों और ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें आवश्यक दवाएं प्रदान कीं। एएनएम जितेन्द्र कौर ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने स्वास्थ्य कैंप में सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया है।स्वास्थ्य कैंप के आयोजन से ग्राम पंचायत के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मदद मिली और उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस तरह के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ती है। और लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होता है।

## नगर पंचायत जहानाबाद में स्वच्छ भारत अभियान की जमकर उड़ रही धज्जियां गंदगी का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत जहानाबाद की स्थिति स्वच्छ भारत अभियान के उद्देश्यों के विपरीत दिखाई देती है। केंद्र और राज्य सरकारें स्वच्छता पर जोर दे रही हैं और लाखों करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं, लेकिन नगर पंचायत का कार्यालय खुद गंदगी से घिरा हुआ है। नगर पंचायत कार्यालय के पास स्वच्छता बनाए रखने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं।कचरे का सही तरीके से निपटान नहीं किया जा रहा है।जिससे गंदगी फैल रही है। स्थानीय लोगों लोगों ने गंदगी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है।

## सचिव एवं प्रधान मिलकर लगातार बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में करा रहे फॉगिंग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड क्षेत्र की बाढ़ ग्रस्त ग्राम पंचायत नोजलहा नकटाह में फॉगिंग कार्य किया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित गांव में डेंगू और मलेरिया के बचाव के लिए एंटी लार्वा फागिंग का कार्य किया जा रहा है। पंचायत सचिव राजेश कुमार गौतम और ग्राम प्रधान राम जीवन सरकार ने मिलकर लगातार बीमारियों के बचाव के लिए फार्मिंग करा रहे हैं। गांव में फागिंग होने से संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा कम हो जाएगा। कुछ दिन पूर्व पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के पहाड़ों पर हुई लगातार कई दिनों तक बारिश का पानी बनबसा बैराज में जमा हो गया लेकिन पानी की मात्रा अधिक होने पर बनबसा बैराज से पानी को शारदा नदी में छोड़ दिया गया जिससे शारदा नदी उफान पर आ गई और शारदा नदी का पानी ग्रामीणों के घरों में घुस गया जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा घरों में पानी भर जाने से ग्रामीण कही आ व जा नहीं जा सके और उनके खाने-पीने की परेशानी बढ़ गई जिसको देखते हुए ग्राम प्रधान और सचिव राजेश कुमार गौतम ने लगातार घर-घर जाकर ग्रामीणों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई है। जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

## अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर बेसिक स्कूल के बच्चों ने निकली रैली

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बेसिक स्कूल कंपोजिट स्कूल गढ़ा कला में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में ज़न जागरण रैली निकाली गयी और 15 से ऊपर आयु के सभी नागरिकों को साक्षर बनाने की शपथ ली है।इस अवसर पर इंचार्ज मंजू रानी सहायक अध्यापक सोहन, शिक्षा मित्र ममता देवी,आंगनबाड़ी कार्यकतरी सुनीता देवी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे है।नोडल संकुल शिक्षक हुकूम सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय स्तर का है। इसलिए सभी की जिम्मेदारी बनती है।

## मंत्री एवं ब्लॉक प्रमुख ने वितरण की खाद्यान्न सामग्री

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड मरौरी की ग्राम पंचायत वक्शपुर, नावकुड,वेहरी,दियूनी केसरपुर सहित अन्य ग्रामों में बाढ़ ग्रसित परिवारों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना एवं खाद्यान्न किट वितरण की हैं।इसे मौके पर मंत्री संजय सिंह गंगवार,ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा,अपर जिला अधिकारी रितु पुनिया, उप जिलाधिकारी श्रद्धा सिंह, तहसीलदार सदर अर्चि गुप्ता क्षेत्र पंचायत सदस्य तेजराम वर्मा,अमित वर्मा, शांति स्वरूप पाल,अमित सिंह, ओमप्रकाश वर्मा सहित पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे हैं।

# पहले पुलिस पर बनाया दबाव, फिर दिया ज्ञापन

**संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा की मौत से जुड़ा मामला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुड़वार सुल्तानपुर। बीते 31 अगस्त को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई छात्रा की मौत मामले में पहले तो बिरादरी के नेताओं ने थाने पहुंचकर पुलिस पर अनावश्यक दबाव बनाते हुए गांव के ही तीन लोगों को तत्काल जेल भेजने का दबाव बनाया जब इसमें नहीं सफल हुए तो जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर मृतका को न्याय दिलाने की गुहार लगाते हुए थाना प्रभारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर डाली।

मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के बहलोलपुर गांव से जुड़ा है। जहा 30 अगस्त को फोटो कॉपी कराने गई छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकी हुई लाश मिली थी। मामले में परिवारजनों ने शव का अंतिम संस्कार न करने की धमकी देते हुए अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करा लिया था। जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण एंटी मार्टम हैंगिंग आई है। इधर सोमवार को भारतीय स्वतंत्र पंच पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता व महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभा सक्सेना ने मृतका के परिजनो के साथ थाने पहुंचकर गांव निवासी तीन युवकों को को तत्काल जेल भेजने का दबाव बनाने लगे। उनका कहना है कि जब मृतका की मां उनका नाम बता रही है तो जांच की कोई आवश्यकता नहीं है पहले जेल भेजिए फिर जांच करिए। वही प्रदीप गुप्ता ने पोस्टर्माटम रिपोर्ट पर भी सवाल उठाए कि वह भी गलत है। जबकि पोस्टमार्टम पैनल द्वारा वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ हुआ है। जब थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने कहा कि जो भी लोग सीडीआर, सीसीटीवी में संदिग्ध लग रहे है उन्हें थाने बुलाकर पूंछताछ की जा रही है। जब घटना के साक्ष्य नहीं मिलते है तब तक ऐसे किसी के कहने से किसी को जेल नहीं भेजा जा सकता। तो इतना सुनते ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ आए परिजन सहित जिलाध्यक्ष वाराणसी आशीष शुक्ल, मिर्ज़ापुर संतोष कुमार भोजवाल, शाहजहांपुर से विनोद, जय कुमार एडवोकेट, संदीप कुमार सहित दर्जनों लोग थाने से चले गए और जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी करते हुए प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा को निलंबित करने की मांग करने लगे। सभी लोगों ने सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग किए है। प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया कि मामले की निष्पक्षता से जांच की जा रही है जो भी दोषी होगा उसे गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा। अनावश्यक दबाव बनाने से किसी को अपराधी नहीं माना जा सकता।

## बच्चों ने अपने गुल्लक मे जमा पैसे बाढ़ पीड़ितों को किये दान

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव शेरपुर के रहने वाले समाजसेवी जैगम खान के पुत्र अरमान खां, बाबर खान 10 वर्ष ने पंजाब में आयी बाढ़ आपदा को देखते हुये अपने जुड़े पैसे को इकट्ठा कर पूरनपुर गुरुद्वारा साहिब ब्लाक रोड पहुंचकर रंजीत सिंह व वलजीत सिंह खैरा के हाथ मे आर्थिक मदद कि खैरा ने कहा जैगम खां के पुत्रो के उत्साह व सामाजिक सेवा देखकर गर्व महसूस हुआ है ।इससे पहले भी इन बच्चो ने कोरोना में भी बहुत लोगों की मदद की थी। मैंने देखा यह बच्चे अपने पिता जैगमं खान का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने इन बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है ।इस मौके पर रनजीत सिंह, बलजीत सिंह खैरा, समाजसेवी जैगम खा, सुधीर मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे है।

# हिन्दी विभाग ने सड़क सुरक्षा पर निकाली जागरूकता रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। कमला नेहरू संस्थान के हिंदी विभाग द्वारा दिन सोमवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विद्यार्थी इस रैली के माध्यम से के.एन.आई.टी. कस्बा व रतनपुर के निवासियों को सड़क सुरक्षा एवं इसके नियमो के प्रति जागरूक किए। इस अवसर पर ग्रामीणों से सम्पर्क करते हुए छात्रों ने सड़क सुरक्षा के जरूरी उपायों पर भी चर्चा किया। उन्हें सड़क पर सही दिशा में चलने, यातायात के नियमों के पालन तथा हेलमेट आदि के प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो.प्रतिमा सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा का प्रश्न जीवन रक्षा से जुड़ा हुआ है। जीवन की सुरक्षा का प्रश्न महत्त्वपूर्ण है। डा. पवन कुमार रावत ने बताया कि भारत में सड़क दुर्घटना एक बड़े खतरे के रूप में आज दस्तक दे रहा है। इससे मुक्ति यातायात के नियमों के अनुपालन से ही संभव है। डा.प्रिया श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि सड़क सुरक्षा का पालन नागरिकों की महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस दायित्वबोध को हमें अपने व्यवहार में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर प्रो.प्रतिमा सिंह, डा.पवन कुमार रावत, डा.प्रिया श्रीवास्तव तथा राज सिंह, पारूल, हैप्पी, अंबुज, रचित, देवनारायण आदि छात्र उपस्थित रहे।

# पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे पांच अन्तर्जनपदीय शातिर चोरों को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । थाना शिवरतनगंज पुलिस ने चोरी,डकैती की योजना बना रहे पांच अन्तर्जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से चोरी की एक अपाचे मोटरसाइकिल,एक तमंचा,दो जिंदा कारतूस,एक बांका व पांच हजार रुपया नकद बरामद किया है।थाना शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम उसरहा से अहोरवा भवानी जाने वाले मार्ग पर कुछ व्यक्ति चोरी/डकैती की योजना बना रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर इमरान पुत्र मोहम्मद इबरार निवासी खैराना थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली,मोहम्मद अरबाज पुत्र बादशाह खान निवासी दिलावलगढ़ मजरे आजादपुर थाना इन्हौना व सलमान पुत्र अकबर अली निवासी खैराना थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली को गिरफ्तार किया गया जिसमें दौरान तलाशी से मोहम्मद इमरान के कब्जे से एक बैग से एक बांका व दो रुपये नकद, मोहम्मद अरबाज के कब्जे से एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस, सलमान के कब्जे से एक हथौड़ी,एक पेचकस,एक प्लास व दो सौ रुपये नकद बरामद हुये।भागने वाले दोनों व्यक्तियों के संबंध में पूंछने पर मोहम्मद इमरान ने उनका नाम-पता सद्दाम पुत्र कल्लू निवासी खैराना थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली व मंगा पासी निवासी सांगीपुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी बताया तथा यह भी बताया कि वही लोग उन तीनों को चोरी/डकैती करने के लिये बुलाया था।अपाचे मोटरसाइकिल संख्या यूपी 36 डी 5504 को मोहम्मद इमरान ने सद्दाम उपरोक्त के साथ मिलकर ग्राम रानीगंज प्रेमगढ़ जगदीशपुर अमेठी से चोरी करना बताया। तीनों लोगों ने बताया कि वह पांचो लोग मिलकर रेकी करके गैंग बनाकर चोरी डकैती का कार्य करते हैं। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये शातिर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# देवभूमि और दानवी हसरतें

देवभूमि में हाल की अभूतपूर्व त्रासदी ने हमें आत्ममंथन को बाध्य किया कि हमें पहाड़ों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए। यह भी कि संसार में कुछ स्थान आध्यात्मिक व धार्मिक निमित्त ही होते हैं। जब उसे देवभूमि कहते हैं तो उसे देवी-देवताओं के लिये संवारना भी जरूरी है। उसी के अनुरूप कारोबार, बाजार व व्यवहार की व्यवस्था होनी चाहिए। होटल हों या रिट्रीट सेंटर- उस संस्कृति के अनुरूप ही बनें। सारी दुनिया में विभिन्न धर्मावलंबियों ने ऐसा ही किया है। उदाहरण के लिये वेटीकन सिटी को लें तो उसका परिवेश एक आध्यात्मिक नगरी के रूप में तैयार किया गया है। इसी तरह मक्का-मदीना को देखिए वहां पर लोग सिर्फ धार्मिक कार्यों के लिये ही जाते हैं। वहां सीमेंट फैक्ट्री, लिकर या क्लब का लाइसेंस मांगने कोई नहीं जाता। इतना सब कुछ होने के बावजूद एक रिच इंड्रस्टी की आधारभूमि भी बनी हुई है वेटीकन सिटी। आम आदमी सोचता है कि कहां आ गया मैं स्वर्ग में। हमारा हिमाचल बहुत ज्यादा बड़ा नहीं है, लेकिन विकृत व्यावसायिक पर्यटन ने इसके मूल-स्वरूप से खिलवाड़ किया है। जिसकी अनुमति पहाड़ का परिवेश नहीं देता है। देवभूमि, विशेषकर इसके पहाड़ी इलाके सिर्फ अध्यात्म की राजधानी बनने योग्य ही हैं। अब मनाली को ही लें, करीब चार हजार होटल हमने बना दिए हैं। अंदाजा लगाना कठिन नहीं है कि चार हजार होटल बनाने के लिये प्राकृतिक व्यवस्था का कितना अतिक्रमण किया गया होगा। कहने को कोई कह सकता है कि ये मेरी जमीन है। लेकिन जब होटल बनाओगे तो मिट्टी की स्थिति बदलेगी और पेड़ काटे जाएंगे। पहाड़ का स्ट्रक्चर हिलेगा। एक पहाड़ की संवेदनशील स्थिति में चार हजार होटल होना एक बड़ा नंबर है। वहीं दूसरी तरफ दया का तर्क है कि प्राकृतिक आपदा से होटल उद्योग ठप हो गया है। उनसे जुड़े बीस-तीस हजार लोगों की रोजी-रोटी का संकट है। लेकिन सवाल पर्यटकों के पहाड़ की संस्कृति के विरुद्ध आचरण का भी है। उसका व्यवहार सीखा-सिखाया तो नहीं होता जो पहाड की कल्चर व मर्यादा के अनुरूप हो। कुछ दिन मौज-मस्ती के लिये आया व्यक्ति प्रकृति के मूल व्यवहार में हस्तक्षेप तो करता है लेकिन आपदा के वक्त खिसक लेता है। जैसा कि हम मानते हैं कि देवभूमि है तो देवता है... तो जब हमारा आचरण प्रकृति के विरुद्ध होता है तो देवता की भी किसी बात पर नाराजगी तो हो सकती है। जो किसी बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है। हमें एक सांकेतिक कथा सुनायी जाती है- शिवजी द्वारा गणेश जी को उद्दंडता का दंड देने की। यह महज एक सांकेतिक कथा है। कोई पिता अपने पुत्र के साथ ऐसा नहीं कर सकते, खासकर देव तो बिल्कुल नहीं। सांकेतिक निहितार्थ यह हैं कि कोई भी मर्यादा से परे जाएगा तो फिर उसका नुकसान होगा ही। कमोबेश यह स्थिति हिमाचल और उत्तराखंड की है। ऐसी स्थिति हरिद्वार-ऋषिकेश से लेकर चारधाम तक की है। ये देवभूमि देवताओं की भूमि। इस 140 करोड़ के पूरे देश में इन दोनों राज्यों के पहाड़ी क्षेत्र के लोगों की आबादी एक करोड़ के आसपास होगी। एक जैसे ही चार-पांच पहाड़ होंगे। इस पूरे इलाके को स्प्रीचुअल राजधानी को डेडिकेट कर दिया जाए। इसके विपरीत यदि अन्य कार्य होंगे तो नुकसान होगा। यहां समृद्ध मिनरल का खजाना है। प्राकृतिक खेती हो सकती है। हर्ब्स जीविका का आधार बन सकते हैं। उसके अनुरूप जीवन से ही ये पहाड़ संरक्षित रहेंगे। यहां पब व डिस्को कल्चर अवॉइड किया जाना चाहिए। अब देखिए चंडीगढ़ इतना सुंदर सिटी है। इसे आप डांस की सिटी बना दें। यूथ की सिटी बना दें। ऐसे में देवी-देवताओं के स्थान को डिस्को का केंद्र बनाने की कोई सेंस नहीं बनती। आगे मर्यादा की बात करें और पीछे से विलासिता, तो यह नहीं चलेगा। आम आदमी सरकार सारा दोष सरकार को दे देता है। उसने ये नहीं किया, वो नहीं किया। फिर यह राजनीति का मुद्दा बन जाता है। लेकिन हमने पहाड़ की अस्मिता को बचाने के लिये क्या किया...।पहाड़ों में विकास के गणित की विडंबना देखिए कि हमने कथित विकास में हजार करोड़ का इनवेस्टमेंट किया और चार हजार करोड़ का नुकसान हो गया। तो ये कैसा विकास हुआ... कुदरत का संदेश यही है कि जो जगह आपने मंदिर को दे दी, उस जगह में कॉमर्शियल बिल्डिंग मत बनाओ।

# प्रकृति की नाराजगी को नहीं समझा तो मानव अस्तित्व खतरे में

**आज की बाढ़ और जल प्रलय केवल पानी का उफान नहीं, बल्कि हमारी गलतियों का आईना है। यह प्रकृति का प्रतिशोध है, उसकी चेतावनी है कि यदि अब भी नहीं चेते तो भविष्य और भी विकराल होगा। महात्मा गांधी ने कहा था-ल्लप्रकृति हर किसी की आवश्यकता पूरी कर सकती है, लेकिन किसी के लालच को नहीं।ङ्क यही सच्चाई है। यदि हमने संतुलन नहीं सीखा, तो यह विनाशकारी दृश्य आने वाले वर्षों में और भयावह होंगे। लेकिन यदि हमने चेतावनी को अवसर माना, तो प्रकृति फिर से मां की तरह हमें संभाल लेगी। जीवनदायी पानी जब अपने विकराल रूप में सामने आता है तो उसका प्रकोप कितना घातक और विनाशकारी हो सकता है, यह इस वर्ष की मूसलाधार मानसूनी बारिश एवं बादल फटने की घटनाओं ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है। सामान्यतः जल जीवन का आधार है, लेकिन जब वही जल अपनी मर्यादा तोड़कर प्रलयंकारी रूप में आता है तो घर, खेत, सड़क, पुल, मंदिर-मस्जिद और मानवीय जीवन तक बहाकर ले जाता है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के पहाड़ी राज्य इस समय प्रकृति के ऐसे ही कहर का दंश झेल रहे हैं। बादल फटने की अप्रत्याशित घटनाएं, पहाड़ों से टूटते हिमखंड, अचानक बहते मलबे और बेकाबू नदियों का सैलाब-ये सब मिलकर भयावह परिदृश्य खड़ा कर रहे हैं। वनों की कटाई ने न केवल भूमि की जलधारण क्षमता घटाई है, बल्कि स्थानीय जलवायु चक्र को भी प्रभावित किया है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान बढ़ा है, जिससे पहाड़ी इलाकों में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और अप्रत्याशित समय पर अत्यधिक वर्षा हो रही है। यही कारण है कि बादल फटने जैसी घटनाएं पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गई हैं।**

प्रकृति अपनी उदारता में जितनी समृद्ध है, अपनी प्रतिशोधी प्रवृत्ति में उतनी ही कठोर है। जब तक मनुष्य उसके साथ तालमेल में रहता है, तब तक वह जीवन को वरदान देती है, जल, जंगल और जमीन के रूप में। लेकिन जैसे ही मनुष्य अपनी स्वार्थपूर्ण महत्वाकांक्षाओं और तथाकथित आधुनिक विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति की उपेक्षा करने लगता है, यही प्रकृति विनाश का रूप धारण कर लेती है। आज पूरे भारत में जो बाढ़, जल प्रलय और मौसम के अनियंत्रित बदलाव के दृश्य दिखाई दे रहे हैं, वे केवल प्राकृतिक आपदा नहीं हैं, बल्कि हमारी गलतियों का सीधा परिणाम हैं। प्रकृति के इस रौद्र रूप के पीछे महज संयोग या 'कुदरत की नाराज़गी' को जिम्मेदार ठहराना पर्याप्त नहीं है। यह आपदाएं सीधे-सीधे जलवायु परिवर्तन, वनों की अंधाधुंध कटाई और अनियंत्रित विकास मॉडल का परिणाम हैं। पहाड़ों का पारिस्थितिकी तंत्र अत्यंत संवेदनशील होता है, लेकिन नीतिनिर्माताओं ने पहाड़ों के विकास को मैदानी मॉडल पर ढालने की कोशिश की। बड़े-बड़े होटल, अव्यवस्थित सड़कें, बांध, खनन और निर्माण ने पहाड़ों की नाजुक संरचना को हिला दिया। जब जंगल काटे जाते हैं तो वर्षा का पानी भूमि में समाने के बजाय सीधे तेज धाराओं के रूप में बहने लगता है। यही बाढ़ और भूस्खलन का बड़ा कारण बनता है, इसी से भारी तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है, देश के बड़े हिस्से में जन-जीवन अस्त-व्यस्त है, लाखों हेक्टेयर फसलें जनमग्न है, जान-माल का नुकसान भी बड़ा हुआ है, भारी आर्थिक नुकसान ने घना अंधेरा बिखेर दिया है। चारों ओर चिन्ताओं एवं परेशानियों के बादल मंडरा रहे हैं। आज की बाढ़ और जल प्रलय केवल पानी का उफान नहीं, बल्कि हमारी गलतियों का आईना है। यह प्रकृति का प्रतिशोध है, उसकी चेतावनी है कि यदि अब भी नहीं चेते तो भविष्य और भी विकराल होगा। महात्मा गांधी ने कहा था-ल्लप्रकृति हर किसी की आवश्यकता पूरी कर सकती है, लेकिन किसी के लालच को नहीं।ङ्क यही सच्चाई है। यदि हमने संतुलन नहीं सीखा, तो यह विनाशकारी दृश्य आने वाले वर्षों में और भयावह होंगे। लेकिन यदि हमने चेतावनी को अवसर माना, तो प्रकृति फिर से मां की तरह हमें संभाल लेगी। जीवनदायी पानी जब अपने विकराल रूप में सामने आता है तो उसका प्रकोप कितना घातक और विनाशकारी हो सकता है, यह इस वर्ष की मूसलाधार मानसूनी बारिश एवं बादल फटने की घटनाओं ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है। सामान्यतः जल जीवन का आधार है, लेकिन जब वही जल अपनी मर्यादा तोड़कर प्रलयंकारी रूप में आता है तो घर, खेत, सड़क, पुल, मंदिर-मस्जिद और मानवीय जीवन तक बहाकर ले जाता है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के पहाड़ी राज्य इस समय प्रकृति के ऐसे ही कहर का दंश झेल रहे हैं। बादल फटने की अप्रत्याशित घटनाएं, पहाड़ों से टूटते हिमखंड, अचानक बहते मलबे और बेकाबू नदियों का सैलाब-ये सब मिलकर भयावह परिदृश्य खड़ा कर रहे हैं। वनों की कटाई ने न केवल भूमि की जलधारण क्षमता घटाई है, बल्कि स्थानीय जलवायु चक्र को भी प्रभावित किया है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान बढ़ा है, जिससे पहाड़ी इलाकों में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और अप्रत्याशित समय पर अत्यधिक वर्षा हो रही है। यही कारण है कि बादल फटने जैसी घटनाएं पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गई हैं। पहाड़ों की बस्तियां, जो कभी प्राकृतिक संतुलन में जीती थीं, अब मानवजनित गतिविधियों की मार झेल रही हैं। दरअसल, समस्या का मूल यह है कि हमने विकास की परिभाषा को केवल कंक्रीट और मशीनों से जोड़ दिया है। पर्यावरणीय संतुलन और पारिस्थितिकीय संवेदनशीलता को दरकिनार कर योजनाएं बनाई गईं। इसी का परिणाम है कि जब आपदा आती है तो न तो हमारी चेतावनी प्रणाली पर्याप्त साबित होती है और न ही प्रशासन की तैयारियां। सर्वोच्च न्यायालय में हिमाचल सरकार ने यह स्वीकार भी किया है कि अब तक अपनाए गए उपाय अपर्याप्त हैं। यह स्वीकारोक्ति बताती है कि समस्या कितनी गंभीर है। भारत की नदियाँ कभी जीवन का स्रोत मानी जाती थीं। गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, नर्मदा, गोदावरी जैसी नदियों के किनारे सभ्यताएँ पली-बढ़ीं। लेकिन आज वही नदियाँ मौत का पैगाम बनकर आती हैं। कारण है उनके प्राकृतिक प्रवाह में मानवीय हस्तक्षेप-बेतरतीब बांध, अतिक्रमण, नालों में बदल चुकी धारा और किनारों पर बसी बस्तियाँ। भारत में हर साल औसतन 1,600 लोग बाढ़ से मारे जाते हैं और लगभग 75 लाख लोग प्रभावित होते हैं। फसलें तबाह होती हैं, पशुधन मरता है और अरबों रुपए की आर्थिक क्षति होती है। केवल 2023 में उत्तराखंड, हिमाचल और दिल्ली में आई बाढ़ से 60,000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ। पिछले कुछ दशकों में मौसम का पैटर्न पूरी तरह बिगड़ चुका है। मानसून जो पहले जून से सितंबर तक नियमित हुआ करता था, अब अनिश्चित और असमान हो गया है। कभी 24 घंटे में महीनों की बारिश हो जाती है, तो कभी लंबे सूखे का दौर देखने को मिलता है। 2013 की केदारनाथ त्रासदी ने पहाड़ों में अंधाधुंध निर्माण की पोल खोल दी। 2023 में दिल्ली में यमुना का 45 साल का रिकॉर्ड टूटना इस बात का संकेत है कि शहर जलवायु परिवर्तन और अव्यवस्थित शहरीकरण के सामने पूरी तरह असुरक्षित हो चुके हैं। देश के लगभग हर हिस्से में जल प्रलय की कहानियाँ देखी जा सकती हैं। उत्तराखंड और हिमाचल में पहाड़ टूट रहे हैं, भूस्खलन से गांव उजड़ रहे हैं। बिहार और असम में बाढ़ हर साल लाखों लोगों को बेघर कर देती है। दिल्ली और मुंबई जैसे आधुनिक महानगर भी जलजमाव से पंगु हो जाते हैं। राजस्थान जैसे रेगिस्तानी राज्य में भी अनियंत्रित बारिश और बाढ़ का नया खतरा मंडरा रहा है। सड़कों पर नावें चल रही हैं, पुल बह गए हैं, खेत-खलिहान जलमग्न हैं। यह नजारा केवल विनाश का नहीं, बल्कि हमारी नासमझी का प्रमाण है। प्रकृति बार-बार संकेत देती है कि संतुलन ही जीवन का आधार है, लेकिन हमने उसकी सीमाओं को लांघ दिया है। पहाड़ों को खोखला कर सुरंगें और सड़कें बनाई गईं। जंगलों को काटकर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए। नदियों को उनके मार्ग से हटाकर कृत्रिम रास्तों में बांध दिया गया। आज जब बादल फटते हैं या नदियाँ बेकाबू होती हैं, तो यह केवल आपदा नहीं बल्कि प्रकृति का प्रतिशोध है। अब सवाल यह है कि इस संकट से निपटें कैसे। केवल राहत और मुआवजा देना समाधान नहीं है। आवश्यकता है दीर्घकालिक और ठोस कदम उठाने की। हमें जंगल बचाने होंगे, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करना होगा, शहरी योजनाओं में जलनिकासी और हरियाली को महत्व देना होगा, पर्वतीय विकास में संयम लाना होगा और सबसे बढ़कर जनजागरूकता फैलानी होगी ताकि लोग समझ सकें कि पर्यावरण की रक्षा ही उनके जीवन की रक्षा है। जरूरत है कि आपदाओं को केवल 'प्राकृतिक' न मानकर उन्हें 'मानव निर्मित' एवं सरकार की गलत नीतियों की आपदाएं' भी समझा जाए। इसका अर्थ है कि इनका समाधान केवल राहत और बचाव तक सीमित न रहकर दीर्घकालिक रणनीति से जुड़ा होना चाहिए। विशेषज्ञों की राय, वैज्ञानिक अध्ययन और स्थानीय समुदायों के अनुभवों को मिलाकर ऐसी नीतियां बननी चाहिएं, जो पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना और पारिस्थितिकी को ध्यान में रखें। प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति हमें चेतावनी दे रही है कि यदि हमने समय रहते संतुलित विकास का मार्ग नहीं चुना तो भविष्य और अधिक भयावह होगा। पूर्व चेतावनी प्रणाली को सशक्त बनाना, पहाड़ी राज्यों के बीच आपसी समन्वय बढ़ाना, आपदा प्रबंधन तंत्र को त्वरित और प्रभावी बनाना, और सबसे बढ़कर-वनों एवं प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना, यह सब आज की सबसे बड़ी जरूरत है। दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद भारत प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली भारी जन-धन हानि को बर्दाश्त नहीं कर सकता। इस वर्ष की बाढ़ और बादल फटने की घटनाएं केवल त्रासदी नहीं, बल्कि एक स्पष्ट संदेश हैं-कि प्रकृति के साथ असंतुलन की कीमत हमें अपने अस्तित्व से चुकानी पड़ सकती है। इसलिए विकास की नीतियों को पर्यावरण की दृष्टि से पुनर्परिभाषित करना ही इस संकट से उबरने का वास्तविक मार्ग है। - ललित गर्ग

# पेयजल की कमी से मचेगा हाहाकार

**संजीव ठाकुर**

सामान्य तौर पर देखेंगे तो जल की उपलब्धता को लेकर कोई विशेष संकट नजर नहीं आता है। किंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग हैसपृथ्वी की सतह का लगभग 70% भाग जल से आच्छादित हैसपृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का 97% समुद्र खारा पानी है, जो उपयोग के योग्य नहीं है सअतः मात्र 3% जल ही पीने के योग्य है,इससे भी कम जल नदी, तालाब, झीलों भूगर्भीय जल के रूप में मनुष्य व अन्य जीवों के पीने के योग्य मीठे पानी के रूप में उपलब्ध है, परिणामतः पीने योग्य जल का संकट और गहराता जा रहा है। यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी-बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है। जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है। पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है। प्रकृति में मानव के हस्तक्षेप के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई से ताजे जल के संकट को कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। शहरों में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता का स्तर निरंतर कम होते जा रहा है। इसका सबसे सर्वोत्तम उदाहरण दक्षिण अफ्रीकी शहर कैपटाउन एवं भारत के बंगलुरु शहरों में असीमित जनसंख्या के दबाव में लहराते जल संकट के कारण इन शहरों में यानी नो वाटर सप्लाई दिवस तक की नौबत आ गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रकाशित जल विकास रिपोर्ट 2018 में पीने योग्य जल की घटती उपलब्धता एवं गहराता संकट को लेकर महायुद्ध की संभावनाओं का खुलासा किया है। जल संकट को लेकर अगले महा युद्ध की संभावनाओं को यदि टटोलने तो यह बात सत्य प्रतीत होती है जिसमें एक तरफ जलाभाव वाले देश का होगें तथा दूसरा पक्ष जलाधिक्य वाले देशों की होगी। जल के निरंतर गिरते स्तर को लेकर ऐसी विकराल स्थितियां उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण मानवता तार-तार हो जाएगी और जल का उपयोग करने वाले जैविक जीवन का स्थिति समाप्त हो जाएगा। अतः यह उचित होगा कि समय रहते हम इस संकट को भाप लें एवं जल जैसे हम उन संसाधन के संरक्षण को लेकर युद्ध स्तर पर उचित कदम उठाएं। यूनाइटेड नेशंस वाटर अभियान के माध्यम से जल संकट से विश्व को अवगत करवाते हुए जल संकट के संबंध में आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। दूसरी तरफ प्रसिद्ध दवद-हवअमतदउमदजंस ऑर्गेनाइजेशन जल संकट से विश्व को अवगत कराते हुए जल संरक्षण के संबंध में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। आवश्यकता से अधिक जल प्रयोग करने से धरती का जलस्तर कृषकों की पहुंच से परे होता जा रहा है। वैश्वीकरण व उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रेरित अंधाधुंध विकास की दौड़ में जल स्त्रोतों को प्रदूषित कर मानव समाज ने स्वयं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। बढ़ती जनसंख्या भी वैश्विक जल संकट का एक बड़ा कारण है। यदि जनसंख्या की वृद्धि की रफ्तार से होती रही तो अगले दशक में वैश्विक जनसंख्या में वृद्धि की दर से 25% जनसंख्या को प्रयोग जितना ही पानी उपलब्ध हो पाएगा। यह भयानक जल संकट तथा वैश्विक खतरे की ओर इंगित करता है। वैश्विक स्तर पर जल विवाद लगातार होते रहते हैं मध्य एशिया में कैस्पियन सागर के जल बंटवारे संबंधी विवाद का समाधान तटवर्ती देशों द्वारा संधि के माध्यम से किया गया है।

## सेहत मंत्र

# भूख न लगने की और कब्ज की समस्या को दूर करता है एलोवेरा का जूस

एलोवेरा एक ऐसा पौधा है जो आजकल तकरीबन हर घर में मिल जाता है, क्योंकि महिलाएं उसका इस्तेमाल अपने स्किन और बालों को सुंदर बनाने के लिए करती हैं। इससे न सिर्फ त्वचा साफ और पिंपल्स मुक्त बनती है, बल्कि बाल भी चमकदार बनते है, लेकिन क्या आप जानते हैं सौंदर्य निखारने के साथ ही एलोवेरा कई तरह की बीमारियों से लड़ने में भी मदद करता है। आयुर्वेद विशेषज्ञों के मुताबिक, नियमित रूप से एलोवेरा जूस का सेवन करने से कई तरह की बीमारियों से बचाव होता है। एलोवेरा में प्रोटीन, विटामिन समेत एंटी-ऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा में होती हैं, जो त्वचा के साथ ही पेट से जुड़ी बीमारियों से भी बचाने में मदद करता है। स्वाद में भले ही थोड़ा कड़वा होता है, लेकिन इसके जूस का नियमित सेवन आपको स्वस्थ बनाने में मदद करता है। आयुर्वेद में एलोवेरा को बहुत महत्वपूर्ण औषधि माना गया है। जिन लोगों को कब्ज की समस्या या पेट से जुड़ी अन्य परेशानी रहती है, उन्हें नियमित रूप से सुबह उठने के बाद एलोवेरा जूस का सेवन करना चाहिए। एलोवेरा जूस में समान मात्रा में पानी मिलाकर पी सकते हैं। यदि आपको इसका स्वाद अच्छा नहीं लगता है तो इसमें थोड़ा आंवले का जूस मिला लें। नियमित सेवन से कब्ज की समस्या दूर हो जाएगी। जिन लोगों को अक्सर सिरदर्द की समस्या रहती है उनके लिए भी एलोवेरा बहुत फायदेमंद हो। रोजाना सुबह खाली पेट एलोवेरा जूस पीने से बार-बार होने वाले सिरदर्द से राहत मिलती है। यदि आपको भी भूख नहीं लगती है और इसके कारण कमजोरी आ गई है तो आपके लिए एलोवेरा जूस बहुत फायदेमंद है। दरअसल, नियमित रूप से एलोवेरा जूस पीने से पेट साफ रहता है और जब पेट साफ रहेगा तो भूख अपने आप खुल जाती है। एलोवेरा जूस सुबह पीने से शरीर से हानिकारक पदार्थ बाहर निकल जाते हैं, यानी यह डिटॉक्सिफिकेशन का काम करता है। दरअसल, रोजमर्रा के खान पान की गलत आदतों के कारण

## धर्म मंत्र

# सुखी एवं समृद्ध जीवन के आधार है गणेशजी

भगवान गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं, वे सात्विक देवता हैं और विघ्नहर्ता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। हर तरफ गणेश ही गणेश छाए हुए है। मनुष्य के दैनिक कार्यों में सफलता, सुख-समृद्धि की कामना, बुद्धि एवं ज्ञान के विकास एवं किसी भी मंगल कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु गणेशजी को ही सर्वप्रथम पूजा जाता है, याद किया जाता है। प्रथम देव होने के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है, लोकनायक का चरित्र हैं। भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी को सिद्धि विनायक भगवान गणेश का जन्मोत्सव मनाया जाता है। गणेश के रूप में विष्णु शिव-पावर्ती के पुत्र के रूप में जन्म थे। उनके जन्म पर सभी देव उन्हें आशीर्वाद देने आए थे। विष्णु ने उन्हें ज्ञान का, ब्रह्मा ने यश और पूजन का, धर्मदेव ने धर्म तथा दया का आशीर्वाद दिया। शिव ने उदारता, बुद्धि, शक्ति एवं आत्म संयम का आशीर्वाद दिया। लक्ष्मी ने कहा कि जहां गणेश रहेंगे, वहां मैं रहूंगी।' सरस्वती ने वाणी, स्मृति एवं वक्तृत्व-शक्ति प्रदान की। सावित्री ने बुद्धि दी। त्रिदेवों ने गणेश को अग्रपूज्य, प्रथम देव एवं रिद्धि-सिद्धि प्रदाता का वर प्रदान किया। इसलिये वे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव है। वे भारत सहित सिंध और तिब्बत से लेकर जापान और श्रीलंका तक की संस्कृति में समाये हैं। वे जैन सम्प्रदाय में ज्ञान का संकलन करने वाले गणाध्यक्ष के रूप में मौजूद रहते हैं तो बौद्ध धर्म की वज्रयान शाखा का विश्वास है कि गणेश की स्तुति के बिना मंत्र सिद्धि नहीं हो सकती।

## पर्यटन



# पर्यटकों के लिए बेहद खास है मथुरा

भगवान कृष्ण की नगरी कहलाई जाने वाला धार्मिक स्थल मथुरा दुनियाभर में पर्यटकों के बीच प्रसिद्ध है। यहां भगवान कृष्ण के दर्शन करने के लिए विश्वभर से पर्यटक आते हैं। ये स्थल भगवान श्री कृष्ण जन्मभूमी से भी जाना जाता है। विशेषतौर होली मानाने के लिए यहां दूर-दूर से लोग आया करते हैं। यहां कृष्ण मंदिर के अलावा कई अन्य जगह भी हैं जहां आप घूमने के लिए जा सकते हैं। मथुरा से करीब 56 किलोमीटर की दूरी पर आगरा है। आप चाहें तो मथुरा के साथ-साथ आगरा भी घूमने जा सकते हैं। अगर आप मथुरा जा रहे हैं तो सबसे पहले कृष्ण जन्मभूमि मंदिर ही जाएं। कृष्ण जन्मभूमि से ही आपको ये साफ हो गया होगा कि ये कृष्ण भगवान का जन्म स्थान है। बता दें कि इस मंदिर को उसी कारागार के बाहर बनाया गया है जहां भगवान कृष्ण ने जन्म लिया था। कहते हैं कि यहां कृष्ण भगवान की शुद्ध सोने से बनी 4 मीटर की मूर्ति थी, जिसको महमूद गजनवी द्वारा चुरा लिया गया था। मथुरा के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक बांके बिहारी मंदिर है। ये राधा वल्लभ मंदिर के पास स्थित है। बता दें कि भगवान कृष्णा का दूसरा नाम बांके बिहारी भी है। इस मंदिर में बांके बिहारी की मूर्ति काले रंग की होती है। इस मंदिर में पहुंचने के लिए आपको संकरी गलियों से जाना पड़ेगा। अगर आप भगवान कृष्ण से संबंधित घटनाएं कलाकृतियां देखना चाहते हैं तो द्वारकाधीश मंदिर जा सकते हैं। ये मंदिर विश्राम घाट के निकट स्थित है। इसका निर्माण साल 1814 में किया गया था। इस मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ लगी रहती है, खासतौर पर जन्माष्टमी में यहां ज्यादा भीड़ देखने को मिलती है। मंदिर के दर्शन करने के अलावा आप म्यूजियम भी देखने जा सकते हैं। साल 1974 में मथुरा संग्रहालय का निर्माण किया गया था। इस संग्रहालय का पहले नाम 'कर्जन म्यूजियम ऑफ आर्कियोलॉजी' था। यहां आप कुषाण और गुप्त वंश से संबंधित कई कलाकृतियां देख सकते हैं। यहां अनोखी वास्तुकला और कई कलाकृतियों हैं, इसका चित्र भारत सरकार के स्टैंप पर भी छापा गया है। मथुरा के प्रमुख स्थानों में से एक कुसुम सरोवर है। ये लगभग 60 फीट गहरा और 450 फीट लंबा है।

# सरोज जी की संपादकीय से नीति निर्धारण करते थे राजनयिक : डा.दिनेश

## शिव सिंह' सरोज स्मरणोत्सव




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्य. मनीषी,. पत्रकार-शिरोमणि शिव सिंह' सरोज' की स्मृति में राष्ट्र भाषा परिषद् और शिव सिंह सरोज' स्मारक समिति के संयुक्त तत्वावधान में नगर पालिका के शिव सिंह' सरोज' सभागार में स्मरणोत्सव का आयोजन किया गया। साहित्यकार डॉ. दिनेश चन्द्र अवस्थी की अध्यक्षता मैं आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पद्?मश्री डॉ.विद्या विन्दु सिंह उपस्थिति रही।

समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार योगेन्द्र शुक्ल ''''मधूप' और प्रख्यात युवा गीतकार गजेंद्र प्रियांशु को शिव सिंह' सरोज, साहित्य-सृजन सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य वक्ता डॉ.राम बहादुर मिश्र ने कहा कि बाराबंकी जनपद की साहित्य सम्पदा का हिन्दी साहित्य इतिहास की समृद्धि में महत्वपूर्व योगदान है। उन्होंने कहा कि शिव सिंह सरोज' का लेखन बहुआयामी था; वे कालजयी रचनाकार और पत्रकारिता के युग-पुरुष थे। मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. विद्या बिन्दु सिंह ने कहा कि महाकवि शिव सिंह सरोज के 'लक्ष्मण' और 'विश्वामित्र सनातन' महाकाव्य तथा लवकुश नाटक संस्कृति की अनमोल धरोहर हैं। समारोह की अध्यक्षता करते हुए डॉ. दिनेश चन्द्र अवस्थी ने कहा कि स्वतंत्र कि' स्वतंत्र भारत' के सम्पादकीय को संज्ञान में लेकर शासन प्रशासन और राजनेता नीति निर्धारण करते थे। 'सरोज' जी ऐसे महान संपादक थे।समारोह में एम एस सी, अंगद सिंह ने सरोज जी की स्मृति में उनके गांव में स्मृति-द्वार' और सड़क बनाये जाने की घोषणा की। समारोह मे अम्बरीष' अम्बर', रवि अवस्थी सुनील बाजपेयी, किरन सिंह, इन्द्रासन इन्दु' सिंह आदि ने काव्यांजलिया प्रस्तुत की। समारोह का संचालन अजय सिंह गुरुजी ,आभार प्रदर्शन श्रीमती रमा सिंह ने किया।

# वायरल बुखार ने बढ़ाई कोठी सीएचसी की मुसीबत, मरीज बेहाल








कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इन दिनों हालात बेकाबू हो चुके हैं। वायरल बुखार ने मरीजों की संख्या इतनी बढ़ा दी है कि अस्पताल में पैर रखने की जगह तक नहीं बची। सोमवार को हाल ये था कि सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे घंटों लाइन में खड़े रहे लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं मिला।

अस्पताल में केवल तीन डॉक्टर ही मरीजों को देख रहे थे, बाकी चिकित्सकों का कहीं अता-पता ही नहीं था। मरीज परेशान होकर इधर-उधर भटकते रहे। जांच बाहर की लिखी जा रही थी, दवाएं भी बाहर से ही दिलवाई जा रही थीं। गरीब मरीजों को जेब ढीली करनी पड़ रही थी और इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा था।

### अस्पताल में अचानक बढ़ी संख्या घंटों बिलबिलाने रहे मरीज

रामलाल भवानी बक्सर पुरवा विवेक कुमार सारी मोहिउद्दीनपुर रामकली अमसेरुवा ठिकरिया निहारिका सहित अन्य मरीजो ने बताया कि वो सुबह 10 बजे आये थे, लेकिन दोपहर 12 बजे तक भी नंबर नहीं आया। मरीजों का आरोप है कि अस्पताल में प्राइवेट कर्मचारी इलाज और रजिस्टर संभालते दिखते हैं।

इस पूरे मामले पर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. संजीव सिंह ने कहा कि सभी चिकित्सकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जांच और इलाज अंदर ही किया जाए और मरीजों को बाहर न भेजा जाए।

# राष्ट्रीय ध्वज से सुसज्जित लकदक होगा क्रांति पार्क, साकेंद्र ने अधिकारियों संग देखा स्थल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड निंदूरा की ग्राम पंचायत बसारा स्थित क्रांति पार्क का निरीक्षण किया। बताते चलें कि इस पार्क का सौंदर्यीकरण प्रस्तावित है। निकट भविष्य में यहां एक राष्ट्रीय ध्वजवा दो लाइट की स्थापना की जानी है। विधायक साकेत वर्मा ने आज लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ पार्क का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने पूरी तन्मयता से माप की। इस पर विधायक ने निर्देश दिया कि बाउंड्री टूटने के बाद पार्क का पुनर्निर्माण इस तरह किया जाए कि यह आकर्षक व भव्य दिखे। विधायक ने आगे बताया कि क्रांति पार्क में एक सेल्फी प्वाइंट भी विकसित किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों और युवाओं को आकर्षण का केंद्र मिलेगा।

इस मौके पर एडीओ पंचायत अनिल सिंह, अवर अभियंता ग्रामीण सचिन यादव, पीडब्ल्यूडी अवर अभियंता आरबी सरोज समेत विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# लक्ष्य तय कर मेहनत से करें पढ़ाई सीखें हुनर: साकेन्द्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। स्थानीय राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा में शनिवार को करियर मेला का भव्य आयोजन बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा और विशिष्ट अतिथि एसडीएम फतेहपुर कार्तिकेय सिंह ने संयुक्त रूप से किया। विधायक श्री वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मोबाइल ज्ञान का भंडार भी है और अभिशाप भी। यह इस पर निर्भर करता है कि आप उसका उपयोग किस तरह करते हैं। उन्होंने छात्रों को संदेश दिया कि बिना संकल्प और कड़ी मेहनत के सफलता पाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज योगी सरकार में भर्ती केवल प्रतियोगी परीक्षा पास करने के बाद ही संभव है। इसलिए लक्ष्य तय कर मेहनत से पढ़ाई करें और हुनर सीखें। माता-पिता और गुरुजनों की आज्ञा का पालन कर ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें और उसी के अनुसार कार्य करें। आने वाले समय में यही बच्चे समाज की सेवा करेंगे।

डॉ. राम कुमार गिरी ने कहा कि अब केवल पर्ची से नौकरी का दौर समाप्त हो चुका है। मेहनत और समर्पण के बल पर ही सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से माता-पिता की सेवा करने और संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अवर अभियंता (ग्रामीण) सचिन यादव ने अवर अभियंता बनने की प्रक्रिया और तैयारी के गुर समझाए। वहीं एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह ने एडीओ पंचायत, ग्राम विकास अधिकारी और ब्लॉक विकास अधिकारी बनने की प्रक्रिया और परीक्षाओं की जानकारी दी।

प्रभारी प्रवक्ता योगिंदर कौर के मार्गदर्शन में विज्ञान, स्वास्थ्य, व्यावसायिक शिक्षा और पंख पोर्टल से संबंधित करियर स्टॉल लगाए गए, जिनका मुख्य अतिथियों ने निरीक्षण किया और छात्रों से संवाद किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने अतिथियों का आभार जताते कहा कि इस तरह के करियर गाइडेंस मेला छात्रों के लिए बेहद उपयोगी हैं, जिनसे उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने का मार्गदर्शन मिलता है।

इस मौके पर एसबीआई कुर्सी प्रबंधक पीयूष कुमार मौर्य, बसारा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिवदयाल जायसवाल, प्रेरणा महाविद्यालय प्रबंधक डॉ. विकास श्रीवास्तव, डॉक्टर अर्जुन चौधरी,सुनील विश्वकर्मा , प्रदीप रावत,विशाल सिंह,कुर्सी प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह,कानूनगो कैलाश बहादुर,लेखपाल प्रिंस कुमार, बसारा ग्राम प्रधान मनीष जायसवाल ,प्रवक्ता कुमार नंदन प्रधान,नीलेश कुमार सिंह, योगिंदर कौर,अनीता सिंह,ज्योति वर्मा,सहायक अध्यापक रेखा वर्मा,महेंद्र कुमार समेत बड़ी संख्या में गणमान्यजन, शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### इन्हौना में फिलिस्तीनी झण्डा लहराने वाले लोगों तक नही पहुंच सके पुलिस के हाथ

अमेठी । क्षेत्र के कस्बा इन्हौना में बीते शुक्रवार को बरावफात के जुलुस मे फिलिस्तीनी झण्डा लहराये जाने को लेकर भाजपाइयों ने नाराजगी जाहिर करते हुये आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा है। क्षेत्र के कस्बा इन्हौना के मोहल्ला शिवाला टोला निवासी राजेश मौर्य ने थाने पर सौंपे गये शिकायती पत्र मे लिखा हैं कि इन्हौना कस्बे में वारावफात जुलूस के दौरान कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा फिलिस्तीन का झण्डा लहराया गया था जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।दूसरे देश का झंडा लहराना राष्ट्र की सम्प्रभुता और अखंडता पर गम्भीर हमला है बल्कि क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग करने और जनता के बीच बैमनस्यता फैलाने की सीधा प्रयास है यह कार्य पूर्णता देश विरोधी व दण्डनीय अपराध है।प्रकरण में दोषी व्यक्तियों की पहचान कर तत्काल गिरफ्तारी करते हुये उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। यह घटना देश की एकता, अखंडता और राष्ट्र पर सीधा प्रहार है यदि इस प्रकार गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में गम्भीर परिणाम सामने आ सकते है।इस मौके पर भाजपा के मण्डल अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव, बच्चू लाल यादव,रिंकू सिंह, राहुल पाठक, शिव करन त्रिवेदी, सुनील पासी, शुभम तिवारी, बृजेन्द्र, बिपिन सिंह,अमरीश जायसवाल, राजेश यादव, सचिन सहित तमाम भाजपाई मौजूद रहे। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने उक्त मामले मे कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### स्वामी कॉलेज के टीचर के पुत्र की पिटाई

पूरनपुर। नगर निवासी नदीम स्वामी डिग्री कलेज में अध्यापक के तौर पर बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं। उनका पुत्र जिया उल हक जो कि नगर में स्थित सेंट जॉसेफ़ स्कूल के कक्षा 10 का छात्र है। छात्र स्कूल की छुट्टी के बाद समय करीब 2:00 बजे घर जा रहा था। तभी स्कूल के बाहर छात्र की ही कक्षा में पढ़ने वाले छात्र निशन प्रीत सिंह जो कि उनके पुत्र को अक्सर सोशल मीडिया के माध्यम से गाली देता रहता था ।छुट्टी के समय अध्यापक के पुत्र को पड़कर मारपीट करने लगा और उसने हाथ में पहने कड़े और पास में पड़ी सरिया से अध्यापक के पुत्र पर हमला कर दिया अध्यापक के पुत्र के कई चोटे आई हैं।

# स्वैच्छिक रक्तदान में भाकियू ने दर्ज कराई भागीदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी भारतीय किसान यूनियन हरपालगुट व भारतीय किसान संगठन का हर माह होने वाला संयुक्त रूप से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय बाराबंकी के ब्लडबैंक में आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने फीता काटकर शुभारंभ किया और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान करने से चार लोगों की जिंदगी बचाने के काम आता है रक्तदान सभी लोगों को करना चाहिए खून की कमी से किसी गरीब मजदूर महिलाओं की जान ना जाए यही धर्म है मनुष्य का जिसमें पांच कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर महादानी बने जिसमें ब्लॉक उपाध्यक्ष नरेन्द्र यादव नगर सचिव राजू खान राजेंद्र यादव अविनाश कुमार बृजेश कुमार शामिल रहे 10 कार्यकर्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया अगले माह के लिए।इस मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष के के यादव गुड्डू जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी महिला जिलाध्यक्ष ममता यादव जिला महासचिव अरविंद यादव मोनू रस्तोगी फूलचंद यादव देशराज यादव संजय यादव रामानंद यादव पुष्पांजलि सैनी बबीता शर्मा गरिमा सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित ।

### दहेज लोभियों के ऊपर मुकदमा हुआ दर्ज

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के अंतर्गत डीहा रहीमपुर निवासी राकेश उर्फ कोलई ने अपनी पुत्री पल्लवी की शादी लगभग चार महीना पहले मोहब्बत में असंद्रा थाना क्षेत्र के रानी पुरवा मजरा दिनपनाह गांव में मोहित पुत्र राकेश के साथ लगभग 4 माह पहले हिंदू रीति रिवाज के हिसाब से दान दहेज देकर किया था लेकिन शादी के बाद से लगातार ससुराल पक्ष के लोग दहेज कम मिलने को लेकर मारते पीटते थे और उसे कमरे में बंद कर देते थे लगभग 15 दिन पूर्व पुत्री पर के चरित्र पर लांछन लगाकर मारपीट कर घर से भगा दिया इसकी शिकायत पुलिस से कर दहेज के लिए सज्ञान होती ससुराल राकेश जेठ रोहित पति मोहित जेठानी शालिनी के खिलाफ पुलिस से शिकायत की थी पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है थाना प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी का कहना है शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गई है।

### पितरों के प्रति कृतज्ञ का पर्व पितृपक्ष प्रारंभ

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पितृ के प्रति कृतज्ञता का पर्व पित्र पक्ष आज से प्रारंभ हुआ। और हिंदू धर्मावलंबियों में श्राद्ध और पिंडदान का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। इस पक्ष में पूर्वजों को प्रतिदिन लोग यथा शक्ति जल तर्पण करते हैं। 15 दिनों तक पित्रों की तृप्ति हेतु तर्पण किया जाता है। हिंदुओं के घर पर होता रहता है। जब पितृ देव खुश रहते हैं, तो मनुष्य के सभी कार्य समय से पूर्ण हो जाते हैं ।अगर पितृ देव नाराज हैं, तो उनका कोई भी कार्य पूरा नहीं होता है ।पितृदोष से मुक्ति पाने के लिए बहुत से लोग गया तीर्थ जाते हैं। इसी क्रम में महमूदपुर निवासी नानकसरन अपने साथियों के साथ पूर्वजों और इष्ट मित्रों के आशीर्वाद से गया के लिए निकल पड़े हैं। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम अयोध्या धाम में ,उसके बाद काशी विश्वनाथ में पिंडदान का कार्यक्रम होगा ।यह 15 दिन का कार्यक्रम है ।हर तीर्थ स्थान पर जाकर पूजा पाठ और पिंडदान का कार्यक्रम चलेगा। इस बार 21 सितंबर पितृ विसर्जन का कार्यक्रम होगा।

### नाबालिग लापता, मामला दर्ज

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। असन्द्रा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 13 वर्षीय नाबालिक बालिका गायब हो गई मां ने की शिकायत पर पुलिस कार्यवाही ने कार्रवाई शुरू कर दी है । मामला असन्द्रा थाना क्षेत्र के गढ़ी निवासी गुड्डू आए दिन एक लड़के के साथ उसके घर आता जाता था। उसने मेरी 13 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर कर भाग ले गया। पीड़ित की मां ने इसकी शिकायत असंद्रा पुलिस से कर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में असन्द्रा थाना प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी का कहना है मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जल्दी लड़की बरामद की जाएगी।

### सोशल मीडिया पर किया आपत्ति जनक पोस्ट, गिरफ्तार

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । सफदरगंज थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मामला ग्राम सैदनपुर का है, जहां 5 सितंबर को बारह रबी उल अव्वल के अवसर पर एक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुफ्ती अहमद रजा साहब ने हजरत मोहम्मद साहब के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए थे। अगले दिन 6 सितंबर को, गांव के ही निवासी मोहम्मद इमरान ने अपने मोबाइल स्टेटस पर इस बयान को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की। इस पोस्ट से धार्मिक भावनाएं आहत हुईं।

जब लोगों ने इस पोस्ट का विरोध किया, तो आरोपी ने उन्हें गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। असरार अशरफ ने इस संबंध में थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद इमरान को गिरफ्तार कर लिया। सफदरगंज थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर विधि कार्रवाई की गई ।

# नाग लीला महोत्सव अंतिम दिवस हुआ विराट दंगल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बदोसराय कस्बे में आयोजित पांच दिवसीय नाग लीला मेला महोत्सव के अंतिम दिन आयोजित विराट दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने अखाड़ा में उतरे पहलवानों मध्य हाथ मिला कर किया। जिसमें श्रीकोटवाधाम के संदीप पहलवान ने फरुखाबाद के तुफ़ान पहलवान को चित कर विजय प्राप्त की।

मेला कमेटी अध्यक्ष अजय कुमार यादव के संयोजन में आयोजित प्रतियोगिता में हरदोई कानपुर गोंडा अयोध्या फरुखाबाद सहित कई जनपदों के पहलवानों ने हिस्सा लिया। मुख्य मुकाबला कोटवाधाम के संदीप पहलवान और फर्रुखाबाद के तूफान पहलवान के बीच हुआ। दस मिनट के निर्धारित समय में से नौवें मिनट में संदीप पहलवान ने कमर ढाक दांव लगाकर तूफान पहलवान को चित कर दिया।अन्य मुकाबलों में अलीमुद्दीन ने अनन्तराम पहलवान को हराया। बच्चों की श्रेणी में जयवीर ने पूदन को पराजित किया।सुरक्षा व्यवस्था में बदोसराय पुलिस बल तैनात रहा।दंगल में ज्योति गुप्ता, दयाशंकर शुक्ल ,अकरम अंसारी रामतेज सोनकर रविन्द्र अवस्थी, एमलसी प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह बब्लू ने विजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर उत्साहित किया।

### सांसद के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन मामले की सुनवाई 26 को

सुल्तानपुर। एमपी-एमएलए कोर्ट में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन मामले की सुनवाई सोमवार को टल गई। संजय सिंह के वकील मदन सिंह ने बताया कि साक्षी नहीं आने के कारण अब सुनवाई 26 सितंबर को होगी। यह मामला 13 अप्रैल 2021 का है। बंधुआकलां थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में पंचायत चुनाव के दौरान बिना अनुमति सभा करने का आरोप है। पुलिस ने संजय सिंह समेत 13 नामजद और 45 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। संजय सिंह अपनी पार्टी की जिला पंचायत सदस्य सलमा बेगम के पक्ष में बिना अनुमति सभा कर रहे थे। अन्य आरोपियों ने जमानत करा ली थी। संजय सिंह कोर्ट में गैरहाजिर रहे। इस पर कोर्ट ने उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी किया। जुलाई 2024 में संजय सिंह ने सरेंडर किया। उन्हें 20 हजार रुपये की दो जमानत और निजी मुचलका दाखिल करने पर रिहा किया गया। पुलिस ने जांच के बाद मकसूद अंसारी, सलीम अंसारी, जगदीश यादव समेत हसनपुर के अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया।

# गावस्कर, शास्त्री, सहवाग एशिया कप के लिए कमेंट्री पैनल में

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत के दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री और वीरेंद्र सहवाग के साथ-साथ पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण मंगलवार से यूएई में शुरू हो रहे एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के बहुभाषी कमेंट्री पैनल का हिस्सा होंगे। इस टूर्नामेंट के 17वें सत्र में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, यूएई, ओमान और हांगकांग अगले साल होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले महाद्वीपीय वर्चस्व के लिए संघर्ष करेंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत बुधवार को यूएई के खिलाफ करेगा।

भारत के पूर्व मुख्य कोच शास्त्री, गावस्कर, संजय मांजरेकर, रॉबिन उथप्पा, बाजिद खान, वकार यूनिस, वसीम अकरम, रसेल अर्नोल्ड और साइमन डूल उन कमेंटेटरों में शामिल हैं जिन्हें प्रसारण के विश्व फीड के लिए चुना गया है। सहवाग, इरफान पठान, अजय जडेजा, पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर और सबा करीम हिंदी कमेंटेटरों के पैनल में प्रमुख नामों में शामिल हैं। सोनी नेटवर्क के मुख्य राजस्व अधिकारी राजेश कौल ने कहा, ''सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क एशिया कप की वापसी के साथ क्रिकेट प्रसारण को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है। भरत अरुण तमिल पैनल में डब्ल्यूवी रमन जैसे पूर्व खिलाड़ियों के साथ शामिल होंगे, जबकि तेलुगु पैनल में वेंकटपति राजू और वेणुगोपाल राव जैसे अन्य लोग शामिल होंगे। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क की विज्ञप्ति में गावस्कर ने कहा, ''सूर्यकुमार यादव के गतिशील नेतृत्व में टीम इंडिया एशिया कप के मंच पर कदम रख रही है। हम दृढ़ता और अनुभव के मिश्रण को टीम का नेतृत्व करते हुए देख रहे हैं। यह विविधतापूर्ण, बहुमुखी और जुझारू टीम भारतीय क्रिकेट के भविष्य का प्रतीक है। शास्त्री ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सूर्यकुमार यादव की अगुवाई और शुभमन गिल की उप-कप्तान के रूप में यह भारतीय टीम अनुभव और युवा का एक आदर्श मिश्रण प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा, ''जसप्रीत बुमराह, अभिषेक शर्मा और हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रदर्शन करते रहे हैं, जबकि तिलक वर्मा और हर्षित राणा जैसी प्रतिभाएं टीम में जोश और विकल्प लाती हैं।''



# एशिया कप में संजू तोड़ सकते हैं धोनी का रिकॉर्ड

एजेंसी

नयी दिल्ली। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेले जाने वाले आगामी एशिया कप 2025 में संजू सैमसन पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के टी-20 में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकार्ड तोड़ सकते है। हाल ही में संजू सैमसन के 'नो लुक सिक्स' की भी काफी चर्चा हुई। जब वो फॉर्म में होते हैं तो उनके बल्ले को रोकना नामुमकिन होता है, केरल लीग में उन्होंने पांच मैचों में ही 30 छक्के लगाकर साबित कर दिया कि वो अंतरराष्ट्रीय टी-20 के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं और एशिया कप में उन्हें प्लेइंग इलेवन में रखना फायदेमंद साबित होगा। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि वे किस नंबर पर खेलने वाले हैं। संजू इस एशिया कप में धोनी का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। दरअसल धोनी के नाम किसी विकेटकीपर के द्वारा अंतरराष्ट्रीय टी-20 में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का रिकॉर्ड है। उन्होंने 85 मैचों में 52 छ्क्के मारे हैं। उनका ये रिकॉर्ड फिलहाल कोई विकेट कीपर बल्लेबाज नहीं तोड़ पाया। लेकिन संजू सैमसन इसके बहुत करीब हैं और मजे की बात है कि वो फुल फॉर्म में भी हैं। संजू फिलहाल 36 छक्के जड़ चुके हैं और धोनी से केवल 17 छक्के दूर हैं। ऐसे में बहुत संभावनाएं हैं कि संजू सैमसन एशिया कप में ही धोनी का ये रिकॉर्ड तोड़ दे। संजू के बाद ऋषभ पंत का नंबर है जो 35 छक्कों के दूसरे साथ नंबर पर हैं। भारतीय टीम अभ्यास के लिए दुबई रवाना हो चुकी है। संजू भी टीम में शामिल हैं और इसीलिए केरल लीग को उन्होंने बीच में ही छोड़ दिया। अबतक खेले मैचों में ही उनका तूफानी अवतार किसी से छिपा नहीं है। केरल लीग में उन्होंने केवल पांच मैच खेले जिसमें उन्होंने 368 रन बनाएं जिसमें 24 चौके और 30 छक्के शामिल हैं। इसी दौरान उन्होंने चार अर्धशतक और एक शतक भी जड़ा। उनका एक गेंद पर 13 रन बनाना भी काफी चर्चा में रहा था। इसी लीग में संजू का स्ट्राइक रेट 186 रहा था जो काबिल ए तारीफ है। पिछले एक साल में ही संजू ने भारतीय टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय टी-20 में खेलते हुए 12 मैचों में तीन शतक जड़े हैं, हाल में वो फुल फॉर्म में भी चल रहे हैं ऐसे में देखना है कि उन्हें किस नंबर पर खेलने भेजा जाता है साथ ही वो धोनी का सबसे ज्यादा छक्के का रिकार्ड तोड़ पाते हैं या नहीं।

# सिनर को हराकर अल्काराज ने जीता यूएस ओपन पुरुष एकल खिताब

एजेंसी

न्यूयॉर्क। स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज ने अपने एथलेटिक कौशल और शॉट-मेकिंग का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इटली के स्टार जैनिक सिनर को हराकर पुरूष एकल का खिताब अपने नाम किया।

दूसरी वरीयता प्राप्त 22 वर्षीय खिलाड़ी ने आर्थर ऐश स्टेडियम में रविवार रात खेले गये फाइनल मुकाबले में सिनर को 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से हराकर यूएस ओपन पुरुष एकल खिताब फिर से हासिल किया और विश्व टेनिस के शिखर पर पहुंच गये है। इस जीत के साथ अल्काराज़ ने 2022 में यूएस ओपन और 2023 में विंबलडन में जीत के बाद अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया और उन्होंने इस साल की शुरुआत में विंबलडन फाइनल में सिनर से मिली हार का बदला भी लिया। अल्काराज ने शुरुआती सेट 6-2 से जीत लिया, दोनों ओर से विजयी शॉट लगाए और सिनर की शुरुआती सर्विस ब्रेक कर लगातार दबाव में रखा। हालांकि, इतालवी खिलाड़ी ने दूसरे सेट में अपनी लय पकड़ी, अपनी सर्विस में सुधार किया और अल्काराज के बैकहैंड को निशाना बनाकर मुकाबला 6-3 से बराबर कर दिया। तीसरा सेट में अल्काराज ने सटीक सर्विस की और शानदार शॉट लगाकर 6-1 से जीत हासिल की। चौथे सेट में सिनर ने डटकर मुकाबला किया, लेकिन अल्काराज ने 6-4 चौथा सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ, अल्काराज़ नोवाक जोकोविच के बाद तीन ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी फिटनेस, सामरिक बहुमुखी प्रतिभा और बड़े मंचों पर उभरने की क्षमता ने उन्हें पुरुष टेनिस में एक नए युग की शुरुआत में अग्रणी बना दिया है।

# अफगानिस्तान को हराकर पाकिस्तान ने जीती त्रिकोणीय श्रृंखला

एजेंसी

शारजाह। मोहम्मद नवाज (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने फाइनल मुकाबले में अफगानिस्तान को 75 रनों से हराकर टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला अपने नाम कर ली।

142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे लडखड़ाई और एक के बाद एक उसके विकेट गिरते चले गये। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की पूरी टीम 15.5 ओवर में 66 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला 75 रनों से जीत लिया। अफगानिस्तान के केवल दो बल्लेबाज कप्तान राशीद खान (17) और सेदिक़ुल्लाह अटल (13) ही दहाई आंकड़े तक पहुंच सके। नवाज को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। उन्होंने पहले दरविश रसूली और अजमतुल्लाह ओमरजई को लगातार गेंदों पर बिना खाता खोले आउट किया और फिर अपने अगले ओवर की पहली ही गेंद पर इब्राहिम जादरान (नौ) को स्टंप आउट कराकर अपनी हैट्रिक पूरी की। नवाज पाकिस्तान के तीसरे गेंदबाज है जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय टी-20 में हैट्रिक बनाई। उनसे पहले फहीम अशरफ और मोहम्मद हसनैन यह कारनामा कर चुके हैं। मोहम्मद नवाज ने चार ओवर में 19 रन देकर पांच विकेट लिये। अबरार अहमद और सुफियान मकीम को दो-दो विकेट मिले। शाहीन शाह अफरीदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने रविवार रात खेले गये फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में साहिबजादा फरहान (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये फखर जमान ने सैम आयुब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 48 रन जोड़े। आठवे ओवर में नूर अहमद ने सैम आयुब (17) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में राशीद खान ने फखर जमान (27) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। हसन नवाज (15) और कप्तान आगा सलमान (24) को भी राशीद खान ने आउट किया। मोहम्मद हारिस (दो), मोहम्मद नवाज (25) और फहीम अशरफ (15) रन बनाकर आउट हुये। अफगानिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 141 रन ही बना सकी।



अफगानिस्तान की ओर से राशीद खान ने तीन विकेट लिये। फजलहक फारूकी और नूर अहमद को दो-दो विकेट मिले। ए एम गजनफर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## मनप्रीत ने एशिया कप की जीत को बाढ़ पीड़ित पंजाब के लोगों को समर्पित किया

**राजगीर (बिहार)।** भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी मनप्रीत सिंह ने हीरो एशिया कप 2025 की जीत को पंजाब के बाढ़ पीड़ित लोगों को समर्पित किया। मैच जीतने के बाद मनप्रीत ने कहा, मैं इस जीत को पंजाब के लोगों को समर्पित करना चाहता हूं, जो अकल्पनीय शक्ति और लचीलेपन के साथ विनाशकारी बाढ़ का सामना कर रहे हैं। यह जीत हर उस पीड़ित के लिए है जो अपना जीवन फिर से बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है, और उन निस्वार्थ स्वयंसेवकों के लिए है जो जरूरतमंदों को बचाने, उनका समर्थन करने और उनके पुनर्वास के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। आपका जज्बा ही हमारी सच्ची प्रेरणा है, और यह जीत पंजाब के साहस को श्रद्धांजलि है। उल्लेखनीय है कि हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय हॉकी टीम ने रविवार को फाइनल मुकाबल में पांच बार की विजेता दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर एशिया कप का खिताब अपने नाम करते हुए अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्वकप के लिए क्वालिफाई कर लिया था।

# ऑडी ने 7.8 लाख रुपये तक घटाये वाहनों के दाम, नई कीमतें 22 सितंबर से होगीं लागू

**जीएसटी का लाभ ग्राहकों को देने के लिए कीमतों में 7.8 लाख रुपये तक कटौती की**

एजेंसी

नई दिल्ली। जर्मन लग्जरी कार निर्माता कंपनी ऑडी इंडिया ने सोमवार को भारत में अपने सभी मॉडलों की कीमतों में 2.6 लाख रुपये से लेकर 7.8 लाख रुपये तक कटौती का ऐलान किया है। नई कीमतें नवरात्रि के पहले दिन 22 सितंबर से लागू होगीं। ऑडी इंडिया ने एक बयान में कहा कि जीएसटी की दरों में बदलाव के बाद उसने अपने सभी उत्पाद पोर्टफोलियो की कीमतों में संशोधन किया है, ताकि ऑटोमोबाइल पर जीएसटी कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाया जा सके। अब ग्राहकों को मॉडल के आधार पर 2.6 लाख रुपये से लेकर 7.8 लाख रुपये तक का लाभ मिलेगा। कंपनी के मुताबिक नई कीमतों के तहत कंपनी की एंट्री-लेवल एसयूवी क्यू3 की शुरुआती कीमत 43.07 लाख रुपये हो जाएगी, जो पहले 46.14 लाख रुपये थी। इसी तरह टॉप-एंड एसयूवी क्यू8 की शुरुआती कीमत 1.18 करोड़ रुपये से घटकर अब 1.1 करोड़ रुपये हो जाएगी। इसके अलावा एसयूवी क्यू5 और क्यू7 जैसे अन्य मॉडलों के साथ-साथ सेडान ए4 और ए6 की कीमतों में भी कमी की गई है। कंपनी ने कहा कि संशोधित कीमतें लागू होने के बाद ऑडी की लक्जरी कारों और एसयूवी रेंज को और अधिक सुलभ बनाएगी, जिससे त्योहारी सीजन से पहले ग्राहकों की मांग में तेजी आएगी। ग्राहक अपनी पसंदीदा कार की सटीक कीमत जानने के लिए ऑडी इंडिया के नजदीकी डीलरशिप पर जा सकते हैं या कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।



# स्पाइसजेट ने क्रेडिट सुइस को किया 2.4 करोड़ डॉलर का पूरा भुगतान

एजेंसी

नयी दिल्ली। किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने मई 2022 में दोनों पक्षों के बीच हस्ताक्षरित समझौते की शर्तों के अनुरूप स्विटजरलैंड के निवेश बैंक क्रेडिट सुइस को 2.4 करोड़ डॉलर का पूरा भुगतान कर दिया है। एयरलाइंस ने सोमवार को बताया कि यह एयरलाइन के वर्तमान प्रवर्तक के कार्यकाल से पहले की एक दीर्घकालिक देनदारी थी। स्पाइसजेट के मुख्य व्यवसाय अधिकारी देबोजो महर्षि ने कहा, इ्स भुगतान का पूरा होना विरासत में मिली समस्याओं को पूरी तरह से पीछे छोड़ने के हमारे निरंतर प्रयासों में एक और महत्वपूर्ण कदम है। यह समझौता न केवल एक पुरानी देनदारी को समाप्त करता है, बल्कि चुनौतीपूर्ण परिचालन वातावरण के बावजूद प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के हमारे संकल्प और क्षमता को भी प्रदर्शित करता है। स्पाइसजेट आज वित्तीय रूप से अधिक मजबूत, अधिक लचीली और विकास एवं लाभप्रदता पर पूरी तरह केंद्रित है। मई 2022 में निपटान समझौते के निष्पादन की तिथि पर क्रेडिट सुइस/एसआर टेक्निक्स का कुल दावा 4.177 करोड़ अमेरिकी डॉलर था, जिसे दोनों पक्षों ने एक संरचित भुगतान योजना के तहत 2.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर में निपटाने पर सहमति व्यक्त की। यह देनदारी वर्तमान प्रवर्तक द्वारा एयरलाइन का अधिग्रहण करने से पहले उत्पन्न हुयी थी। अब पूर्ण निपटान पूरा होने के साथ स्पाइसजेट ने लंबे समय से चली आ रही वित्तीय तंगी को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया है, जिससे कंपनी के कायाकल्प की यात्रा और भी मजबूत हुयी है। स्पाइसजेट अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए निर्णायक कदम उठा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप में श्रीगंगानगर ने लहराया परचम

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में अलवर जिले के नीमराना में पांच से सात सितम्बर तक आयोजित प्रतिष्ठित राजस्थान सीनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप में श्रीगंगानगर के तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण, चार सिल्वर और एक कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। श्रीगंगानगर तीरंदाजी संघ की अध्यक्ष मंजू बाला ने सोमवार को बताया कि जिले के तीरंदाजों ने विभिन्न श्रेणियों में अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। पुरुष कंपाउंड टीम में पुलकित काजला, प्रबलप्रताप, यश नेण और जसमीतसिंह की चौकड़ी ने शानदार समन्वय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इंडियन राउंड इंडिविजुअल स्पर्धा में गुरजीतसिंह ने अपनी सटीक निशानेबाजी से रजत पदक हासिल किया। रिकर्व महिला इंडिविजुअल में अमनदीपकौर ने रजत जीता। वहीं रिकर्व मिक्स टीम में दिलीप रेगर और सुश्री अमनदीपकौर की जोड़ी ने भी रजत पदक पर कब्जा जमाया।


### सूचना बेदखली

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे चार बेटे जिनका नाम मुस्तकीम उर्फ मुकीम, मो0 मुरसलीम, सलीम व मो0 आसिफ है। मेरा बड़ा बेटा मुस्तकीम उर्फ मुकीम आवारा एवं अपराधी किस्म का व्यक्ति है। वह दिल्ली व अन्य स्थानों पर रहकर आवारागर्दी एवं आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता है। मेरा व मेरे अन्य पुत्रों से मुस्तकीम उर्फ मुकीम का कोई लेना-देना नहीं है। अतः मैं उक्त मुस्तकीम उर्फ मुकीम को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ और यह भी घोषणा करता हूँ कि मेरा व मेरे अन्य पुत्रों से मुस्तकीम उर्फ मुकीम से कोई वास्ता नहीं रहेगा और ना ही उसके द्वारा किए गए किसी भी लेन-देन की कोई जिम्मेदारी होगी। वह जो भी कृत्य करता है उसके लिए वह स्वयं ही जिम्मेदार होगा।

**प्रार्थी-वकील अहमद, पुत्र श्री इब्राहीम निवासी ग्राम भसराला व थाना अलापुर बदायूं**


## हीरो मोटोकॉर्प ने हर्षवर्द्धन चितले को सीईओ नियुक्त किया

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने हर्षवर्धन चितले को अपना अगला मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। वे 5 जनवरी 2026 को अपना पदभार संभालेंगे। हीरो मोटोकॉर्प ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि कंपनी के निदेशक मंडल की मंजूरी के बाद हर्षवर्धन चितले को अपना नया सीईओ नियुक्त किया है। चितले के पास पिछले 3 दशकों से अधिक समय तक वैश्विक नेतृत्व करने का अनुभव है। उनका कार्यकाल 5 जनवरी, 2026 से प्रभावी होगा। कंपनी ने बताया कि चितले के सीईओ का पद संभालने के बाद विक्रम कस्बेकर कार्यवाहक सीईओ का पद छोड़ देंगे। चितले ने सिग्निफाई के प्रकाश समाधानों के व्यवसाय के वैश्विक सीईओ के रूप में काम किया है, जहां उन्होंने 70 देशों में 12,000 कर्मचारियों का नेतृत्व किया। उनके पास औद्योगिक स्वचालन, प्रकाश व्यवस्था, सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं और डिजिटल परिवर्तन में गहरी विशेषज्ञता है।

# सर्राफा बाजार में नई ऊंचाई पर सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

**1 लाख के स्तर के करीब पहुंचा 22 कैरेट सोना**

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ है। आज की तेजी के कारण सोना ने आज एक बार फिर मजबूती के नए शिखर पर अपनी जगह बना ली है। बाजार में आई तेजी के कारण 24 कैरेट सोना 1.08 लाख रुपये के स्तर को पार कर गया है, वहीं 22 कैरेट सोना 1 लाख रुपये के स्तर के काफी करीब पहुंच गया है। सोने की तरह ही चांदी भी आज 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगा हो गया है। कीमत में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज प्रति 10 ग्राम 1,08,460 रुपये से लेकर 1,08,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, 22 कैरेट सोना आज 99,350 रुपये से लेकर 99,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,08,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 99,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,08,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 99,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,08,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 99,400 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,08,460 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 99,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,08,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 99,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,08,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 99,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,08,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 99,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,08,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 99,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोना महंगा हो गया है।




## कार्यालय ग्राम पंचायत बेलहरी वि.ख. त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

पत्रांक - 01/निविदा/अत्येष्टि स्थल — दिनांक-06-09-2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बेलहरी वि.ख. त्रिवेदीगंज में आरजीएसए योजनान्तर्गत अन्त्येष्टि स्थल निर्माण हेतु सीमेण्ट, बालू, मौरंग लोहा, सरिया ईंट- ह्यूम पाइप, पत्थर गिट्टी, लोहे के गेट, सेनिटेशन सामग्री पुट्टी पेंट, शटरिंग की सामग्री मिक्सर व अन्य मशीनरी इत्यादि हेतु सामग्री की आवश्यकता है जिसकी आपूर्ति के लिये निविदा वित्तीय सत्र 2025-26 के लियें आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपर्तिकर्ता दिनांक 10.09.25 से 12.09.25 तक ग्राम पंचायत बेलहरी कार्यालय में अपनी निविदा वांछित बंद लिफाफें रख कर जमा कर सकते हैं। दिनांक 13.09.25 को समय 3:00 बजे टेण्डर समिति के समक्ष उक्त निविदा खोली जायेगी। जिसकी दर सबसे कम होगी उसकी निविदा स्वीकार की जायेंगी। आवेदन पत्र का मूल्य 100 रुपये होगा।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत बेलहरी में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण | सीमेण्ट बालु मौरंग लोहा, सरिया ईंट आदि उपरोक्तानुत्तार | 24.12 लाख | 100 रू. |

आवश्यक नियम व शर्ते निम्नवत हैं

1- प्रत्येक सामग्री हेतु कम से कम 3 निविदाएं आवश्यक है तथा उक्त कार्य की समयसीमा 2 माह है।

2-आपूर्तिकर्ता की फर्म जी0 एस0 टी0 पंजीकृत होनी चाहिये जिसके समस्त अभिलेख बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिये।

3- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसको आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जायेगा। समय से आपूर्ति न कर पाने या गुणवत्ता खराब होने पर ग्राम पंचायत आपूर्ति आदेश निरस्त कर किसी अन्य फर्म को समान दरों पर आपूर्ति आदेश देने हेतु स्वतंत्र होगी।

4-स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरान्त ही किया जायेगा।

5-प्रस्तुत दरें प्राक्कलन में दी गई पी0 डब्ल्यु0 डी0 द्वारा मान्य दरों से अधिक नहीं होनी चाहिये।

**गोल्डी सिंह**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बेलहरी**
**विकासखण्ड-त्रिवेदीगंज**

**निर्देश कुमार शर्मा**
**ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत बेलहरी**
**विकासखण्ड-त्रिवेदीगंज**

# वैश्विक व्यापार चुनौतियों को अवसरों में बदलकर भारत को अग्रणी नवाचार अर्थव्यवस्था बनाएं : मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। पिछले कुछ महीनों से दुनिया भर में व्यापार के मोर्चे पर मची उथल-पुथल के बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अधिकारियों से देश में उपलब्ध असाधारण क्षमताओं का इस्तेमाल वैश्विक व्यापार की चुनौतियों को अवसरों में बदलने तथा भारत को अग्रणी नवाचार अर्थव्यवस्था बनाने में करने को कहा है। श्रीमती मुर्मु ने सोमवार को यहां इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) भारत के प्लेटिनम जयंती समारोह में कहा कि प्राचीन काल में भारत ने अध्यात्म और व्यापार दोनों में विश्व का नेतृत्व किया था। भारत को एक बार फिर ज्ञान और व्यापार का अग्रणी केंद्र बनाना सभी नागरिकों का संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्थिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण हितधारक होने के नाते



ईईपीसी को इस संकल्प को दृढ़ता के साथ पूरा करना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले दस वर्षों में चुनौतियों के बावजूद भारत का इंजीनियरिंग निर्यात 70 अरब डॉलर से बढ़कर 115 अरब डॉलर से भी अधिक हो गया है। उन्होंने इस उपलब्धि में योगदान के लिए ईईपीसी की सराहना की।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि ईईपीसी अंतर्राष्ट्रीय बाजार और भारतीय उत्पादकों के बीच सेतु का काम करता है। उन्होंने ईईपीसी से वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भारत और भारतीय उद्यमियों की भूमिका का निरंतर विस्तार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विश्व व्यापार व्यवस्था और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था में हो रहे बदलावों के कारण इसकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है।

राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक व्यापार की चुनौतियों को देश में उपलब्ध असाधारण क्षमताओं का उपयोग करके अवसरों में बदलने की आवश्यकता है। पिछले सात दशकों में भारत के इंजीनियरिंग निर्यात में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। ईईपीसी को परिवर्तन की इस प्रक्रिया को जारी रखना चाहिए और 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ अर्थव्यवस्था को निरंतर मजबूत बनाने के लिए कार्य करते रहना चाहिए।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि कम लागत पर उच्च-गुणवत्ता वाली इंजीनियरिंग सेवाएं और उत्पाद भारत की बड़ी ताकत हैं। दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों के वैश्विक क्षमता केंद्र भारत में हैं। ईईपीसी जैसे हितधारकों को उचित प्रोत्साहन और एक इको-सिस्टम प्रदान करके भारत को एक वैश्विक नवाचार केंद्र बनाने के विचार के साथ आगे बढ़ना चाहिए। नवाचार अर्थव्यवस्थाएं दुनिया की सबसे प्रतिस्पर्धी और समृद्ध अर्थव्यवस्थाएं हैं। उन्होंने ईईपीसी के सभी हितधारकों से आग्रह किया कि देश में उपलब्ध प्रतिभा और ऊर्जा के लिए एक सक्षम इको-सिस्टम प्रदान करके भारत को एक अग्रणी नवाचार अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लें।

## सशस्त्र सेनाओं के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार सशस्त्र सेनाओं के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे और राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर सेनाओं के लिए सरकार का दृष्टिकोण साझा करेंगे।

सशस्त्र सेनाओं के शीर्ष कमांडरों का सम्मेलन 15 से 17 सितम्बर तक कोलकात्ता में होगा। यह पहला मौका है जब इस सम्मेलन का आयोजन कोलकात्ता में किया गया है। निरंतर बदलती भू राजनीतिक स्थिति और दुनिया के कई हिस्सों में चल रहे संघर्षों को देखते हुए ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में हो रहे इस सम्मेलन को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सम्मेलन में भविष्य की चुनौतियों और उनसे निपटने की तैयारियों पर विशेष रूप से चर्चा की जायेगी।

सम्मेलन में प्रधानमंत्री को तीनों सेनाओं के एकीकरण से संबंधित बड़े सुधार थिएटर कमान के गठन के बारे में एक प्रस्तुति दी जा सकती है। इसके अलावा प्रधानमंत्री को रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया योजना की स्थिति से अवगत कराने के साथ साथ स्वदेशी हथियार प्रणालियों और प्लेटफार्म के बारे में भी जानकारी दी जायेगी। इसके अलावा ऑपरेश सिंदूर के दौरान इस्तेमाल किये गये स्वदेशी हथियारों के बारे में भी अलग से प्रस्तुति तैयार की जा रही है। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय 'सुधारों का वर्ष - भविष्य के लिए परिवर्तन' है। सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ , प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी इसमें शामिल होंगे। तीनों सेनाओं के प्रमुखों और एकीकृत रक्षा स्टाफ के अधिकारियों के अलावा अन्य मंत्रालयों के सचिवों के भी सम्मेलन में हिस्सा लेने की संभावना है। यह सम्मेलन सुधार, परिवर्तन और बदलाव तथा संचालन तैयारियों पर केंद्रित होगा। सम्मेलन में सशस्त्र बलों के

## अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार के लिए ब्रिक्स को मजबूती से उठानी होगी आवाज: भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने मौजूदा वैश्विक स्थिति को चिंता का विषय बताते हुए संयुक्त राष्ट्र सहित प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में बहुपक्षीय व्यवस्था में सुधार पर जोर दिया और उम्मीद जतायी है कि ब्रिक्स सामूहिक रूप से इस बहुप्रतीक्षित बदलाव के लिए अपनी बात मजबूती से रखेगा।

डा. जयशंकर ने सोमवार को ब्राजील में ब्रिक्स नेताओं की बैठक में वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हिस्सा लेते हुए व्यापार के मोर्चे पर दुनिया में मची उथल पुथल के परिप्रेक्ष्य में टिकाऊ व्यापार के लिए रचनात्मक और सहयोग के दृष्टिकोण पर बल दिया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रणाली में विकासशील देशों के हितों की रक्षा किये जाने की भी जरूरत बतायी। उन्होंने दुनिया के अनेक हिस्सों में चल रहे संघर्षों के जल्द समाधान को भी समय की जरूरत बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि गैर व्यापारिक मामलों को व्यापार मामलों से अलग रखा जाना चाहिए।

विदेश मंत्री ने मौजूदा वैश्विक स्थिति को चिंता का विषय बताते हुए कहा कि कोविड महामारी के विनाशकारी प्रभाव, यूक्रेन और पश्चिम एशिया में बड़े संघर्ष, व्यापार और निवेश प्रवाह में अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास लक्ष्य के एजेंडे में स्पष्ट रूप से मंदी देखी गई है उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में इन चुनौतियों के सामने बहुपक्षीय व्यवस्था विफल होती दिख रही है। इन तनावपूर्ण मुद्दों का समाधान न होना चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देश इन घटनाक्रमों से गहराई से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने इनके समाधानों की दिशा में प्रयास करता रहा है। अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और विश्व व्यवस्था को स्थिर करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना उचित है लेकिन यह भी उतना ही ज़रूरी है कि हम मौजूदा संघर्षों पर भी ध्यान दें क्योंकि इनका विकास और आपूर्ति श्रृंखला पर सीधा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में भी बहुपक्षीय व्यवस्था में सुधारों पर विचारों का आदान प्रदान किया जाना जरूरी है। डा. जयशंकर ने जोर देकर कहा कि आर्थिक व्यवहार निष्पक्ष, पारदर्शी और सभी के हित में होना चाहिए और सभी को बाधाओं के प्रभावों से बचाया जाना चाहिए। उन्होंने इसके लिए अधिक लचीली, विश्वसनीय, और छोटी आपूर्ति श्रृंखलाओं की जरूरत बतायी। विदेश मंत्री ने कहा कि व्यापार पैटर्न और बाज़ार पहुँच आज वैश्विक आर्थिक विमर्श में प्रमुख मुद्दे हैं। दुनिया को टिकाऊ व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रचनात्मक और सहयोगात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

## न्यायालय के बार बार के आदेश को भी नहीं मान रहा है चुनाव आयोग : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि आधार को मतदाता के पहचान के प्रमाण के तौर पर एक दस्तावेज मानने के उच्चतम न्यायालय के बार बार के आदेश को चुनाव आयोग मानने के लिए तैयार नहीं जो एक गैरजिम्मेदाराना और शर्मनाक हरकत है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि आधार को चुनाव का अधिकार पाने के लिए पहचान का दस्तावेज मानने का उच्चतम न्यायालय तीसरी बार निर्देश दे चुका है लेकिन चुनाव आयोग न्यायालय के आदेश को मानने को तैयार नहीं है। श्री रमेश ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आधार को पहचान के प्रमाण के रूप में स्वीकार करने के निर्देश का चुनाव आयोग पालन नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेश का पालन जरूरी है। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि न्यायालय ने तीसरी बार कहा है कि आधार को वोटर पंजीकरण के लिए एक वैध पहचान प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए।

## भारत का बेल्जियम को आश्वासन, मेहुल चोकसी को जेल में मिलेंगी सभी जरूरी सुविधाएं

एजेंसी

नयी दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक में 13 हजार करोड़ रूपये से अधिक की धोखाधड़ी से जुड़े मामले में वांछित भगोड़े आरोपी मेहुल चोकसी के भारत प्रत्यर्पण की कवायद के बीच गृह मंत्रालय ने उसके साथ जेल में मानवीय व्यवहार का आश्वासन दिया है और बेल्जियम सरकार को जेल की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इस संबंध में व्यक्त की गयी सभी चिंताओं का जवाब दिया है। हीरा कारोबारी मेहुल चौकसी सात वर्ष पहले देश से फरार हो गया था लेकिन इससे एक वर्ष पहले ही उसने 2017 में ही एंटीगुआ-बारबूडा की नागरिकता ले ली थी। चोकसी खराब सेहत का हवाला देकर भारत में पेशी पर आने से इनकार करता रहा है। मामले की सुनवाई के दौरान उसकी कभी-कभार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही पेशी हो सकी है। इस मामले में सरकार ने उसकी कई संपत्तियां भी जब्त की हैं।

चोकसी को भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण की अपील पर 12 अप्रैल को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। चोकसी के साथ उनका भतीजा नीरव मोदी भी इस मामले में आरोपी हैं। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने बेल्जियम के न्याय मंत्रालय को पत्र लिखकर आश्वासन दिया है कि यदि मेहुअल चोकसी का भारत प्रत्यर्पण किया जाता है तो उसे मुंबई की आर्थर रोड़ जेल में रखे जाने की योजना है। इस जेल में उसके साथ मानवीय व्यवहार किया जायेगा और वहां सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। गृह मंत्रालय की ओर से यह भी आश्वासन दिया गया है कि चोकसी को कानूनी सहायता भी दी जायेगी। पत्र में बताया गया है कि चोकसी को मुंबई की आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा। इस बैरक में छह लोगों के रहने की क्षमता है और सोने के लिए साफ, कॉटन की मोटी चटाई (गद्दा), तकिया, चादर और कंबल शामिल हैं। उसे पीने का साफ पानी और मेडिकल सुविधाएं भी दी जायेंगी। जरूरत पड़ने पर डॉक्टरों की सलाह अथवा न्यायालय के आदेश पर उसे लकड़ी का बेड भी उपलब्ध कराया जा सकता है। चोकसी के वकील ने इस मामले को राजनीति से प्रेरित बताते हुए और चोकसी के खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए उनके प्रत्यर्पण का विरोध कियी है। चोकसी की पत्नी बेल्जियम की नागरिक हैं और उसने अपनी पत्नी की मदद से 15 नवंबर 2023 को बेल्जियम का 'एफ रेजिडेंसी कार्ड' ले लिया था। रिपोर्टों में कहा गया है कि यह कार्ड फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लिया गया था। उसने अपनी भारतीय और एंटीगुआ की नागरिकता के बारे में भी बेल्जियम के अधिकारियों से जानकारी साझा नहीं की थी।

# पेज एक का शेष

### शैक्षिक संस्थानों में ...

वे कौन-कौन से कोर्स चला रहे हैं। सभी कोर्स मान्यता प्राप्त हैं या नहीं और प्रत्येक कोर्स में कितने छात्रों ने प्रवेश लिया है। यदि जांच में कोई अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित संस्थान के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि अवैध प्रवेश पाए जाने की स्थिति में संस्थान को छात्र का पूरा शुल्क ब्याज सहित वापस करना होगा। उन्होंने बताया कि इन अनियमितताओं को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत योगी सरकार कार्यवाही करेगी। इसे लेकर प्रदेश सरकार अब एक नया पोर्टल विकसित करने जा रही है, जो निजी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को जोड़ेगा। यह पोर्टल ठीक उसी तरह से होगा जैसे केंद्र सरकार का 'समर्थ पोर्टल' विश्वविद्यालयों को जोड़ता है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सभी सरकारी विश्वविद्यालयों को भारत सरकार के 'समर्थ पोर्टल' से पहले ही जोड़ा जा चुका है।

### गोलीबारी में 20...

सोशल मीडिया फ़ेसबुक, ट्विटर आदि पर प्रतिबंध लगाये जाने से नाराज हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के दमक स्थित आवास पर पथराव किया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने हवा में कई राउंड फायरिंग की। प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर पूर्व-पश्चिम राजमार्ग के कुछ हिस्सों को भी अवरुद्ध कर दिया। इससे पहले, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने एक बयान जारी कर सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों, दोनों से संयम बरतने का आग्रह किया था। आयोग ने कहा कि संविधान और अंतरराष्ट्रीय कानून शांतिपूर्ण असहमति के अधिकार की गारंटी देते हैं, और तोड़फोड़ और अत्यधिक बल प्रयोग को 'अफसोसजनक' बताया। नेपाल की प्रतिनिधि सभा की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सूचना प्रौद्योगिकी समिति ने सरकार को आंदोलनकारी जेन-ज़ी से बातचीत करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में सभी आंदोलनकारी युवाओं को शांतिपूर्ण तरीके से अपना रास्ता अपनाने, गृह प्रशासन द्वारा संयम बरतने और आंदोलन के दौरान कड़ी सतर्कता बरतने का निर्देश देने का निर्णय लिया गया। समिति के अध्यक्ष अम्मार बहादुर थापले ने यह जानकारी दी। समिति ने संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को आगामी बैठक में समिति को सोशल मीडिया से संबंधित तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया है।

### नेपाल सीमा पर सुरक्षा...

देश विरोधी तत्वों की देश में इस पार घुसपैठ कराकर आपराधिक आतंकी घटनाओं को अंजाम देने का प्रयास करते हैं। नेपाल के रास्ते घुसपैठ रोकने के लिये सशस्त्र सीमा बल नागरिक पुलिस व खुफिया तंत्र की संयुक्त गश्त संग कांबिंग व सर्चिंग बढ़ा दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि सीमापार से हर आने-जाने वाले शख्स की गहन पड़ताल कराकर ही उसे आने या जाने दिया जा रहा हैं। रेलगाड़ियों में आरपीएफ जीआरपी जवानों के साथ पुलिस टीमें संदिग्ध यात्रियों की सघन तलाशी में जुटी हैं। पर्दानशीन संदिग्ध महिलाओं के लिये विशेष महिला विंग्स की टीमें मुस्तैद हैं। इसके अलावा सीमा से पंद्रह किलोमीटर की परिधि में एसएसबी धर्मशालाओं, मस्जिदों, होटलों, मदरसों व और शरणालयों में रह रहें बाहरी लोगों की पहचान करायी जा रहीं हैं। डीआईजी ने बताया कि बार्डर एरिया में रहने वाले नवधनाढ्यों की आय के श्रोतों की जांच भी आयकर विभाग से करायी जा रही हैं। किसी भी अराजक तत्व तस्कर या अपराधी को कतई भारतीय सीमाओं में अवैध रूप से प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा।

### उपराष्ट्रपति का...

आवश्यकता होगी। दोनों सदनों में संख्या बल और राजनीतिक समीकरण को देखते हुए राजग के लोकसभा में 293 और राज्यसभा में 134 सांसद हैं। इससे राजग के पास कम से कम 427 वोटों का ठोस आंकड़ा है। विपक्षी इंडिया गठबंधन के लोकसभा में 249 और राज्यसभा में 105 सदस्यों के साथ कुल 354 वोट बनते हैं।

लोकसभा में इस समय 542 सांसद हैं जिसमें भाजपा के 240 , कांग्रेस पार्टी कांग्रेस के 99 सदस्य, समाजवादी पार्टी के 37 सांसद, तृणमूल कांग्रेस के 28, द्रविड़ मुनेत्र कषगम के 22, तेलुगु देशम के 16, जनता दल यूनाइटेड के 12, शिव सेना (उद्धव गुट) के नौ, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के आठ, निर्दलीय सात, शिवसेना के सात, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पांच, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के चार, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के चार, राष्ट्रीय जनता दल के चार, झारखंड मुक्ति मोर्चा के तीन, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के तीन, आम आदमी पार्टी के तीन, राष्ट्रीय लोक दल के दो, जनसेना पार्टी के दो, जनता दल (सेकुलर) के दो, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी( मार्क्सवादी लेनिनवादी लिबरेशन) के दो, जम्मू एंड कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस के दो, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के दो और निदुथलाई चिरुथइगल काची के दो सांसद हैं। इसके अलावा युनाइटेड पीपुल्स पार्टी (लिबरल), आजाद समाज पार्टी (कांसीराम), सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, असम गण परिषद, व्वाइस आफ द पीपुल पार्टी, आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुसलेमीन, अपना दल (सोनेलाल), मारुमलारची द्रविड़ मुनेत्र कषगम, भारत आदीवासी पार्टी, आजसू पार्टी, शिरोमणि अकाली दल, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेकुलर), राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, जोरम पीपुल्स मूलवमेंट, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी और केरल कांग्रेस के एक एक सदस्य है।

राज्यसभा में मौजूदा सदस्यों की संख्या 239 है जिसमें भाजपा के 102 सदस्य हैं जबकि कांग्रेस के 27, तृणमूल कांग्रेस के 13, द्रविड़ मुनेत्र कषगम के दस, आम आदमी पार्टी के नौ, बीजू जनता दल के सात, नामित सात, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सात, एआईएडीएमके के पांच, राष्ट्रीय जनता दल के पांच, भारत राष्ट्र समिति के चार, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के चार, जनता दल( यूनाइटेड) के चार, समाजवादी पार्टी के चार, निर्दलीय तीन, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के तीन सदस्य है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट), शिवसेना उद्धव गुट, तेलुगु देशम पार्टी के दो दो सासंद है। इसके अलावा असम गण परिषद, बहुजन समाज पार्टी, जनता दल (सेकुलर, केरल कांग्रेस (एम), मक्कल नीधि मयम, मिजो नेशनल फ्रंट, नेशनल पीपुल्स पार्टी, राष्ट्रीय लोक दल, राष्ट्रीय लोक मोर्चा, रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया (अठावले), शिवसेना, तमिल मनीला कांग्रेस (मूपनार) और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी (लिबरल) के एक एक सांसद है। विपक्षी वाईएसआर कांग्रेस ने सत्तारूढ राजग उम्मीदवार को समर्थन देने की घोषणा की है जबकि भारत राष्ट्र समिति और बीजू जनता दल ने मतदान से दूरी बनाये रखने का फैसला किया है। इससे राजग उम्मीदवार श्री राधाकृषणन का गणित और मजबूत हो गया है।

### मऊ से विधायक...

अधिसूचना जारी कर दी है। हालांकि इससे अब्बास की मुश्किलें अभी कम नहीं हुई हैं। उनके खिलाफ कई मुकदमों की सुनवाई जारी है। अब्बास अंसारी ने इस फैसले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को निरस्त कर दिया था।

### आधार पहचान...

चुनाव आयोग को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग को आधार कार्ड की वैधता जांचने का पूरा अधिकार होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'केवल वास्तविक नागरिकों को ही वोट देने की अनुमति होगी, जाली दस्तावेजों के आधार पर असली होने का दावा करने वालों को मतदाता सूची से बाहर रखा जाए।' सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'कोई भी नहीं चाहता कि चुनाव आयोग अवैध प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करे। चुनाव आयोग की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने सबमिशन दिया कि आधार कार्ड को नागरिकता के सबूत के तौर पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस पर जस्टिस बागची ने भी साफ किया कि पासपोर्ट और जन्म प्रमाण पत्र को छोड़कर, चुनाव आयोग द्वारा सूचीबद्ध किए गए 11 दस्तावेज भी नागरिकता के सबूत नहीं माने जाएंगे। राजद और अन्य याचिकाकर्ताओं ने मांग की थी कि आधार कार्ड दिखाने पर लोगों को मतदाता सूची में शामिल किया जाए। इन याचिकाओं पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आदेश जारी किया। राजद की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दावा किया कि पूर्व में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद बूथ लेवल अधिकारी आधार कार्ड को स्वीकार नहीं कर रहे थे। सिब्बल ने कहा कि चुनाव आयोग ने अपने अधिकारियों को इस बारे में निर्देश जारी नहीं किए।

### बाढ़ पीड़ितों के लिए...

परिणाम है कि आज हम इस आपदा को नियंत्रण के करीब पहुंच चुके हैं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों का जिक्र किया, जहां बाढ़ आई है, जैसे यमुना नदी का क्षेत्र–सहारनपुर, बागपत, गौतम बुद्ध नगर से लेकर प्रयागराज तक, जहां गंगा से मिलती है। साथ ही बिजनौर से बलिया तक गंगा के मुहाने, सरयू, घाघरा, रामगंगा और हिंडन नदी के इलाकों में पुख्ता व्यवस्था की गई है। इन नदियों में अगर जल ओवरफ्लो से जन-धन की हानि हुई, तो सरकार ने तत्काल राहत सामग्री पहुंचाई है। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में बरसात के समय अगर कोई जंगली जानवर, सांप या बिच्छू किसी व्यक्ति को काटता है और दुर्भाग्यपूर्ण मौत होती है, तो पीड़ित परिवार को सरकार चार लाख रुपये का मुआवजा तत्काल उपलब्ध करवाती है। आपदा से अगर किसी गरीब का मकान गिर गया, तो नया आवास बनाने के लिए धन उपलब्ध कराया जाता है। अगर जमीन और मकान नदी में विलीन हो गया या कटान की चपेट में आ गया, तो परिवार को जमीन का पट्टा और मकान बनाने के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। जहां गांव जल-प्लावित हुए, वहां सुरक्षित शिविरों में पहुंचाने के साथ ब्रेकफास्ट, दोपहर और शाम का भोजन, बच्चों के लिए दूध और पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था की गई है। सीएम योगी ने कहा कि जो सामग्री उत्तर प्रदेश में वितरित की जाती है, उसी को आज इन 48 ट्रकों के माध्यम से उत्तराखंड, हिमाचल और पंजाब के बहनों-भाइयों के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा पर जोर देते हुए कहा कि अगर कहीं आपदा आएगी, उत्तर प्रदेश सहायता के लिए तैयार रहेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड और हिमाचल में बादल फटने और अतिवृष्टि से बड़ी तबाही हुई है, इसलिए उत्तर प्रदेश सरकार और नागरिकों की ओर से पांच करोड़ रुपये की सहायता उत्तराखंड को और पांच करोड़ रुपये हिमाचल सरकार के राहत कोष के लिए उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इस सहायता को पहुंचाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कुंवर बृजेश सिंह उत्तराखंड जाएंगे, जबकि मंत्री जसवंत सैनी हिमाचल प्रदेश की राहत सामग्री और धनराशि लेकर जाएंगे। पंजाब के लिए सहारनपुर के नगर विधायक राजीव गुम्बर राहत सामग्री लेकर जाएंगे। सीएम ने कहा कि ये प्रतिनिधि वहां जाकर उत्तर प्रदेश वासियों की संवेदना प्रेषित करेंगे और सामग्री सौंपेंगे। जब पूरा देश संकट में एकजुट होता है, तो संकट, संकट नहीं रह जाता। उन्होंने कहा कि इन सभी के बावजूद, अगर अन्य सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी, तो उत्तर प्रदेश सरकार और 25 करोड़ की जनता हर पीड़ित के साथ खड़ी है और हर प्रकार का सहयोग करने के लिए तत्पर रहेगी। सीएम ने जनता से अपील की कि आपदा के समय सतर्कता और सावधानी बरतें। जल ज्यादा आने पर डायरिया जैसी बीमारियां हो सकती हैं, इसलिए पानी उबालकर पिएं। घर के आसपास पानी एकत्र न होने दें, ताकि डेंगू और मलेरिया के लार्वा न पनपें। साफ-सफाई और छिड़काव का ध्यान रखें। अगर सांप या जहरीला कीड़ा काटे, तो झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़कर तत्काल डॉक्टर के पास जाएं। हर सीएचसी और जिला अस्पताल में वैक्सीन उपलब्ध है। कुत्ता या जंगली जानवर काटे, तो एंटी-रेबीज वैक्सीन लें। बचाव ही सबसे बड़ा उपाय है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से अतिवृष्टि, लाइटनिंग और बादल फटने की अनेक घटनाएं उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के अनेक स्थानों पर हुई हैं। अतिवृष्टि के कारण देश के कई भागों में बाढ़ से हालात प्रभावित हुए हैं। हालांकि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा बाढ़ प्रभावित पीड़ित परिवारों के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और फ्लड यूनिट से जुड़े तमाम संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं और लोकल स्तर पर प्रयास हर राज्य सरकार के स्तर पर प्रारंभ किए गए हैं। लेकिन उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश पहाड़ी राज्य होने के नाते, जीवन अत्यंत दुर्गम और संघर्षों से भरा होता है। वहां पर आपदा पूरे जन-जीवन को प्रभावित करती है। और उन स्थितियों में, अगर देश का कोई क्षेत्र किसी आपदा की चपेट में है, तो अन्य राज्यों का यह दायित्व बनता है कि वहां पर हम भी अपने स्तर की राशि भेजकर प्रभावित और पीड़ित नागरिकों की सहायता के लिए कुछ हाथ बटाएं और संबल दें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से, उत्तर प्रदेश में सफलतापूर्वक बाढ़ प्रबंधन के कार्यक्रम को लेकर, उत्तर प्रदेश सरकार एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी की फ्लड यूनिट, लोकल पुलिस, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों, व्यापारिक और सामाजिक संगठनों के सहयोग से जहां सफलतापूर्वक इन कार्यक्रमों को आगे बढ़ा रही है, वहीं उन पीड़ित नागरिकों को भी भरपूर सहायता कर रही है, जो बाढ़ से किसी-न-किसी रूप में प्रभावित हुए हैं। सीएम योगी ने कहा कि जो राहत सामग्री के रूप में हम यूपी में बाढ़ पीड़ितों को वितरित करते हैं, वही सामाग्री का पैकेट बनाकर, जिससे वहां पर व्यापक पैमाने पर वितरित किया जा सके, इन 48 ट्रकों के माध्यम से आज हम सब यहां से भेज रहे हैं।

### एक परिवार के लोग...

कर्मियों को यूपी के अंदर ही ट्रेनिंग मिल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से चयन की प्रक्रिया नए यूपी की तस्वीर को प्रस्तुत करती है। पिछले साढ़े 8 वर्ष में चिकित्सा स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग ने लंबी छलांग लगाने में सफलता प्राप्त की है। चिकित्सा शिक्षा व चिकित्सा स्वास्थ्य की नियुक्तियों का जिक्र करते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग की 1354 स्टाफ नर्स, 7182 एएनएम, 1102 विशेषज्ञ चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। चिकित्सा शिक्षा विभाग के 278 एसोसिएट प्रोफ़ेसर की भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई। यूपी के बड़े-बड़े चिकित्सा संस्थान के लिए 2142 स्टाफ नर्स की भर्ती की गई। यह सभी आज यूपी के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। सीएम ने कहा कि पहले यूपी में 17 मेडिकल कॉलेज थे। 40 मेडिकल कॉलेज बनने में 100 वर्ष से अधिक लगे। पिछले साढ़े 8 वर्ष में सरकारी व निजी क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की संख्या 80 से ऊपर पहुंचाने में सफल हुए हैं। एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज यूपी की पहचान बन रही है। आज सिर्फ एडमिशन ही नहीं होते, बल्कि उसमें प्रोफ़ेसर, क्लर्कियल स्टाफ, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, टेक्नीशियन आदि की भी भर्ती होती है। हर मेडिकल कॉलेज में बड़े पैमाने में भर्ती प्रक्रिया बढ़ाने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि कल ही पीईटी की परीक्षा हुई। इसमें 25 लाख लोग एप्लीकेंट हुए। आज कार्य की कमी नहीं है, बस इच्छाशक्ति होनी चाहिए। नकारात्मकता फैलाने वालों पर तंज कसा। बोले कि कुछ लोगों के पास काम नहीं है। वे केवल स्मार्ट फोन से नकारात्मकता देखते हैं। वे कहीं की फोटो कहीं लगाकर नकारात्मकता भरेंगे और शासन, विभाग और आपकी छवि को खराब करेंगे। उनसे सतर्क रहना होगा। समारोह में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, विधायक डॉ. नीरज बोरा, जय देवी, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, उमेश द्विवेदी, प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने के हाथों हरदोई की प्रीति, सुलतानपुर से जनेश्वर द्विवेदी, सीतापुर से अंजू देवी, बाराबंकी से पुनीत कुमार, अयोध्या से काजल दुबे, लखनऊ से मो. रफद खान, लखनऊ से कनक शर्मा, अंबेडकरनगर से नुरुद्दीन, गोरखपुर से अनुराधा मिश्रा, सीतापुर से राहुल कुमार वर्मा, लखनऊ से कोमल रावत, लखनऊ से सौरभ सिंह, बाराबंकी से स्नेहा वर्मा, सीतापुर से शिवशंकर, अयोध्या से प्रियंका वर्मा, लखनऊ से विदित मौर्य, अंबेडकरनगर से सविता, रायबरेली से सोनू लाल तथा एक्सरे टेक्नीशियन सीतापुर से विश्वनाथ श्रीवास्तव, लखनऊ से साक्षी गुप्ता, सीतापुर से मोहनलाल वर्मा, सीतापुर से विपिन कुमार को नियुक्ति पत्र मिला।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 80 पिंक बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को महिलाओं के लिए 80 ''पिंक'' बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ ही राज्य पथ परिवहन निगम की सभी 1065 बसों में ई-टिकटिंग सुविधा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने अणे मार्ग स्थित अपने निवास से बसों को रवाना करने से पूर्व उनका निरीक्षण किया और उसमें उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में राज्य सरकार द्वारा उठाया गया यह महत्वपूर्ण कदम है। इसके तहत द्वितीय चरण में बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की 80 पिंक बसों का परिचालन शुरू किया गया है। इससे महिलाओं का सफर सुरक्षित और आरामदायक हो सकेगा। इस अवसर पर राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार एवं कुमार रवि और राज्य परिवहन आयुक्त आशुतोष द्विवेदी सहित अन्य वरीष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## बिहार में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोतरी, मुख्यमंत्री ने एक्स पर की घोषणा

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोतरी कर दिया है। इसकी जानकारी खुद नीतीश कुमार ने सोमवार को सोशल साइट एक्स पर दी। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा,'' राज्य में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के पोषण एवं जीवन स्तर में सुधार करने में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनकी इसी भूमिका का सम्मान करते हुये हमलोगों ने उनके मानदेय में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। अब आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय 7,000 रूपये से बढ़ाकर 9,000 रूपये तथा आंगनबाड़ी सहायिका का मानदेय 4,000 रूपये बढ़ाकर 4,500 रूपये करने के लिए विभाग को निदेशित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवम्बर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हमलोगों ने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पोषण तथा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिये बड़े पैमाने पर काम किया है तथा इसके लिये 'समेकित बाल विकास परियोजना' के माध्यम से छह (06) प्रकार की सेवायें प्रदान की जा रही हैं। इन सेवाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से लाभुकों को उपलब्ध कराने में आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं सहायिकाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# पंजाब ने बाढ़ से हुए नुकसान के मुआवजे में केंद्र सरकार से मांगे 25 हजार करोड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने सोमवार को प्रदेश के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उदारता दिखाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बाढ़ से हुए नुकसान के मुआवजे के रूप में कम से कम 25 हज़ार करोड़ रुपये तत्काल जारी करने की घोषणा करें। इसके अलावा केंद्र सरकार के पास पहले से बकाया 60 हज़ार करोड़ रुपये भी तुरंत जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि निसंदेह प्रधानमंत्री बाढ़ आने के 25 दिन बाद पंजाब का दौरा करने वाले हैं, लेकिन इस संबंध में अब तक उन्होंने एक भी शब्द नहीं कहा। पंजाब भवन में आज पत्रकारों से गोयल ने बाढ़ की स्थिति के मद्देनज़र देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संभावित पंजाब दौरे के लिए उनका स्वागत करते हुए कहा कि प्रारंभिक आकलनों के अनुसार लगभग 4 लाख एकड़ की फ़सलें पूरी तरह से तबाह हो गई हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि जल संसाधन विभाग के धुसी बांध कहीं नहीं टूटे, लेकिन पानी के ओवरफ्लो होने के कारण नुकसान वाले बांधों और अन्य नुकसान को ठीक करने के लिए पानी उतरने के बाद बड़े प्रोजेक्ट शुरू किए जाने हैं, उनके लिए भी फंड की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि सड़कों के टूटने के कारण मंडी बोर्ड को भी भारी नुकसान हुआ है। इसी तरह स्कूलों और कॉलेजों की लगभग 3300 इमारतें प्रभावित हुई हैं। इसके अलावा बिजली के हज़ारों खंभे गिर गए व ट्रांसफॉर्मर पानी में डूब गए हैं, इन नुकसानों की भरपाई के लिए तुरंत फंड की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार के साथ केंद्र सरकार द्वारा लगातार भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि देश के अन्य राज्यों को प्राकृतिक आपदाओं के समय तुरंत विशेष पैकेज की घोषणा की जाती है, लेकिन पंजाब के संबंध में केंद्र सरकार अब तक सिर्फ टीमों के जरिये रिपोर्टें ही हासिल कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अफ़ग़ानिस्तान के भूकंप पीड़ितों की मदद के लिए तो राहत सामग्री तुरंत भेज दी, लेकिन पंजाब के लिए अब तक केंद्र सरकार ने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा पिछले दिनों बाढ़ का जायज़ा लेने के लिए पंजाब दौरे के बाद बाढ़ के लिए माइनिंग को कारण बताने संबंधी दिए गए बेबुनियाद बयान से प्रदेश के जख्मों पर नमक ही छिड़का गया है। एक सवाल के जवाब में बरिंदर कुमार गोयल ने बताया कि पंजाब सरकार के पास इस समय आपदा प्रबंधन फंड में 13 हज़ार करोड़ रुपये हैं, लेकिन केंद्र सरकार की शर्तों के कारण प्रदेश सरकार को यह पैसा खर्च करने की अनुमति नहीं है।

# आआपा विधायक ने मुख्यमंत्री से की बाढ़ प्रभावित किसानों के लिए मुआवजा और राहत राशि की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के बुराड़ी से विधायक संजीव झा ने सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर के अपने विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित किसानों के लिए मुआवजा और राहत राशि की मांग की है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार भी किसानों को राहत राशि देती थी। संजीव झा ने पत्र में लिखा कि यमुना नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि और उसके कारण जलभराव से बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अतंर्गत दिल्ली के निचले इलाकों में किसानों की फसलें जलमग्न हो गई हैं। इस आपदा से कई किसान परिवारों की आजीविका पर गंभीर संकट आ गया है। झा ने लिखा है कि अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा के चलते किसानों की फसलें खराब हो गई हैं। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण से उनको मुश्किलों का सामना करने पड़ रहा है। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री से अपील की है कि प्रभावित किसानों की विशेष सर्वेक्षण टीम द्वारा तुरंत जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि बर्बाद हुई फसलों का आकलन कर किसानों को तात्कालिक मुआवजा और राहत राशि दी जाए। संजीव झा ने कहा कि पिछली सरकार ने भी ऐसी परिस्थितियों में किसानों को राहत प्रदान की थी। उन्होंने दिल्ली सरकार से उम्मीद जताते हुए कहा कि इस बार भी किसानों को समय पर सहायता मिलेगी।

# थानों से पुलिसकर्मियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के विरोध में वकीलों ने फिर शुरू की हड़ताल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के वकीलों ने पुलिस थानों से पुलिसकर्मियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बयान दर्ज कराने के नोटिफिकेशन के विरोध में सोमवार से दोबारा हड़ताल शुरू कर दी है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने अपने पुराने सर्कुलर में संशोधन करते हुए कहा है कि दिल्ली की अदालतों में किसी भी पुलिस अधिकारी का पुलिस थानों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये गवाही नहीं होगी, लेकिन दिल्ली के वकील इस आदेश को पूरी तरह रद्द करने की मांग कर रहे हैं। दिल्ली में वकीलों ने पुलिस थानों से ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये गवाही देने के अनुमति देने के उप-राज्यपाल के नोटिफिकेशन के खिलाफ करीब एक सप्ताह का न्यायिक बहिष्कार का आंदोलन किया था। वकीलों का आंदोलन न केवल कोर्ट परिसर में किया गया, बल्कि ये सड़कों पर भी देखा गया। वकीलों ने कई स्थानों पर उप-राज्यपाल का पुतला भी जलाया था। तब बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के चेयरमैन और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य मनन मिश्रा ने वकीलों से हड़ताल वापस लेने की अपील की थी। दिल्ली की निचली अदालतों के सभी बार एसोसिएशंस के संगठन कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ ऑल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट बार एसोसिएशंस ने 6 सितंबर को बैठक कर मनन मिश्रा के आग्रह को अस्वीकार करते हुए 8 सितंबर से फिर न्यायिक बहिष्कार आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया था। मनन मिश्रा ने कोआर्डिनेशन कमेटी को बीसीआई और दिल्ली बार काउंसिल (बीसीडी) के साथ संयुक्त बैठक में 8 सितंबर को आमंत्रित किया था। मनन मिश्रा ने तीन पेज का पत्र लिखकर कहा था कि उक्त बैठक में इस संबंध में स्पष्टीकरण दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा था कि बार को लोगों की नजर में मजाक का पात्र नहीं बनना चाहिए। छोटी-छोटी बातों को लेकर हड़ताल से बचना चाहिए। इसके पूर्व 28 अगस्त को दिल्ली पुलिस का एक पत्र आया था, जिसमें कहा गया था कि इस मसले पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से वकीलों के प्रतिनिधियों की बात होगी और तब तक पुलिस ठिकानों से वीडियो कांफ्रेंसिंग नहीं होगी। उसके बाद अमित शाह और वकीलों के प्रतिनिधियों के बीच 2 सितंबर को बातचीत भी हुई थी। वकील नेताओं के मुताबिक उस बैठक में अमित शाह ने भरोसा दिया था कि अभी पुलिसकर्मियों की गवाही कोर्ट रूम में सशरीर ही होगी। इस बीच, 4 सितंबर को दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर क्राइम देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने दिल्ली की सभी निचली अदालतों और उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को पत्र की प्रति भेजी है, जिसमें कहा गया था कि पुलिस थानों से केवल औपचारिक पुलिस गवाह की गवाही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये करायी जाएगी। पत्र में कहा गया था कि औपचारिक पुलिस गवाह के अलावा जो ठोस गवाह होंगे उनकी गवाही कोर्ट रुम में सभी पक्षों से बातचीत के बाद करायी जा सकती है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि इससे मामलों के तेजी से निपटाने में मदद मिलेगी और गवाहों के बयान जल्द दर्ज करने में मदद मिलेगी। पत्र में आगे कहा गया था कि अगर बचाव पक्ष के वकील किसी पुलिस गवाह का सशरीर बयान दर्ज करने की मांग करते हैं, तो उस पर कोर्ट फैसला करेगा। पत्र में कहा गया था कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 530 के मुताबिक सभी गवाही इलेक्ट्रॉनिक तरीके से कराने के प्रावधान का पालन हो सकेगा और न्याय व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने में मदद मिलेगी।



## अमृतसर में आठ किलो हेरोइन के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। सीमा पार के मादक पदार्थ-आतंकवादी नेटवर्क को एक बड़ा झटका देते हुए अमृतसर आयुक्तालय पुलिस ने पाकिस्तान से संचालित एक हेरोइन तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ कर 8.187 किलोग्राम हेरोइन बरामद किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि क्रमिक खुलासे और छापेमारी के बाद, स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) के कई मामलों में कुख्यात तस्कर सोनी सिंह उर्फ सोनी सहित पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा प्रारंभिक जाँच से पता चला है कि गिरोह ने तस्करी की खेप को नेटवर्क में आगे बढ़ाने के लिए होटलों का इस्तेमाल तस्करी के अड्डे के रूप में किया था। संचालकों, आपूर्ति श्रृंखलाओं और वित्तीय नेटवर्क की पहचान के लिए आगे और पीछे के संबंधों की जाँच की जा रही है।

## संजय सिंह ने मोहाली में अस्पताल में भगवंत मान से की मुलाकात

मोहाली। आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सदस्य संजय सिंह सोमवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से मोहाली स्थित फोर्टिस हॉस्पिटल में मिलने पहुंचे। श्री सिंह ने बताया कि श्री मान की तबीयत में अब काफी सुधार है। परिजनों से भी बातचीत हुई है, उनका कहना है कि मुख्यमंत्री जल्द ही सामान्य होकर लोगों के बीच वापस जायेंगे और उनकी सेवा करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि आज होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ सितंबर को होने वाले पंजाब दौरे पर कहा कि पंजाब को उसका हक दिया जाना चाहिए। राज्य को कम से कम 20,000 करोड़ रुपये की जरूरत है, ताकि बाढ़ प्रभावित पंजाब को फिर से हरा-भरा बनाया जा सके।

# प्रधानमंत्री के पूर्णिया आगमन की सफलता को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 सितम्बर को पूर्णिया आ रहे हैं। जहां पूर्णिया एयरपोर्ट के साथ नवनिर्मित अररिया गलगलिया रेल लाइन का उद्घाटन और कई ट्रेनों के परिचालन की शुभारंभ की साथ कई सौगात देंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कार्यक्रम को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पूर्णिया के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने रविवार देर शाम अररिया सर्किट हाउस पहुंचे। जहां उन्होंने भाजपा संगठन के पदाधिकारियों,विधायकों और समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। सर्किट हाउस पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत बुके,फूलमाला और अंग वस्त्र से किया।जिला अतिथिगृह में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में पूर्णिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के संदर्भ में तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया और संगठनात्मक तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा,आपदा प्रबंधन मंत्री विजय कुमार मंडल,संगठन मंत्री राधेश्याम शर्मा,जिला संगठन प्रभारी खोखा बाबू,उद्यमी आयोग के सदस्य आलोक उर्फ बमशंकर भगत,फारबिसगंज मुख्य पार्षद वीणा देवी,अररिया उप मुख्य पार्षद गौतम साह,अनूप जायसवाल,चिकित्सा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नागेश्वर यादव,विजय यादव,पूर्व विधायक देवयंती यादव,राजेंद्र यादव,कृष्ण कुमार सेनानी,नगर अध्यक्ष संजय कुमार अकेला सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षा मंत्री ने 'आओ अपने गाँव के स्कूलों को साफ़ करें' अभियान का शुभारंभ किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरसा नंगल (रूपनगर )। पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने सोमवार को सरसा नंगल स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से राज्यव्यापी अभियान 'आओ अपने गांव के स्कूलों को साफ़ करें' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी नागरिकों से इस पहल का सक्रिय समर्थन करने की अपील की। शिक्षा मंत्री ने बताया कि हाल ही में आई बाढ़ के कारण, पंजाब भर के लगभग 20,000 सरकारी स्कूल कई दिनों तक बंद रहे। ये स्कूल आज सफाई और पुनरुद्धार के लिए खोले गये, जबकि छात्र नौ सितंबर से कक्षाओं में लौटेंगे। सुरक्षित और स्वच्छ शिक्षण स्थल सुनिश्चित करने के लिए, सभी सरकारी स्कूलों में एक विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया है। श्री बैंस ने साथी विधायकों, पंचायतों, सरपंचों, युवा क्लबों, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों और स्थानीय स्वयंसेवकों से इस अभियान में पूर्ण सहयोग देने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि कुछ स्कूल, जो कई दिनों से बंद हैं, अब तत्काल सफाई और रखरखाव की आवश्यकता है। जलभराव, सुरक्षित पेयजल और अपशिष्ट निपटान जैसे मुद्दों का तुरंत समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई स्कूल भवन असुरक्षित प्रतीत होता है, तो इसकी सूचना बिना किसी देरी के उपायुक्त, एसडीएम या जिला प्रशासन के इंजीनियरिंग विंग को दी जानी चाहिए, क्योंकि शिक्षकों और छात्रों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# कानून व्यवस्था और जनसुविधाओं पर फोकस करें अधिकारी, मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**■ सेवा पखवाड़ा और स्वच्छता अभियान की विस्तृत तैयारी करने के निर्देश**



देहरादून। मुख्यमंत्री ने सोमवार को उच्चस्तरीय बैठक में आपदा प्रबंधन और जनसुविधाओं पर विशेष फोकस करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था में बाधा डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। अनधिकृत आधार कार्ड, वोटर आईडी और कनेक्शन जारी करने वालों पर नियमित कार्रवाई करने पर जोर देते हुए कहा कि बाहरी व्यक्तियों व संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाए। सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकिंग और सख्ती बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर कार्रवाई की जाए। सोमवार को सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और वर्चुअली माध्यम से जुड़े सभी जिलाधिकारियों को आपदा प्रबंधन, कानून व्यवस्था, पुनर्निर्माण कार्यों, पर्यटन एवं जनसुविधाओं से संबंधित व्यापक दिशा-निर्देश दिए। सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता को त्वरित राहत, सुरक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौवंश के संरक्षण के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बरसात समाप्त होते ही मरम्मत और पुनर्निर्माण के कार्यों के लिए प्रशासनिक मशीनरी एक्टिव मोड में कार्यरत रहे। वर्षा काल तक राहत सामग्री व ड्राई राशन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। आपदा प्रभावितों के ठहरने, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि फसलों, पेयजल लाइन एवं सरकारी संपत्तियों को हुए नुकसान का त्वरित आकलन कर शासन को रिपोर्ट भेजी जाए। नदी-नालों के पास निर्माण की अनुमति पर प्रतिबंध सख्ती से लागू किया जाए। प्रतिबंधों का अनुपालन न करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा प्रभावितों को मानकानुसार त्वरित सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी समय-समय पर अस्पतालों का निरीक्षण करें और विभिन्न व्यवस्थाओं का आकलन करें। डेंगू, मलेरिया और अन्य जलजनित रोगों से बचाव के लिए अस्पतालों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। सभी जिलाधिकारी अपने-अपने जनपदों में स्वास्थ्य विभाग की शीघ्र बैठक करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के बाद पुनर्निर्माण एवं इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यों में तेजी लाई जाए। सरकारी निर्माण कार्यों में स्थानीय मजदूरों को प्राथमिकता दी जाए। गांवों और शहरी क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि मानसून के बाद चारधाम यात्रा सतर्कता के साथ सुचारु रूप से संचालित हो। श्रद्धालुओं को खराब मौसम की जानकारी समय पर मिल जाए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक जनपद की मुख्यमंत्री घोषणाओं एवं चालू कार्यों की रिपोर्ट 15 दिनों में मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाए।

## जिसका खेत, उसका रेत योजना लागू करे पंजाब सरकार: जाखड़

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने मुख्यमंत्री भगवंत मान से राज्य की खनन नीति में तुरंत संशोधन करने और जिसका खेत, उसका रेत योजना लागू करने की मांग की है। श्री जाखड़ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के दौरान सोमवार को कहा कि पंजाब में आई बाढ़ ने किसानों को बहुत नुकसान पहुँचाया है। उन्होंने कहा, ''मैं खुद देख रहा हूँ कि पानी उतरने के बाद खेतों में भारी मात्रा में रेत जमा हो गयी है, जिससे किसानों के खेत बर्बाद हो रहे हैं। उन्होंने कहा पंजाब भाजपा मांग करती है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान अपनी खनन नीति में तुरंत संशोधन करें और 'जिसका खेत , उसकी रेत है' घोषित करें ताकि किसान अपनी ज़मीन पर पड़ी रेत का अपने हित में उपयोग कर सकें। उन्होंने कहा, ''अगर सरकार इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लेती है, तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि भाजपा अपने स्तर पर बाढ़ प्रभावित किसानों की पूरी मदद करेगी। हम किसानों के खेतों से रेत हटाने में हर संभव मदद करेंगे और वह रेत भी उसी किसान की होगी। श्री जाखड़ ने कहा कि भाजपा का स्पष्ट रुख है कि यह राजनीति का नहीं, बल्कि पंजाब के बाढ़ प्रभावित लोगों का दर्द बाँटने और उनके ज़ख्मों पर मरहम लगाने का समय है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063